
बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

# आचरण

वर्ष 39, अंक 280, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com | सागर, सोमवार | 5 जनवरी 2026

सुविचार



"अपना तन-मन अपने परिवार को देना चल जाएगा। अपना धन सगे संबंधियों को देना चल जायेगा। लेकिन अपना दिल ईश्वर के सिवाय किसी को मत देना।"

-मुनिश्री तरुण सागर महाराज



पेज-11: वैभव की कप्तानी में खेलेगी भारतीय टीम

## संक्षिप्त समाचार

### आज से मिलेंगे गणतंत्र दिवस परेड-2026 के टिकट



नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली परेड के लिए टिकटों की बिक्री का ऐलान कर दिया है। एक बयान के मुताबिक 77वें गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड, बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल और मुख्य बीटिंग रिट्रीट समारोह के टिकटों की बिक्री 5 जनवरी से शुरू होगी। बिक्री 14 जनवरी तक जारी रहेगी। टिकट रोज सुबह 9 बजे से तब तक खरीदे जा सकते हैं जब तक आवंटित कोटा खत्म नहीं हो जाता। टिकटों की कीमत 20 से 100 रुपए है। बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए टिकट 20 रुपए में जबकि बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपए है। टिकट aamantran.mod.gov.in के जरिए खरीदे जा सकते हैं। इधर, कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी विंग के जानवर परेड में शामिल होंगे। इनमें 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जास्कर टट्टू, 4 शिकारी पक्षी और 10 मिलिट्री डॉग शामिल हैं।

### संभल में 2 मस्जिदें, एक मदरसा तोड़ा गया



**संभल।** संभल में रविवार को दो अवैध मस्जिद और एक मदरसे को ढहा दिया गया है। पहला एक्शन- असमोली थाने के हाजीपुर में हुआ। यहां हाजीपुर गांव में बुलडोजर एक्शन से पहले ही एक मस्जिद को गांव के लोगों ने खुद ही तोड़ दिया। लोगों ने रातभर हथौड़े और छेनी से मस्जिद को ढहाया। मस्जिद 1339 वर्ग मीटर (डेढ़ बीघा) भूमि में बनी थी। सुबह जब प्रशासन की टीम पहुंची, तो वहां मस्जिद की जगह मलबा पड़ा हुआ था। यह देखकर तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- भगवान ने इन लोगों को सद्बुद्धि दी कि इन्होंने खुद-ब-खुद अवैध निर्माण को तोड़ लिया। प्रशासन ने करीब तीन घंटे में बुलडोजर से मलबा हटाया। दूसरा एक्शन भी हाजीपुर गांव में हुआ। मस्जिद से 500 मीटर दूर टीम मदरसा तोड़ने पहुंची। ढोल पिटवाकर मुनादी कराई गई।

### गणतंत्र दिवस से पहले राजस्थान में बॉर्डर से मौलवी पकड़ा

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के जिले जैसलमेर में एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (ङ्गस) ने संदिग्ध मौलवी को पकड़ा है। गणतंत्र दिवस से पहले हुई इस कार्रवाई ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। आतंकवादी गतिविधियों के खुफिया इनपुट के आधार पर टीम ने शनिवार को तनोट-किशनगढ़ क्षेत्र में कुरिया बेरी गांव में दबिश दी थी। मौलवी को जयपुर ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ होगी। सूत्रों के अनुसार, आतंकवादी गतिविधियों के शक में पकड़ा गया अली खान बीकानेर में छत्तरगढ़ तहसील का रहने वाला है। एटीएस पिछले कई दिनों से मौलवी अली खान पर नजर बनाए हुई थी।

### कर्नाटक में 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हुबली में 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। तीनों आरोपी भी नाबालिग हैं, वे पीड़ित के घर के पास ही रहते हैं। तीनों ने घटना को तब अंजाम दिया जब लड़की के माता-पिता घर से बाहर गए थे। वे पीड़ित को बहला फुसला कर सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ रेप किया, फिर वीडियो भी रिकॉर्ड किया। पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। उनके खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (POCSO) एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दो लड़के हाई स्कूल के छात्र हैं, जबकि तीसरा पढ़ाई छोड़ चुका है।

## झरोखा




## उत्तर कोरिया ने अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया

# अमेरिका मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करे : चीन

**काराकस**

चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना उन्हें कल वेनेजुएला की राजधानी काराकास से पकड़कर अमेरिका ले गई थी। चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा।



### अमेरिकी हमले में कई रिहायशी इमारतों को नुकसान

अमेरिकी हमलों के बाद वेनेजुएला के ला गुआइरा शहर में एक रिहायशी इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद इमारत का मलबा चारों तरफ बिखरा नजर आ रहा है। ला गुआइरा, वेनेजुएला की प्रमुख पोर्ट सिटी है और यह राजधानी कराकास के बेहद पास स्थित है। अमेरिकी ऑपरेशन के दौरान इस शहर को भी निशाना बनाया गया।

### वेनेजुएला में कार्रवाई से फायदा होगा : अमेरिकी रक्षामंत्री

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने वेनेजुएला में की गई कार्रवाई के बारे में डिटेल जानकारी दी।

- वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई 2003 के इराक युद्ध जैसी नहीं है, बल्कि उससे बिल्कुल उलट है। इसमें लंबी जंग या अमेरिकी सैनिकों की जान जाने के खतरे जैसा कुछ नहीं है।
- इस ऑपरेशन की प्लानिंग ही ऐसी थी अमेरिकी सैनिकों की जान खतरे में नहीं पड़ी।
- इस कदम से अमेरिका को आर्थिक फायदा मिलेगा, जबकि इराक युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।
- मादुरो की गिरफ्तारी का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया, बल्कि यह पूरी तरह से प्लानिंग के साथ की गई कार्रवाई थी।
- राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुरानी रणनीति को बदल दिया है, ताकि बिना अमेरिकी खून बहाए टारगेट हासिल किए जा सकें और अमेरिका को डायरेक्ट लाभ मिले।

## इंदौर के बाद गांधीनगर में दूषित पानी, 104 बच्चे बीमार

### अस्पताल में नए वार्ड खोलने पड़े; पाइप लाइन में लीकेज से पानी में सीवेज की गंदगी मिली



**गांधी नगर**

इंदौर के बाद अब गुजरात की राजधानी गांधीनगर में गंदा पानी पीने से पिछले तीन दिनों 104 बच्चे बीमार हो गए। इनमें से 50% बच्चों को टाइफाइड हुआ है। हालात इतने बिगड़े कि सिविल अस्पताल में बच्चों भर्ती करने के लिए नया वार्ड खोलना पड़ा। इंदौर की तरह यहां भी पीने के पानी की पाइप लाइन में सीवेज की गंदगी मिल रही थी। शहर के सेक्टर-24, 28 और आदिवाड़ा इलाके के लोग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रशासन ने पानी की सप्लाई जांची तो 10 जगह लीकेज मिले। स्मार्ट सिटी योजना के तहत करोड़ों की लागत से बिछाई गई नई पाइपलाइन में यह लीकेज थे। हालात की गंभीरता को देखते हुए 40 स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं, जो 10 हजार से ज्यादा घरों की जांच कर चुकी हैं। गृह मंत्री अमित शाह और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने भी मामले का संज्ञान लिया है।

# दुनिया में खून-खराबे के जिम्मेदार हम : राज्यपाल

### जबलपुर में रामायण कांफ्रेंस में कहा- शांति का संदेश नहीं दे पाए इसलिए बढ़ी हिंसा

**जबलपुर**

दुनिया में जारी खून-खराबे और हिंसा के लिए हम खुद काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश है, लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए। यह बात बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने जबलपुर में आयोजित चौथे वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह मानव संवेदना और करुणा का मामला है। इससे पहले राज्यपाल के



आगमन पर मानस भवन में राम-राम भजन से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने मंचासीन संत कल्याणदास जी महाराज के चरण स्पर्श किए। राष्ट्रगान के बाद संतों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। राज्यपाल ने कहा कि पूरी दुनिया शांति चाहती है, लेकिन इतिहास बताता है कि हर दौर में इंसानी खून सस्ता समझा गया।

### तमिलनाडु में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार

**चेन्नई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर पूरे भारत में कहीं सबसे भ्रष्ट सरकार है, तो दुर्भाग्य से वह तमिलनाडु में है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे साफ दिख रहा है कि अप्रैल 2026 में तमिलनाडु में NDA की सरकार बनने जा रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये बातें रविवार को तमिलनाडु के पुडुक्कोट्टई में प्रदेश BJP अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन की यात्रा के समापन समारोह के दौरान कहीं। उन्होंने इससे पहले रैली में आए लोगों से कहा कि मैं माफी चाहता हूं कि तमिल में नहीं बोल पा रहा। शह ने आगे कहा- मैं तमिलनाडु की पवित्र भूमि को प्रणाम करके अपना भाषण शुरू करता हूं।

# सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का है प्रतीक: सीएम

### मुख्यमंत्री, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम में हुए शामिल

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान श्रीमहाकाल और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हमारे प्रदेश में विद्यमान है और प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि, शिव शाश्वत हैं, हमारी आस्था अडिग है और सनातन की चेतना अमर है। सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था एवं भोपाल उत्सव मेला की सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के रवीन्द्र भवन-मुक्ताकाश परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल उत्सव मेला के मनमोहन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता माखन सिंह और राहुल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं। पंच महाभूतों से बने हमारे शरीर का शिव ही सनातन संस्कृति की मूल अवधारणाओं से परिचय कराते हैं। शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं। सनातन के विरोध का भाव रखने वाली संस्कृतियां, वर्तमान में स्वयं आतंरिक संकट से ग्रस्त हैं। जबकि सदैव विश्व के कल्याण की कामना करने वाली भारतीय संस्कृति, संसार को एक परिवार मानते हुए आगे बढ़ रही है।




# उत्तराखंड के गंगोत्री में तापमान -22°C

**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को तापमान शून्य से नीचे चला गया। उत्तरकाशी के गंगोत्री क्षेत्र में न्यूनतम तापमान माइनस 22 डिग्री पहुंचने से भागीरथी नदी जम गई।राजस्थान में रविवार को 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन पारा 0 डिग्री पहुंचा। मध्य प्रदेश के भोपाल में सर्दी के इस सीजन में पहली बार पूरे दिन घना कोहरा रहा। 11 शहरों में दिन का तापमान 20 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 15 दिन शीतलहर का अलर्ट है।



# ओडिशा के ढेंकनाल में पत्थर की खदान में चट्टान गिरी, दो लोगों की मौत

**ढेंकनाल**

पुलिस के मुताबिक खदान का पट्?टा सितंबर 2025 में खत्म हो गया था, फिर भी यहां खनन हो रहा था। ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ODRAF) की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि खदान के पास विस्फोट करने की परमिशन नहीं थी। जिला खनन कार्यालय ने 8 सितंबर 2025 को पट्टाधारक को नोटिस जारी कर खदान बंद करने का निर्देश दिया था।

**इंदौर घटनाक्रम** प्रदेशभर में कांग्रेस का घंटा बजाकर प्रदर्शन, हत्या हैं, मंत्री विजयवर्गीय और महापौर इस्तीफा दें

# इंदौर में जहरीले पानी से अबतक 16 मौतें

**इंदौर**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 16 मौतें हो चुकी हैं। 150 लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। अलग-अलग हॉस्पिटल के ICU में भर्ती लोगों को एक जगह शिफ्ट किया जा रहा है। शनिवार शाम 6 बजे के बाद ऐसे 12 मरीज बॉम्बे हॉस्पिटल के ICU में लाए गए। वहीं भागीरथपुरा इलाके में बोरिंग में भी लीकेज की जांच की जा रही है। रहवासी ललित ने बताया कि अभी पीने के पानी की सप्लाई टैंकर के जरिए ही की जा रही है। साफ पानी की मांग को देखते हुए अब गलियों में बिसलेरी से भरी गाड़ियां भी घूमने लगी हैं। वहीं रविवार सुबह से कांग्रेस प्रदेश भर में भाजपा विधायकों और सांसदों के बंगले के बाहर घंटा लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी सिलसिले में कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल में भाजपा सांसद आलोक शर्मा के बंगले के बाहर घंटा बजाते हुए पहुंचे। यहां




रघुपति राघव राजाराम... भजन गाया। मंदसौर में भी कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सांसद सुधीर गुप्ता के आवास का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान डिप्टी सीएम के बंगले के बाहर कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी नोक-झोंक हुई। कार्यकर्ता बैरिकेड लांघकर बंगले के गेट तक पहुंच गए। इधर कटनी में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के बंगले के बाहर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और नारेबाजी हुई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने हलका बल प्रयोग किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सामने डांस करते नजर आए। इस पर कांग्रेस नेता दिव्यांशु अंशु मिश्रा ने आरोप लगाया कि प्रदेश शोक में है और भाजपा जश्न मना रही है। शाम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन मौतों को हत्या करार दिया। उन्होंने इसके लिए इंदौर के प्रभारी मंत्री मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अधिकारियों का इस्तीफा मांगा। साथ ही 11 जनवरी से गली-गली जाकर जनता को जागरूक करने की बात कही।

# दिल्ली ब्लास्ट-हर आतंकवादी डॉक्टर के पास थी घोस्ट सिम

**नई दिल्ली**

दिल्ली में 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास हुए ब्लास्ट से जुड़े व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल के आतंकी डॉक्टरों ने घोस्ट सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था। इसके जरिए वे पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ कोऑर्डिनेट करते थे। PTI की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि आतंकी सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए डुअल-फोन प्रोटोकॉल फॉलो कर रहे थे। हर आरोपी के पास दो से तीन मोबाइल थे। शक से बचने के लिए इनके नाम पर रजिस्टर्ड एक क्लीन फोन होता था। दूसरा टेरर फोन था जिसके जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ वॉट्सएेप और टेलीग्राम पर बात करते थे। डिवाइस में फिजिकल सिम के बिना मैसेजिंग ऐप्स चलाने की सुविधा का फायदा उठाकर ही ये लोग डॉक्टरों को यूट्यूब के जरिए IED बनाना सिखाते और हमले का निर्देश दे रहे थे। जांच के खुलासे के बाद ही टेलीकम्युनिकेशंस डिपार्टमेंट (DoT) ने पिछले साल 28 नवंबर को निर्देश था कि वॉट्सएेप, टेलीग्राम और सिगनल के लिए एक्टिव सिम कार्ड का नियम लागू किया है। गौरतलब है कि लाल किले के पास कार विस्फोट मामले में 15 लोगों की जान चली गई थी। इसकी जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी कर रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

## आचार्य संघ के सभी प्रकल्प जल्दी पूर्ण हों : मुनिश्री



**सागर,आचरण।** आचार्य विद्यासागर महाराज की आशीर्वाद से पूरे भारत में चल रहे सभी प्रकल्पों को जल्दी पूर्ण करने का दायित्व पूरी जैन समाज का है सभी साधु इन प्रकल्पों को जल्दी पूरा करने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित करें यह बात मुनि श्री निष्काम सागर महाराज ने बाहुबली कॉलोनी में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर कहीं।मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के 56 वर्षीय जीवन काल में उन्होंने कभी किसी पर कटाक्ष नहीं किया और यही काम हमारे वर्तमान आचार्य श्री समय सागर महाराज जी कर रहे हैं गुरुदेव महाप्रयाण कर गए अब हम सब का दायित्व है कि पहले अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाए सागर में बन रहा सर्वतोभद्र जिनालय का कार्य भी तेज गति से चल रहा है इसे भी जल्दी पूर्ण करने के लिए सागर समाज दृढ़ संकल्पित है। भाग्योदय तीर्थ में बन रहा सर्वतोभद्र जिनालय पैसों से नहीं बल्कि सागर की जनता के भावों से बन रहा है बाहुबली कॉलोनी में चल रहे सिद्धचक्र विधान में 256 अर्घ चढ़ाए गए। मुकेश जैन ढाना ने बताया की डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की स्मृति में बन रहे समाधि मंदिर में सागर से ऋषभ बांदरी, दिनेश बिलहरा, ब्रा मोनिका दीदी, ब्रा संध्या दीदी, श्रीमती साधना सिंघई, गौरव जैन अशोक नगर ने लगभग 11 लाख रुपए की राशि अलग-अलग दान में बोली। रानू जैन फ्यूल क्लब ने सर्वतोभद्र जिनालय में एक बड़ी प्रतिमा विराजमान करने की घोषणा की।

## मालथौन निवासी पद्मश्री,राजाराम जैन का निधन



**सागर,आचरण।** बुंदेलखंड गौरव मालथोन के मूल निवासी पद्मश्री,अटल सम्मान और अन्य सम्मान प्राप्त पांडुलिपियों के संपादन और अनुवाद विशेषज्ञ प्रो राजाराम जैन का निधन नोएडा में हो गया है। प्रोफेसर राजाराम जैन, एक प्रतिष्ठित भारतविद, एपिग्राफिस्ट, असाधारण लेखक तथा प्राकृत, पाली, अपभ्रंश, संस्कृत और हिंदी साहित्य के प्रखर विद्वान हैं। वह 64 वर्षों से अधिक समय से प्राचीन और मध्यकालीन भारतीय पांडुलिपियों के जीर्णोद्धार, अनुसंधान, संकलन और अनुवाद के कार्य में समर्पित भाव से लगे हुए थे। 95 वर्ष में निधन हो गया। वे सागर के पास मालथोन के थे। यह जानकारी जिनवाणी संरक्षण और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ संजीव सराफ ने दी।



**सागर,आचरण।** 28 से 30 दिसंबर तक कोलकाता पश्चिम बंगाल में ताइक्वांडो ओपन नेशनल की प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें मध्य प्रदेश से इमानुएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सागर स्कूल के कक्षा 9वी के छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने जूनियर 17 वर्ष में 73 kg में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया । इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य आनंद गुप्ता उप्राचार्य श्रीमती वंदना जूडा संस्था के पीटीआई धर्मेंद्र वर्मा एवं समस्त स्टाफ में बधाई दी।

# कड़ाके की ठंड के चलते स्कूलें सुबह 9:30 बजे से पहले नहीं लगेंगी

**आचरण संवाददाता**

सागर। सागर जिले में कड़ाके की ठंड और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, जिले के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। अब कोई भी स्कूल सुबह 9:30 बजे से पहले संचालित नहीं किया जा सकेगा।

### ठंड के प्रकोप को देखते हुए लिया गया फैसला

पिछले कुछ दिनों से जिले में शीत लहर और न्यूनतम तापमान में आई भारी गिरावट के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही थी। अभिभावकों और नागरिक समूहों द्वारा भी सुबह की अत्यधिक ठंड को देखते हुए स्कूलों का समय बढ़ाने की मांग की जा रही थी। इसी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए, जिला कलेक्टर के अनुमोदन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आज दिनांक 04 जनवरी 2026 को यह आधिकारिक आदेश जारी किया।

### सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा नियम

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियम सागर जिले में संचालित होने वाले सभी शासकीय, अशासकीय , सी.बी.एस.ई. अनुदान प्राप्त और अन्य सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। आदेश के अनुसार, नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं किसी भी स्थिति में सुबह 9:30 बजे से पूर्व शुरू नहीं की जाएंगी।

### तत्काल प्रभाव से लागू हुए निर्देश

प्रशासन ने आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संकुल प्रभारियों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश की प्रतियां आयुक्त (लोक शिक्षण), सागर संभाग के आयुक्त, जिला कलेक्टर और अन्य संबंधित विभागों को भी सूचनार्थ भेज दी गई हैं।




## परीक्षा की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

सागर,आचरण। कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में 5 जनवरी 2026 को प्रातः 11.00 बजे रवीन्द्र भवन, सागर में परीक्षा की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही विगत वर्ष 2025 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषयवार एवं शिक्षकवार परीक्षाफल की जानकारी पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। निःशुल्क साइकिल वितरण 2025 अंतर्गत विद्यार्थियों को साइकिल वितरण एवं चेसिस नंबर की प्रविष्टि की समीक्षा की जाएगी।
एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर असफल बैंक खातों, मैपिंग, प्रोफाइल अपडेट एवं स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। कक्षा 9वीं एवं 11वीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षा की तैयारी की पूर्व समीक्षा, विमर्श पोर्टल पर एमआईएस एवं शिक्षक प्रविष्टि, तथा एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रविष्टि की भी समीक्षा की जाएगी।

# सनराइजर्स मेडिक्स ने जीता आईएमए क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 का खिताब

## हर टीम में शामिल थी एक महिला खिलाड़ी



**आचरण संवाददाता**

सागर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर ने नए साल की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। आईएमए द्वारा आयोजित वार्षिक क्रिकेट प्रीमियर लीग में शहर के चिकित्सकों ने स्टेथोस्कोप को कुछ समय के लिए एक तरफ रखकर बैट और बॉल थाम ली और मैदान पर जमकर धमाल मचाया। इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें उतरीं। जिसमें सनराइजर्स मेडिक्स, चैतन्य टाइटंस, बाहुबली, व्हाइट कोट वॉरियर्स, एवेंजर्स, धुरंधर, गुमक्कड़, डीएच डेयरडेविल्स शामिल रहीं। फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स मेडिक्स और डीएच डेयरडेविल्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स मेडिक्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जबकि डीएच डेयरडेविल्स को रनर-अप रहकर संतोष करना पड़ा। इन मैचों की विशेषता ये रही की हर टीम में एक महिला खिलाड़ी होना ज़रूरी था और उसके द्वारा एक ओवर बैटिंग और एक ओवर बॉलिंग अनिवार्य था। इससे महिला आईएमए मेंबर्स की सहभागिता काफ़ी अहम हो रही। समापन समारोह में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम डॉक्टर दूसरों की सेहत सुधारने में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं। लंबे-लंबे घंटे अस्पताल में बिताते हैं, लेकिन अक्सर अपनी सेहत और व्यायाम की अनदेखी कर बैठते हैं। ऐसे आयोजन हमें याद दिलाते हैं कि नियमित व्यायाम और संतुलित आहार हमारे लिए भी उतना ही जरूरी है जितना हम अपने मरीजों को सलाह देते हैं। उन्होंने रविवार 18 जनवरी 2026 को होने वाले मैराथन के लिए सभी सागर वासियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे और सभी ने मैदान पर डॉक्टरों की फिटनेसए टीमवर्क और जोश की भरपूर सराहना की। आईएमए सागर ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से न केवल डॉक्टरों के बीच भाईचारा बढ़ाता है। बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है।



### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने किया मॉडलों का प्रदर्शन

**सागर,आचरण।** जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन माध्यमिक साल गणेश मंदिर में किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र अंतर्गत स्कूलों के विद्यार्थियों ने विज्ञान के अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल क्रमांक 2 की प्रभारी प्राचार्य भारत भूषण तिवारी थे। विज्ञान प्रदर्शनी में शिक्षक आलोक गुप्ता रजनीश यादव, क्षमा पांडे, प्रवीण जैन, प्रभात तिवारी, जे जे केसवर, राम सिंह अहिरवार, स्वाति समईयामहेश राय, किरण ठाकुर, संजीदा परवीन, सुनीता अहिरवार आदि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। चुनिंदा मॉडलों का जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सागर,आचरण।** कैन्ट थाना में आने वाले ग्राम कुड़ारी के पास रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेन्स से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह करीब सवा 6 बजे ग्राम कुड़ारी के घाटी के पास हुए सड़क हादस में ग्राम मेहर थाना बांदरी निवासी रूद्रप्रताप उर्फ आदर्श पिता राजेन्द्र सिह राजपूत 22 वर्ष की मौत हो गई। मृतक के चाचा फरियादी चार्ली उर्फ राजाभैया पिता मुलायमसीग राजपूत ने पुलिस को बताया कि मृतक सागर से मेहर आ रहा था।

# देश संविधान से चलता है , कानून के समक्ष सब बराबर हैं : रघु ठाकुर

**आचरण संवाददाता**

सागर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 25 दिसंबर 2025 को ड्यूटी के दौरान माना थाना के प्रभारी मनीष तिवारी ने धीरेंद्र शास्त्री के पैर पड़ने को लेकर छत्तीसगढ़ शासन नमनीष तिवारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है । मनीष तिवारी ने जूता टोपी उतार कर ड्यूटी के दौरान धीरेंद्र शास्त्री के पैर छुए थे, इसका वीडियो जारी हुआ है । इसको लेकर कुछ लोग माना के थाना प्रभारी का विरोध कर रहे थे। धीरेंद्र शास्त्री ने मनीष तिवारी का बचाव करते हुए कहा कि यह आस्था बनाम अनुशासन की गलत व्याख्या है। वर्दी के भीतर इंसान होता है उसकी भी आस्था है, कोई अपने पिता ,माता, गुरु को प्रणाम करता है तो वह गलत कैसे हो सकता है? क्या वर्दी पहनने के बाद इंसान अपनी धार्मिक और व्यक्तिगत आस्था खो देता है। यह बात रघु ठाकुर ने कही उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री का मनीष तिवारी के बचाव में दिया गया बयान संविधान की भावना और पुलिस की सेवा शर्तों और अनुशासन के नियमों के खिलाफ है। एक व्यक्ति जब सरकार की नौकरी मे भर्ती होता है तो वह सेवा शर्तों के नियमों को स्वीकार करता है और ड्यूटी के दौरान उसकी निजी आस्थाओं की तुलना में सेवा शर्त और अनुशासन ज्यादा महत्वपूर्ण और बाध्यकारी होता है। अगर धीरेंद्र शास्त्री मनीष तिवारी के घर जाएं और वे उनके पैर पडे तो उनकी आस्था जायज होगी , परंतु ड्यूटी पर रहते हुए आस्था सेवा शर्तों के नियमों और अनुशासन से ऊपर नहीं हो सकती क्योंकि ड्यूटी के दौरान और पुलिस वर्दी पहनकर पुलिस अधिकारी या कर्मचारी पहले पुलिस वाला होता है। आस्थाएं रिश्ते माता-पिता गुरु का सम्मान यह निजी रिश्ते हैं जो सेवा के अतिरिक्त प्रभावी हो सकते हैं ।

धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा उनका वैधानिक दायित्व है और उसे उन्हें निभाना चाहिए। मनीष तिवारी को अपनी भूल स्वीकार करना चाहिए और विभागों के अधिकारियों और शासन को अपनी त्रुटि स्वीकार कर ,ऐसी त्रुटि दुबारा नहीं होगी ऐसा वचन देना चाहिए ।मुझे उम्मीद है कि अगर वे ऐसा करेंगे तो शासन अपनी कार्रवाई पर पुनर्विचार करेगा । धीरेंद्र शास्त्री जी को याद रखना चाहिए कि अभी देश में संविधान का राज्य है, उनकी कल्पना का हिंदू राष्ट्र अभी नहीं बना है । कानून के समक्ष सभी बराबर हैं। हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई चाहे किसी भी धर्म का क्यों न हो।



### विधायक लारिया ने 125 लोगों को कराई भाजपा की सदस्यता ग्रहण

**सागर,आचरण।** मकरोनिया नरयावली क्षेंत्र के विधायक प्रदीप लारिया के नैतृत्व में मकरोनिया नगर पालिका के वार्ड नं. 15 से करीब 125 लोगों ने भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर और विधायक लारिया के विकास कार्यो से प्रेरित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अगुवाई में लोग गाजे बाजे के साथ रजाखेड़ी स्थित विधायक प्रदीप लारिया के कार्यालय पहुंचे। यहां 125 लोगों ने नये वर्ष पर भाजपा का दामन थाम लिया। विधायक द्वारा भाजपा परिवार में शामिल हुये नये सदस्यों को पुष्प् माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर आत्मीय स्वागत किया, इन नये सदस्यों ने बिना किसी भेदभाव के समाज सेवा करने तथा पार्टी के विधान को मानने का संकल्प दुहराया और विधायक लारिया के मार्फत भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर एकात्म मानववाद के सिद्धांत का समर्थन किया। इस अवसर पर श्री लारिया ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के हित में महत्वकांक्षी योजनाऐं संचालित की है, भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण बडी संख्या में नये सदस्यों ने संकल्प के साथ विकास के पथ पर चलने के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

### सागर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर,आचरण।** विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन इंदौर में किया गया। इसमें प्रदेशभर से चयनित 270 विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। सागर जिले से राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित इंस्पायर अवार्ड मॉडल 2023-24 के चार एवं 2024-25 के चार चयनित विज्ञान मॉडल में राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवार्ड मानक चयन प्रतियोगिता हेतु श्रीमती कृष्णा साहू जिला दल प्रभारी के नेतृत्व में इंदौर में सम्मिलित हुए।
इनमें एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चितौरा की छात्रा सोनिका कोरी मॉडल जहरीली कीड़े पकड़ने का मल्टीपरपज यंत्र मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती कृष्णा साहू के मार्गदर्शन में बनाया जिसकी जिला स्तर की प्रदर्शनी के अवसर परमंत्री गोविंद सिंह राजपूत विधायक शैलेंद्र जैन, जिला कलेक्टर ने प्रशंसा थी और राज्य स्तर पर भी भूरी भूरी प्रशंसा की गई। अन्य मॉडल में शासकीय माध्यमिक शाला की कुसमी केसली साक्षी लोधी द्वारा बैग लेस योजना पर आधारित बस्ते का बोझ कम करने के लिए मल्टी फक्शन बैग, सचिन लोधी ने स्मार्ट रोड ट्रैफिक सेफ्टी सिस्टम रोड सेफ्टी एंड एक्सीडेंट प्रवेंशन मार्गदर्शी शिक्षक राजेश कुमार नेमा के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। संदीपनी उ मा वि गढ़ोला जागीर खुरई की अवॉर्डी छात्रा निर्ती लोधी ने एडजस्टमेंट टू द बेस आफ वॉटर टैंक मार्गदर्शी शिक्षक मनोज कोरी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया।

## तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर स्थायी मार्केट निर्माण कराने की मांग की



**आचरण संवाददाता**

सागर। महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी को तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उनके लिए स्थायी तिब्बती मार्केट का निर्माण किया जाए। ज्ञापन में लेख किया गया है कि तिब्बती भाई-बहन जो लगभग 47 वर्षों से चार माह तक सागर में गर्म कपड़ा व्यापार करने प्रतिवर्ष आ रहे हैं. भारत सरकार की नीति अनुसार इन्हें स्थायी तिब्बती मार्केट निर्माण कराके उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को परम पावन दलाईलामा को नोबेल पुरस्कार मिलने की खुशी में आयोजित समारोह में आश्वासन दिया था कि एमआईसी की बैठक में इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाकर तिब्बतियों को स्थायी मार्केट निर्माण कराया जाएगा ताकि वे शान्ति, सहिष्णुता के साथ निर्वाध रूप से ठण्ड में गरम कपड़ों का व्यवसाय कर सकें । अतः अनुरोध है कि वर्ष 2026 में तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ को अपना सुगमता पूर्वक व्यापार करने हेतु दिए गए आश्वासन की प्रतिपूर्ति हेतु स्थायी तिब्बती मार्केट निर्माण कराके अनुग्रहीत करने का कष्ट करें।

महापौर ने तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ को आश्वस्त किया कि उनके व्यापार करने हेतु स्थायी मार्केट के लिए जो भी आवश्यक कार्रवाई होगी नगर निगम द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ के प्रतिनिधि ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

# ननिकर्मियों का अनोखा आंदोलन: वेतन के लिए मंदिर-मजार से होते-होते चर्च तक पहुंचे

**आचरण संवाददाता**

सागर। नगर निगम में वेतन और लंबित मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से चल रहा कर्मचारियों का आंदोलन अब एक अनोखे मोड़ पर पहुंच गया है। अधिकारियों की बेरुखी से परेशान निगम कर्मी अब मंदिर, मजार और गुरुद्वारे के बाद रविवार को चर्च पहुंचे। यहाँ उन्होंने नगरीय विकास एवं आवास विभाग सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को 'सदबुद्धि' प्रदान करने और अपना हक दिलाने की प्रार्थना की।

### वेतन के लिए सातवें दिन चर्च में प्रार्थना की

नगर निगम कर्मचारी संघ और कर्मचारी कल्याण मोर्चा के नेतृत्व में गांधीवादी तरीके से किए जा रहे इस आंदोलन के सातवें दिन रविवार को तहसीली स्थित ज्योति भवन (ईएलसी चर्च) पहुंचे। यहाँ कर्मचारियों ने सामूहिक प्रार्थना की और कहा कि प्रशासन को उनकी जायज मांगों पर ध्यान देने की प्रेरणा मिले। कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत और मोर्चा अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, यह शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा।

### कर्मचारियों को नवंबर से वेतन नहीं मिला

नगर निगम के कर्मचारियों को पिछले नवंबर और दिसंबर माह का वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं। प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना।
लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को पूर्ण करना और एरियर्स का भुगतान।एनपीएस और जीपीएफ की राशि समय पर खातों में जमा करना।
रिक्त पदों पर नियमितीकरण और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों का भुगतान।

### इधर आर्थिक संकट से जूझ रहा ननि

नगर निगम की वित्तीय स्थिति इस समय काफी नाजुक नजर आ रही है। सीवर प्रोजेक्ट, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और विकास कार्यों की लोन किस्तों के बोझ के साथ-साथ वेतन का मासिक खर्च करीब 3 करोड़ रुपये है। चुंगी क्षतिपूर्ति के रूप में मिलने वाले करीब 5 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा प्लेसमेंट कर्मचारियों (लगभग 150-200 लोग) के वेतन पर खर्च हो रहा है, जिसका मासिक भार करीब 1 करोड़ रुपये है।



### मंदिर से चर्च तक विरोध का धार्मिक मार्ग

अपनी मांगों को अनसुना होता देख कर्मचारियों ने अब ज्ञापन अधिकारियों को देने के बजाय धार्मिक स्थलों पर रखना शुरू कर दिया है। मंगलवार को हनुमान मंदिर, शुक्रवार को मजार और शनिवार को गुरुद्वारा साहिब जाने के बाद आज रविवार को ईएलसी चर्च में अधिकारियों की सदबुद्धि हेतु प्रार्थना की गई। आगामी 5 जनवरी को सभी कर्मचारी नया बाजार स्थित बाल्मीकि मंदिर जाकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

### आंदोलन में ये रहे शामिल

इस अवसर पर नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, संघ के पदाधिकारी सईद उद्दीन कुरैशी एवं आनंदमंगल गुरु ने नेतृत्व किया। साथ ही वर्षा समद, देवकुमार चौबे, कुलदीप बाल्मीकि, धर्मेन्द्र बन्टू बोहरे, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, संयम चतुर्वेदी, जावेद खान, जयंती, रविशंकर श्रीवास्तव, अनिल दुबे, राजेश नापित, प्रकाश ताम्रकार और प्रकाश मिश्रा सहित नगर निगम की सभी शाखाओं के बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी - रवींद्रनाथ ठाकुर

## राष्ट्रवादी भावना की प्रतिध्वनि है 'धुरंधर'

**वर्षों** से भारतीय सिनेमा का दर्शकों से रिश्ता टूट गया था। सिनेमा के हमारे नैतिक अभिभावक भांप ही नहीं पा रहे थे कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं? देशभक्ति को या तो नेपथ्य में रखा जाता था या इसे पुराना विषय माना जाने लगा था। 'धुरंधर' ने इस परिदृश्य को बदल दिया। राष्ट्रवाद के उभार को 'धुरंधर' में वह आत्मविश्वास मिला, जिसमें किसी का अपमान नहीं है, न ही इस गर्व में कोई पूर्वाग्रह है। इसके दर्शक भी उतने ही परिष्कृष्त हैं, जो देशभक्ति की प्रशंसा तो करते हैं, पर नफरत नहीं फैलाते। इस साल का अंत रुपहले पर्दे पर एक गर्जन के साथ हो रहा है और इसकी प्रतिध्वनि बाकी सब को परिभाषित कर रही है। 'धुरंधर' की सफलता सिर्फ सिनेमाई नहीं, बल्कि सभ्यतागत सफलता भी है। इसने सिर्फ रिकॉर्ड नहीं तोड़े, इसने देश का भावनात्मक लहजा भी तय किया है। जब दर्शक इसकी सफलता पर अभिभूत होकर खड़े हुए, तब वे सिर्फ इस फिल्म के क्राफ्ट का आनंद नहीं मना रहे थे, वे उस भावना पर भी मुहर लगा रहे थे, जो लंबे समय से स्वर की तलाश में थी। रिलीज होने के 21वें दिन 'धुरंधर' ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये का कीर्तिमान छू लिया और इस साल की सबसे अधिक कमाने वाली सर्वकालीन पांच फिल्मों की श्रेणी में शामिल हो गई। यह उपलब्धि बताती है कि भारत का राष्ट्रवादी मूड राजनीति से लोकप्रियतावादी कल्पना में शिफ्ट हो गया है और फिल्मों के दर्शक देश के भावनात्मक विमर्श का अनुकरण करने के बजाय उसे दिशा दे रहे हैं। देश के जिस सबसे बड़े उद्योग पर लंबे समय तक उधारी का लहजा और महानगरीय सूत्रों का आरोप लगता था, वह एकाएक राष्ट्रवादी मूड की प्रतिध्वनि बन गया है, जिस कारण से यह उपलब्धि और महत्वपूर्ण हो गयी है, यह दरअसल वह इकोसिस्टम है, जिसका खुलासा इसने किया है। पूरे 2025 में बॉलीवुड में ब्लॉकबस्टर्स का इंतजार किये बगैर लगातार शानदार भूमिकाएं सामने आयीं। अकेले इस साल के पूर्वार्ध में 17 फिल्मों ने घरेलू बाजार में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया, जबकि 2024 के पूर्वार्ध में ऐसी 10 फिल्में ही आयी थीं। दशकों तक हिंदी सिनेमा का सालाना चक्र इस तरह था कि दो या तीन हिट फिल्मों से पूरे साल का दबाव निकल आता था। जिन्होंने अपनी मौलिकता, भावनात्मक ईमानदारी और उन मुद्दों को संबोधित करने की इच्छाशक्ति का परिचय दिया, जो फिल्म आलोचकों की सोच के बजाय दर्शकों की इच्छाओं से जुड़ी हैं। पहले ही सप्ताह से 'धुरंधर' ब्लॉकबस्टर से ज्यादा ही कुछ साबित हुई। इसके विज्ञापन, इसकी कहन शैली, इसके संवाद और दर्शकों से इसके जुड़ाव ने एक ऐसा माहौल तैयार किया, जो अद्भुत और शानदार था। इसने साबित किया कि देशभक्ति की भावना भौगोलिक और जनसांख्यिकीय सरहदों के पार तक पहुंचती है। वर्ष 2025 में 'धुरंधर' की सफलता इसलिए भी उल्लेखनीय है, क्योंकि फिल्म पटकथाओं में इस साल महत्वपूर्ण बदलाव दिखायी पड़ा। फरवरी में विलक्षण मराठा योद्धा संभाजी के जीवन पर आधारित विकी कौशल की 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस में 600 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। 'छावा' ने बताया था कि भारत का इतिहास और भारतीय नायक अब हाशिये के नहीं, मुख्यधारा के लोकप्रिय विषय हैं। 'धुरंधर' ने इसे ही सिनेमैटिक क्राफ्ट में प्रतीकात्मकता के साथ दिखाया है। फिल्म की शुरुआत एक सुस्पष्ट सैन्य कार्रवाई से हुई, जो इस जोश को जज्बा देते हुए आगे बढ़ती रही। रुपहले पर्दे पर लंबे समय से व्यंग्य और नैतिक ऊहापोह के अभ्यस्त दर्शकों को इस स्पष्टता ने राहत दी। 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर सिक्का जमाने से ज्यादा कुछ किया है। यह 2025 में भारत के राष्ट्रवादी बदलाव का सांस्कृतिक उत्प्रेरक बनी है। इसकी प्रतिध्वनि सिनेमा से परे राजनीति, मीडिया, और यहां तक कि दैनिक बातचीत में गूंजती है। इसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को याद दिलाया है कि कला और मानक से समझौता किये बगैर भी फिल्में देश की सामाजिक भावना से जुड़ सकती है। इसने मूड को आंदोलन में और आंदोलन को मुख्यधारा में रूपांतरित कर दिया है, अब जब 2026 की शुरुआत हो चुकी है , तब 'धुरंधर' की प्रतिध्वनि रचनात्मक कल्पना को आकार देती रहेगी। हालांकि यह भावना इसकी शैलीगत गहराई में विकसित होगी या सिर्फ शोर में तब्दील हो जायेगी, यह देखना शेष है, लेकिन एक चीज तो तय है। 2025 वह वर्ष रहा, जब बॉलीवुड ने नकली वैश्विक आवाजों का अनुकरण करने के बजाय अपनी बात कहनी शुरू की। 'धुरंधर' के जरिये भारतीय सिनेमा ने विश्वास करने के अधिकार को फिर से हासिल किया है और ऐसा करते हुए इसने इस देश को साहस का अनुभव करने के बारे में फिर से बताया है।

## तेल आयात बिल का घटना

**भारत** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा पैट्रोलियम तेल आयात करने वाला देश है अतः इसका आयात बिल भी इसके कुल वार्षिक बजट का 40 प्रतिशत के आसपास जाकर बैठता है। मगर बीते ताजा वर्ष 2025 में भारत का तेल आयात बिल 12 प्रतिशत घटा है जबकि इसने पिछले वर्ष की इतनी ही अवधि में किये गये आयात के मुकाबले 2.4 प्रतिशत अधिक पैट्रोलियम उत्पादों का आयात किया। यह सब इस हकीकत के बावजूद हुआ कि डालर की कीमत रुपये के मुकाबले लगातार बढ़ी। ऐसा इसलिए संभव हो पाया क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट रही। कच्चे तेल की कीमतों में आयी गिरावट का असर यह रहा कि भारत के घरेलू बाजार में पैट्रोल व डीजल की कीमतों में स्थिरता रही जिससे अर्थ व्यवस्था के मानकों पर सकारात्मक प्रभाव रहा। कच्चे तेल के आयात बिल के घटने से भी विदेशी मुद्रा खर्च पर विपरीत असर नहीं पड़ा और भारत में इस मोर्चे पर सहजता बनी रही। अतःबीता वर्ष, 2025 तेल के मोर्चे पर खुशनुमा माहौल छोड़ कर गया है। भारत की विदेशी मुद्रा सर्वाधिक रूप से कच्चे तेल व स्वर्ण आयात पर खर्च होती है। सोने के आयात में भी पूरी दुनिया में भारत का नम्बर प्रथम तीन देशों में आता है। हालांकि स्वर्ण आयात मोर्चे पर डालर की कीमतों में वृद्धि की वजह से विदेशी मुद्रा खर्च पर विपरीत असर पड़ रहा है परन्तु तेल आयात के मोर्चे पर सहजता आने से भारत को कुछ राहत मिली है। वर्ष 2025 के अप्रैल से लेकर नवम्बर महीने तक भारत ने कुल 80.9 अरब डालर के मूल्य का तेल व पैट्रोलियम उत्पाद (प्राकृतिक गैस सहित) आयात किया जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इतनी ही आठ महीने की अवधि के दौरान इसने 91.9 अरब डालर के मूल्य का तेल आयात किया था। ये आंकड़े भारत सरकार के पैट्रोलियम मंत्रालय ने जारी किये हैं। वर्ष 2025 के इन आठ महीनों के दौरान भारत ने कुल 16 करोड़ 34 लाख टन तेल का आयात किया जबकि इससे पिछले वर्ष की इतनी ही अवधि के दौरान इसने 15 करोड़ 95 लाख टन तेल का आयात किया था। इस प्रकार जहां तेल आयात की मिकदार में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहीं इसकी कुल कीमत में 12 प्रतिशत की कमी हुई। भारत में जितने भी पैट्रोलियम पदार्थों की खपत होती है उनकी 88 प्रतिशत आपूर्ति आयात के जरिये ही की जाती है क्योंकि देश में अपने तेल उत्पादन की क्षमता बहुत कम है। मुश्किल से 12 प्रतिशत तेल की आपूर्ति ही घरेलू उत्पादन से हो पाती है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस दौरान कच्चे तेल की कीमतों में जो नरमी देखने को मिली उसका प्रभाव सीधे भारत की तेजी से विकास कर रही अर्थ व्यवस्था पर देखने को मिला। तेल उत्पादक देशों ने अपने उत्पादन में किसी प्रकार की कमी नहीं की उल्टे इसे बढ़ाया। मगर भारत में तेल की खपत में इस दौरान वृद्धि दर्ज हुई जो 15 करोड़ 80 लाख टन से बढ़कर 16 करोड़ 2 लाख टन हो गई। वर्ष 2025 के आठ महीनों के दौरान घरेलू तेल उत्पादन से कुल एक करोड़ 83 लाख टन पैट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन किया गया। इस क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता 11.4 प्रतिशत हो गई जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले बेहतर थी। भारत की मोदी सरकार वर्ष 2015 से ही कोशिश कर रही है कि तेल के मामले मे भारत की निर्भरता आयात पर घटे मगर इसके विपरीत यह लगातार बढ़ती ही जा रही है। वर्ष 2015 में भारत अपनी कुल खपत का केवल 77 प्रतिशत तेल ही आयात करता था तब मोदी सरकार ने लक्ष्य निर्धारित किया था कि 2022 तक इसे घटा कर 67 प्रतिशत कर दिया जाये मगर ऐसा संभव नहीं हो सका और आयात निर्भरता उल्टे 80 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गई। इसका मुख्य कारण भारत में पैट्रोलियम उत्पादों की लगातार मांग बढ़ने की वजह से ही है। जहां तक प्राकृतिक गैस का सवाल है तो इसके आयात बिल में वर्ष 2025 के आठ महीनो में 11.5 प्रतिशत की कमी देखी गई। भारत ने कुल 9.2 अरब डालर मूल्य की गैस आयात की। इस दौरान गैस का आयात 9 प्रतिशत घटा। इस दौरान भारत में गैस की औद्योगिक मांग घटी। वैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस के दाम भी बहुत ऊपर नीचे होते रहे। कुल मिला कर बीता वर्ष पैट्रोलियम आयात के मोर्चे पर भारत का बिल कम करके गया है मगर चिन्ता की बात यह है कि भारत तेल के मामले में अपना घरेलू उत्पादन नहीं बढ़ा पा रहा है जबकि इसकी मांग में प्रतिवर्ष वृद्धि दर्ज हो रही है।

### उनकी शिक्षा आज भी फल-फूल रही है, लोग उनकी दी हुई शिक्षा का पालन आज भी कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे

जयंती पर विशेष

## परमहंस योगानंद जी जिन्होंने पूरे विश्व में किया क्रिया योग का प्रचार-प्रसार

**परमहंस योगानंद जी का जन्म 5 जनवरी, 1893 को गोरखपुर उत्तर प्रदेश में हुआ था। गोरखपुर भारत के उत्तर में है और महान संत गोरक्षनाथ जी के साथ जुड़ा हुआ है जो कि वहां10 वीं - 12 वीं शताब्दी में रहते थे। योगानंद का पालन-पोषण एक धर्मनिष्ठ हिंदू परिवार में हुआ। कम उम्र में, योगानंद की मां का निधन हो गया और इसने युवा मुकुंद को गहरे दुख में धकेल दिया। हालांकि, इस अनुभव ने योगानंद को पूरी दुनिया में क्रिया योग द्वारा आध्यात्मिक अनुशासन का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही योगानंद जी ने अपने अनुयायियों को भी क्रिया योग का उपदेश दिया और पूरे विश्व में उसका प्रचार-प्रसार किया।**

भारत, ये वो भूमि है जिसने कई संतों और महापुरुषों को जन्म दिया है। ऐसे ही एक महापुरुष थे परमहंस योगानंद जी। परमहंस योगानंद जी का जन्म 5 जनवरी, 1893 को गोरखपुर उत्तर प्रदेश में हुआ था। गोरखपुर भारत के उत्तर में है और महान संत गोरक्षनाथ जी के साथ जुड़ा हुआ है जो कि वहां10 वीं - 12 वीं शताब्दी में रहते थे। योगानंद का पालन-पोषण एक धर्मनिष्ठ हिंदू परिवार में हुआ। कम उम्र में, योगानंद की मां का निधन हो गया और इसने युवा मुकुंद (जैसा कि वह तब था) को गहरे दुख में धकेल दिया। हालांकि, इस अनुभव ने योगानंद को पूरी दुनिया में क्रिया योग द्वारा आध्यात्मिक अनुशासन का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही योगानंद जी ने अपने अनुयायियों को भी क्रिया योग का उपदेश दिया और पूरे विश्व में उसका प्रचार-प्रसार किया।

परमहंस स्वामी योगानंद जी एक भारतीय हिंदू भिक्षु, योगी और गुरु थे, जिन्होंने अपने संगठन, सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ)/योगोदा सत्संग सोसाइटी के माध्यम से लाखों लोगों को ध्यान और क्रिया योग से परिचित कराया। भारत का - एकमात्र ऐसा संगठन जिसे उन्होंने अपनी शिक्षाओं के प्रसार के लिए बनाया था। योग गुरु स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि के प्रमुख शिष्य, उन्हें उनके वंश द्वारा पश्चिम में योग की शिक्षा फैलाने के लिए भेजा गया था। पूर्वी और पश्चिमी धर्मों के बीच एकता साबित करने और पश्चिमी भौतिक विकास और भारतीय आध्यात्मिकता के बीच संतुलन का उपदेश देने के लिए वह 27 साल की उम्र में अमेरिका चले गए। अमेरिकी योग आंदोलन और विशेष रूप से लॉस एंजिल्स की योग संस्कृति में उनके लंबे समय तक प्रभाव के कारण, योग विशेषज्ञों ने उन्हें 'पश्चिम में योग का जनक' माना। उन्होंने अपने अंतिम 32 वर्ष अमेरिका में गुजारे। अब बात क्रिया योग की, क्या है क्रिया योग? यहां क्रिया योग को विस्तार से न बताते हुए इसे संक्षेप में समझें तो संस्कृत के शब्द ''क्रिया'' का मतलब करना है। अर्थात् क्रिया योग का मतलब है वे प्रणालियां जिनके द्वारा सेहत, आध्यात्मिक विकास, या एकता-चेतना का अनुभव हो। पतंजलि के 2000 साल पुराने योग सूत्र में लिखा है कि क्रिया योग का मतलब है मन और इंद्रियों को वश में रखना, स्वयं विश्लेषण, स्वाध्याय, ध्यान का अभ्यास और अहंकार की भावना का ईश्वर प्राप्ति के लिए त्याग। योगानंद के अनुसार, क्रिया योग ईश्वर से साक्षात्कार की एक प्रभावी विधि है, जिससे अपने जीवन को संवारा और ईश्वर की ओर अग्रसर किया जा सकता है। यही वास्तव में मिशन था योगानंद जी के जीवन का जिसका प्रचार एवं प्रसार वे भारत सहित पूरे विश्व में कर रहे थे। परमहंस योगानंद का जन्म गोरखपुर शहर के नखास चौक कोतवाली के बगल में स्थित एक मकान में 05 जनवरी 1893 को हुआ था। यहीं पर उनके पिता भगवती चरण घोष सपरिवार किराए पर रहते थे। मुकुंद लाल आठ भाई-बहनों में चौथे नंबर पर थे। उनके पिता ने ही उस समय सरकारी कार्यों में आपूर्ति व ठेके के संबंध में कुछ बंगालियों के साथ मिलकर घोष कंपनी बनवाई थी और उसी नाम से आज भी गोरखपुर में घोष कंपनी चौराहा मशहूर है।


परमहंस योगानंद के जीवन के प्रथम आठ वर्ष यहीं पर व्यतीत हुए थे। इनके पिता जी रेलवे के प्रथम जनरल मैनेजर होने के साथ ही पीडब्लूडी व कई विभागों के मुखिया भी थे। सन् 1914 में आश्रम व्यवस्था के अनुसार संन्यास ग्रहण करने पर इनका नाम मुकुंद लाल घोष से स्वामी योगानंद हो गया और 1935 में इनके गुरु परमहंस युक्तेश्वर गिरी ने इन्हें परमहंस की अग्रेता धार्मिक उपाधि प्रदान की थी।

क्रिया योग को ईश्वर से साक्षात्कार का प्रभावी तरीका मानने वाले योगानंद ने भारतीय योग दर्शन के प्रसार के लिए अमेरिका में 'सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप' का गठन किया और बाद में भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी बनाई। ऑटोबायोग्राफी ऑफ योगी (हिंदी में योगी कथामृत) उनकी सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली किताब है, जिसका अनुवाद कई भाषाओं में हुआ।

1920 में सर्वधर्म सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए योगानंद अमेरिका चले गए और वहां से पूरी दुनिया में क्रिया योग का प्रचार-प्रसार किया।

07 मार्च 1952 को अमेरिका में ही भारतीय राजदूत विनय रंजन सेन के सम्मान में आयोजित भोज में भारत देश का गुणगान करते हुए उनका देहावसान हो गया। उन्होंने महासमाधि में प्रवेश किया। इसे शरीर छोड़ने का एक योगी का सचेत निर्णय कहा जा सकता है। योगानंद ने अपने शिष्यों को संकेत देना शुरू कर दिया कि अब उनके दुनिया छोड़ने का समय आ गया है। योगानंद ने रात्रि भोज से ठीक पहले दया माता से कहा था, ''क्या आपको एहसास है कि यह सिर्फ कुछ घंटों की बात है और मैं इस धरती से चला जाऊंगा? भोज के समापन पर, योगानंद ने भारत और अमेरिका, विश्व शांति एवं मानव प्रगति में उनके योगदान और उनके भविष्य के सहयोग के बारे में कई बातें की, एक ''संयुक्त विश्व'' के लिए अपनी आशा व्यक्त की, जिसमें ''सर्वोत्तम गुणों का संयोजन होगा'' ''कुशल अमेरिका'' और ''आध्यात्मिक भारत''।

उनके प्रत्यक्ष शिष्य और एसआरएफ की अंतिम प्रमुख दया



माता के अनुसार, जो भोज में उपस्थित थे, जैसे ही योगानंद ने अपना भाषण समाप्त किया, उन्होंने अपनी कविता माई इंडिया भी पढ़ी, जिसका समापन ''जहां गंगा, जंगल, हिमालय की गुफाएं'' शब्दों के साथ हुआ और मनुष्य भगवान का सपना देखते हैं- मैं पवित्र हूं, मेरे शरीर ने उस घास को छू लिया। दया माता ने कहा कि'' जैसे ही उन्होंने ये शब्द बोले, उन्होंने अपनी आंखें कुटस्थ केंद्र की ओर उठाईं, और उनका शरीर फर्श पर गिर गया।'' उनकी अंत्येष्टि सेवा, जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित थे, लॉस एंजिल्स में माउंट वाशिंगटन के ऊपर एसआरएफ मुख्यालय में आयोजित की गई थी।

उन्होंने अपने पीछे आध्यात्मिक ज्ञान, कविताएं और लेखन की विशाल विरासत छोड़ी। उनकी शिक्षा आज भी फल-फूल रही है, लोग उनकी दी हुई शिक्षा का पालन आज भी कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

*- लेखक : आरंभ शुक्ला*

राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर विशेष

## पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

**देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बड़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षी प्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं।**

देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बड़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षी प्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए। भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरेया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें पक्षियों के संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है। जब हम पक्षियों को संरक्षित रखते हैं, तो हम अपने आप को और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का उपहार देते हैं।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पृथ्वी पर हमें विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी मिलते हैं, जो हमारे प्राकृतिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा एवं प्रकृति संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। दुनियाभर में जानवरों और पक्षियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट न केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण हो रही है, बल्कि मुख्य रूप से मनुष्य की असंवेदनशील गतिविधियों और उनकी अज्ञानता के कारण भी हो रही है। इंसानी गतिविधियां जैसे नगरीकरण, उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिकतम उपयोग, वायु यातायात और भूमि संपत्ति की विस्तार योजनाएं हैं। पक्षी विलुप्ति एक गंभीर समस्या है, क्योंकि पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान हमारी प्राकृतिक पेयजल और खाद्य सुरक्षा में होता है। पक्षियों को बीज और फल बोने, उगाने और फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य मिलता है, जिससे वनस्पतियों का प्रजनन होता है। इसके अलावा, पक्षी भी कीट-नियंत्रण करने में मदद करते हैं, जो हमारे खेती और फसलों को सुरक्षित रखता है। पक्षियों का एक और महत्वपूर्ण योगदान हमारे बायोडायवर्सिटी की सुस्थिति बनाए रखना है। पक्षियों के संकट ग्रस्त होने से हमारे प्राकृतिक परिदृश्य, बायोलॉजिकल संतुलन और वातावरणीय सेवाओं में कमी आती है। जंगलों की कटाई, अनुचित वन्यजीव व्यापार, औद्योगिकीकरण, वन, आग, जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, जैव उपयोग और जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों के आवास की हानि हो रही है। इसके अलावा, जीवाश्मी शस्त्रधारी पक्षी जैसे कीटों और रोगों के आक्रमण के कारण भी पक्षियों की संख्या में गिरावट होती है।

पक्षियों को विलुप्ति से बचाने के लिये हमें अपने जीवन शैली में सतत वन्यजीवों के लिए स्थान छोड़ना होगा, जैसे कि उनके आवास के लिए उपयुक्त वन, नदी और झीलों की सुरक्षा और सफाई का ध्यान रखना होगा। हमें जैव उपयोग पर नियंत्रण लगाना होगा। कीटनाशकों का सतत उपयोग रोकना चाहिए और पर्यावरण के प्राकृतिक तरीकों से कीटों और रोगों का नियंत्रण करना चाहिए। वन्यजीवों के आहार और आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न संगठनों, सरकारी निकायों और जनसाधारण को मिलकर काम करना चाहिए। हमें प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों और अभयारण्य की स्थापना करनी चाहिए। जनसंचार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को पक्षियों के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने आसपास के पक्षियों के लिए संरक्षण कार्यों में सहभागी बन सकें।

मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है।

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अनेक कारणों से उसकी संख्या भी घट रही है, जबकि मोर एक बहुत ही सुन्दर तथा आकर्षक पक्षी है। यह भारत के सभी क्षेत्रों में पाया जाता है। मोर के सर पर मुकुट जैसी खूबसूरत कलंगी होती है। इसकी लम्बी गर्दन पर सुन्दर नीला मखमली रंग होता है। मोर की मादा मोरनी कहलाती है। मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण ही भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1963 को



इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। हमारे पड़ोसी देश म्यांमार और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी भी मोर ही है। मोर का शिकार भारत में पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसे भारतीय वन्य-जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत पूर्ण संरक्षण दिया गया है फिर भी मोर का बड़ी मात्रा में शिकार हो रहा है।

मोर एवं गौरेया पक्षी की भांति अनेक पक्षी प्रजातियां मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है। मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

*- लेखक : ललित गर्ग*

भविष्य की आहट

## कट्टरता के तले कत्ल होती मानवता

समूची दुनिया में आतंक का परचम निरंतर ऊंचा होता जा रहा है। ईशनिंदा के नाम पर होने वाली हत्याओं ने सुनामी का रूप ले लिया है। बांग्लादेश सहित अनेक देश इसके ताजा उदाहरण हैं। धार्मिक उन्माद के सामने संविधानिक व्यवस्थाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ रहीं हैं। धरती के मानचित्र पर गैर मुस्लिम लोगों की तेजी से कम होती संख्या, कट्टरता का विकराल होता रूप और स्वार्थी तत्वों की सत्ता लोलुपता से आने वाले समय में गैरमुस्लिम परम्परायें, उसकी शक्तियां और सामर्थ अस्तित्वहीन होने की कगार पर पहुंच गईं हैं। अनेक राजनैतिक चेहरों ने अपनी वास्तविक पहचान को छुपाकर पूर्व निर्धारित षड़यंत्र को अंजाम तक पहुंचाने की दिशा में सक्रियता बढ़ा दी है। वर्णशंकर हो चुके इन चेहरों ने पीढ़ियों के नाम पर निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु अभिनेता के व्यवसायिक धर्म को अपना लिया है। धर्म निरपेक्षता को कवच बनाकर छद्मवेशधारियों की एक बड़ी जमात हाथी के असली दांतों को छुपाने की कोशिश में लगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थायें भी गैर मुसलमानों के सामूहिक उत्पीड़न पर मौन रह जातीं हैं। संसार में इस्लामिक कट्टरपंथियों के लगभग तीन हजार से अधिक आतंकी संगठन हैं। अनेक देशों ने इन्हें अपनी सीमा में सक्रियता के आधार पर प्रतिबंधित किया है, जैसे भारत ने 67 संगठनों को, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 70 संगठनों को, यूनाइटेड किंगडम ने 84 संगठनों को, यूरोपीय संघ ने 8 संगठनों को प्रतिबंधित किया है। एक नजर में देखें तो दुनिया भर में इस्लामिक स्टेट, हमास, अल-शबाब, जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन, बोको हराम, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे हजारों गिरोहों की अपनी अलग ही सत्ता है जिसके तले वे गजवा-ए-दुनिया का ख्वाब देख रहे हैं। मुस्लिम देशों के अलावा अनेक पूंजीवादी राष्ट्र इन घातक गिरोहों को पर्दे के पीछे से सहयोग कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि पहला इस्लामी राज्य पैगंबर मुहम्मद साहब द्वारा 622 ईस्वी में मदीना शहर में स्थापित किया गया था, जिसे मदीना के संविधान के तहत पहली राजनीतिक इकाई माना जाता है। उनके बाद इस श्रंखला को खलीफाओं द्वारा विस्तार दिया गया। वर्तमान समय में मुस्लिम बाहुल्य देशों की संख्या 50 से अधिक हो चुकी है। संसार के 30 देशों में इस्लाम को मानने वालों का प्रतिशत 90 से अधिक हो चुका है जबकि 20 देशों में मुस्लिम आबादी 75 प्रतिशत के पार पहुंच चुकी है। आंकड़े बताते हैं कि 26 देशों के संविधान में इस्लाम को राजकीय धर्म के रूप में घोषित किया जा चुका है जिनमें अफगानिस्तान, अल्जीरिया, बांग्लादेश, बहरीन, ब्रूनेई, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, ईरान, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लीबिया, मालदीव, मलेशिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, ओमान, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सहरावी गणराज्य, सोमालिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन शामिल हैं। ईसाई धर्म को संविधान में राजकीय धर्म घोषित करने वाले देशों में यूनाइटेड किंगडम यानी इंग्लैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, नॉर्वे, ग्रीस, आर्मेनिया, जॉर्जिया, वेटिकन सिटी, लिचेंस्टीन, माल्टा, मोनाको, कोस्टा रिका, अर्जेंटीना, डोमिनिकन रिपब्लिक, सामोआ, टोंगा, तुवालु और जाम्बिया जैसे कई देश शामिल हैं जबकि भूटान और कंबोडिया का राजकीय धर्म बौद्ध है। यहूदी धर्म को राजकीय धर्म के स्वीकारने वालों में एक मात्र इजराइल देश है। फिलहाल किसी भी देश ने हिन्दू धर्म को राजकीय धर्म का संवैधानिक अधिकार नहीं दिया है। सन् 2008 तक नेपाल दुनिया का एकमात्र हिन्दू राष्ट्र था। दस्तावेज गवाह हैं कि सन् 1768 में आधुनिक नेपाल की स्थापना के बाद से हिन्दू अधिराज्य था, जिसमें हिन्दू धर्म को आधिकारिक धर्म का दर्जा प्राप्त था। तब राजशाही के तहत यह एकमात्र हिन्दू राष्ट्र के रूप में शासित होता था। अंतर्राष्ट्रीय षड़यंत्र के तरह सन् 2006 में एक प्रायोजित आंदोलन खड़ा करके न केवल राजशाही खत्म की गई बल्कि सन् 2008 में हिन्दू राष्ट्र के मानवतावादी स्वरूप को भी धर्मनिरपेक्षता के हथियार से कत्ल कर दिया गया। संसार के परिपेक्ष में चन्द ठेकेदार देशों की बादशाहत के तले गठित संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 195 देशों को ही राष्ट्र के रूप में स्वीकारोक्ति दी गई है जिसमें 193 सदस्य देश और 2 गैर-सदस्य यानी पर्यवेक्षक देश शामिल हैं। पर्यवेक्षक देशों की सूची में वेटिकन सिटी और फ़िलिस्तीन को रखा गया है जबकि ताइवान और कोसोवो जैसे क्षेत्रों को आंशिक मान्यता दी गई है। निर्भर क्षेत्रों को शामिल करने पर देशों की संख्या 200 के पार पहुंच जाती है। ऐसे में गैर मुस्लिम लोगों की निरंतर घटती संख्या और उनके अधिकारों पर जबरन कब्जा करने वाले आतंकी संगठनों की क्रूर गतिविधियां मानवता पर एक प्रश्न चिन्ह अंकित करतीं हैं। आतंक की दम पर कट्टरता थोपने वालों को जब करारा जवाब मिलने लगता है तो कम्बल ओढ़कर घी पीने वाले कथित सफेदपोश देश ही मानवता की दुहाई, निरीह पर अत्याचार और मासूमों के कत्ल जैसे जुमले गढ़कर हाय-हाय करने लगते हैं। आतंकियों को पीड़ित की परिभाषा में समेटकर सहायता के नाम कट्टरता को सहयोग परोसा जाने लगता है। दुनिया भर में फैले कट्टरपंथियों द्वारा अपने स्लीपर सेल्स को सक्रिय करके उन्मादियों, अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को भीड़ के रूप में जमाकर के आक्रामक बना दिया जाता है। धार्मिक भावनायें आहत होने से उपजे आक्रोश जैसे शब्दों की जुगाली करके राष्ट्रीय सम्पत्तियों को नुकसान, गैर मुस्लिम लोगों की हत्यायें और संवैधानिक व्यवस्थाओं को तार-तार करने की स्थितियां निर्मित कर दी जातीं हैं। वर्तमान में हालात यह है कि समूचा संसार आतंक की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है। संभावनाओं पर होने वाली चर्चाओं का परिणाम आतंक तक पहुंच चुके परमाणु जखीरे पर जाकर समाप्त होता है। कट्टरपंथियों द्वारा की जाने वाली ईशनिंदा, आस्था पर प्रहार और श्रद्धा स्थलों को नेस्तनाबूत करने की घटनाओं में बहुत तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ऐसे में बांग्लादेश में हो रही हिन्दुओं की क्रूर हत्याओं को आने वाले समय की बानगी के तौर पर देखा जाना चाहिए। यहूदियों पर किये गये प्रहार का जवाब तो दुनिया देख रही है परन्तु हिन्दुओं पर हो रहे जल्मों की दास्तानों पर संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर ठेकेदार देशों तक ने मौन साध रखा है। देश की सीमा में भी सरकार के विपक्ष का मौन, कथित बुद्धिजीवी की खामोशी और सामाजिक सरोकारों के स्वयंभू सरगनाओं की शून्य प्रतिक्रिया से उनकी मानसिकता की व्याख्या स्वमेव ही सामने आ जाती है। ऐसे में समय रहते संसार के आमजन को मानवता की दुहाई पर एक साथ सामने आना पड़ेगा अन्यथा कट्टरता के तले कत्ल होती मानवता को पुनर्जीवित करने के सारे प्रयास विफल होते देर नहीं लगेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

*- लेखक : डॉ. रवीन्द्र अरजरिया*

## रचना

### चंदा मामा

चंदा मामा चमके आसमान में,
टिमटिमाते तारे संग-साथ।
माँ की लोरी सुने मीठी,
नींद में खो जाए रात।
नन्हे-नन्हे सपने सजाएं,
चाँद की रोशनी में नहाएं।
सुबह की किरण लाए खुशियाँ,
हर दिन हो नया सवेरा।
चंदा मामा है प्यारा दोस्त,
सपनों का सबसे बड़ा मेहमान।
हम सबको देता है प्यार,
रात-दिन करे हमारी रखवाली।

*- लेखक : सत्यवान सौरभ*



आप अपनी समस्यायें, विचार, लेख, कविताएं, कहानियां इस पते पर भेजें -समयानुसार प्रकाशित किया जाएगा।
पताः- दैनिक आचरण, रेल्वे स्टेशन के सामने, सागर ई. मेल :- aacharan_sagar@yahoo.com
कृपया अपना मोबाइल नं. अवश्य लिखें।



## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप,हुई फायरिंग

**छतरपुर,आचरण।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले बच्चों के बीच हुए मामूली झगड़े से शुरु हुए विवाद ने अब हिंसक रूप ले लिया है। इसी विवाद में बीते रोज एक व्यक्ति पर फायरिंग और बेतहाशा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें घायल हुए व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पक्ष पर मामला दर्ज किया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक करीब 4 दिन पहले मलका निवासी तिवारी परिवार और ठाकुर परिवार के बच्चों में मामूली झगड़ा हो गया था, जिसको लेकर दोनों परिवारों में बुराई हो गई थी। ठाकुर परिवार द्वारा 1 जनवरी को गढ़ीमलहरा थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद शनिवार को तिवारी परिवार का युवक मनीष अपने घर के बाहर बैठा था तभी ठाकुर परिवार के लोगों ने उस पर हमला कर दिया। मनीष के मुताबिक हमलावरों ने पहले दो फायर किए और उसके बाद कट्टे की बट से उसके सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। बीते रोज हुई इस घटना के बाद तिवारी ने भी गढ़ीमलहरा थाना में मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी रीता सिंह का कहना है कि दोनों परिवारों की शिकायत पर अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। मामले की विवेचना जारी है, विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पीड़ित मनीष तिवारी का कहना है कि पुलिस ने उस पर हुए हमले के मामले में आरोपियों के विरुद्ध बेहद मामूली धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### दर्जनों असामाजिक तत्वों ने हथियार से लैस होकर ग्रामीण के घर पर किया हमला

**छतरपुर,आचरण।** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एक दर्जन से अधिक असामाजिक तत्वों ने एक ग्रामीण के घर पर हमला कर जमकर हंगामा किया। हथियारों से लैस अपराधियों ने न केवल गाली-गलौज और मारपीट की, बल्कि इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग भी की। इस पूरी घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।प्राप्त जानकारी के मुताबिक जुझारनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योराहा में कुख्यात अपराधी सोनू राणा ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ विक्की सिंह के घर को निशाना बनाया और वहां जमकर उत्पात मचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोनू राणा और उसके साथियों ने विक्की सिंह के परिवार के साथ विवाद करते हुए खुलेआम फायरिंग की, जिससे गांव में भगदड़ मच गई। इस उपद्रव का वीडियो सामने आने के बाद अपराधियों की पहचान स्पष्ट है, परंतु पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने अब तक कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की है।


### यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, एक दर्जन यात्री घायल

**छतरपुर,आचरण।** छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। खजुराहो रेलवे स्टेशन से पन्ना की ओर जा रही यह बस चंद्रनगर नहर के समीप दुर्घटना का शिकार हुई। हादसे के वक्त बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं और वाहन की गति भी काफी तेज बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रनगर नहर के पास पहुंची कोच बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल बमीठा और चंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया है। घायलों की पहचान बसंती चौधरी, सत्यम चौधरी, हेतराम चौधरी, सचिन कुशवाहा, गौरी शंकर पटेल, संतोष चौधरी, हसीना, आशीष कुशवाहा और श्यामबाई के रूप में हुई है। घटना स्थल पर बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।

## गलत इंजेक्शन लगाने से ग्रामीण की मौत

आचरण संवाददाता

छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में बुखार का उपचार कराने गए युवक को एक झोलाछाप डॉक्टर ने कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा और दोषी डॉक्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बडेरा पुरवा निवासी 35 वर्षीय रमेश उर्फ रामसहाय कुशवाहा को बुखार होने पर वे गांव के ही निजी झोलाछाप डॉक्टर नरेंद्र चौरसिया के पास दवा लेने गए थे। मृतक के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने दवा देने के बजाय रमेश को एक इंजेक्शन लगा दिया, जिसके तुरंत बाद उनकी तबीयत और ज्यादा खराब हो गई। स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर नरेंद्र चौरसिया और उनकी पत्नी स्वयं रमेश को टैक्सी में लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को परिजनों ने एकजुट होकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी रीता सिंह का कहना है कि परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ घंटा बजाकर किया प्रदर्शन

आचरण संवाददाता

छतरपुर। रविवार को शहर में कांग्रेस द्वारा सरकार के खिलाफ किए जा रहे घंटा बजाओ प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और झड़प हुई। कांग्रेसी कार्यकर्ता इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारों के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में स्थानीय विधायक के आवास का घेराव करने जा रहे थे। इस दौरान शहर के बीचों-बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष गगन यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, कांग्रेस कार्यालय से घंटी बजाते हुए पैदल स्थानीय विधायक के घर की ओर निकले लेकिन कुछ ही कदम आगे पहले से तैनात पुलिस ने कांग्रेसियों को रोक दिया। जिसके बाद प्रदर्शनाकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। कार्यकर्ता पुलिस के बैरीकेट हटाकर आगे बढने लगे, काफी देर तक पुलिस से धक्का-मुक्की और झड़प होती रही लेकिन अंततः पुलिस, प्रदर्शनाकारियों को रोकने में कामयाब रही। टौरिया हाउस के पास से पुलिस कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इस दौरान



कांग्रेस जिलाध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नगर निगम की लापरवाही से गंदा पानी पीने के कारण बच्चों सहित 16 लोगों की मौत हो गई और कई लोग बीमार हैं, लेकिन जिम्मेदार मंत्री संवेदनहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कैलाश विजयवर्गीय को भ्रष्ट बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की और 11 तारीख को इंदौर में उनके आवास के घेराव की चेतावनी दी। वहीं प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसी नेत्री दीप्ति पांडे ने भी सरकार के अमृत काल पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा शासन में जनता को शुद्ध पेयजल तक नसीब नहीं हो रहा है और पुलिस प्रशासन भाजपा एजेंट की तरह काम कर रहा है। कुल मिलाकर कांग्रेस ने इस घटना को लोकतंत्र की हत्या और पुलिसिया तानाशाही करार दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें रोककर गिरफ्तार कर लिया। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि लगभग 50 प्रदर्शनकारियों को आगे बढने से रोका गया था, जिन्हें बाद में पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड ले जाकर कार्यकारी दंडाधिकारी की मौजूदगी में रिहा कर दिया गया।

### प्रसूता ने बस के अंदर दिया बच्चे को जन्म

**छतरपुर,आचरण।** जिले के चंद्रनगर में स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही उस समय उजागर हुई, जब एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस न मिलने के कारण बस से अस्पताल ले जाना पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की अनुपलब्धता के चलते प्रसूता को रास्ते में ही बस के भीतर बच्चे को जन्म देना पड़ा। इस विकट स्थिति में बस में सवार अन्य महिला यात्रियों ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए प्रसव संपन्न कराया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंद्रनगर निवासी पूनम रैकवार को रविवार तड़के प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सुबह चार बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने बस हादसे में घायलों की व्यस्तता का कारण बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। हारकर परिजन पूनम को एक निजी बस में सवार होकर छतरपुर के लिए रवाना हुए, परंतु रास्ते में ही प्रसव पीड़ा असहनीय हो गई। बस में मौजूद महिलाओं ने मानवता का परिचय देते हुए कपड़े का पर्दा कर प्रसव में मदद की, जिसके बाद पूनम ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। बस चालक ने भी तत्परता दिखाते हुए वाहन को सीधे जिला अस्पताल के द्वार पर खड़ा किया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को भर्ती किया। वर्तमान में माँ और नवजात सुरक्षित हैं, लेकिन पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में इस बदइंतजामी को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

### हिंदू सम्मेलन के बाद निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा

**रहली,आचरण।** रहली में आयोजित हिंदू सम्मेलन एवं अक्षत वितरण कार्यक्रम ने क्षेत्र में धर्म और उत्साह की नई लहर पैदा कर दी है। कार्यक्रम में न केवल जिले के विभिन्न खंडों से आए लोगों को पूजित अक्षत कलशों का वितरण किया गया, बल्कि उसके पश्चात एक विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत सह संपर्क प्रमुख उदय जी एवं विभाग प्रचार प्रमुख दीपक तिवारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज को संगठित होने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह अक्षत कलश आगामी ऐतिहासिक धार्मिक आयोजनों के निमंत्रण के प्रतीक हैं। कलश वितरण के पश्चात पूजित अक्षत कलशों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ स्थानीय मानस भवन से जयघोष के साथ हुआ। नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई यह यात्रा गांधी चौक और बस स्टैंड पहुंची। यात्रा का भव्य समापन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में हुआ।

# पुलिस की महिलाओं संग चौपाल, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु पहल



आचरण संवाददाता

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जिले में एक नई सामाजिक पहल की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में व्याप्त अपराध, हिंसा, भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर नागरिकों में सुरक्षा, समानता और विश्वास की भावना को मजबूत करना है।

अभियान के अंतर्गत बलदेवगढ़, बड़ागांव थाना पुलिस की टीम द्वारा थाना क्षेत्र में महिलाओं से जनसंवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई तथा समाज में व्याप्त नशा सेवन, भ्रूण हत्या, बाल श्रम एवं लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान का विशेष ध्यान उन क्षेत्रों पर केंद्रित है, जहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएँ सीमित हैं। उनका कहना है सामाजिक परिवर्तन केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब जनता और पुलिस मिलकर प्रयास करते हैं, तभी स्थायी सुधार संभव होता है। महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण के लिए पुलिस द्वारा कई विशेष योजनाएँ और सहयोग कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। साथ ही युवाओं को सकारात्मक दिशा देने एवं उनकी प्रतिभा को रचनात्मक मंच प्रदान करने के लिए प्रेरणात्मक कार्यक्रम और कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशा, दहेज और बाल विवाह से दूर रहें, हिंसा एवं भेदभाव का विरोध करें, और एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक के रूप में समाज के विकास में सहयोग दें।

### जंगल में मिला एक व्यक्ति का शव, जांच

**महाराजपुर,आचरण।** महाराजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत खकरिया के हरदुली में जंगल में सिल्कुई तालाब के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला, पुलिस को जानकारी मिलने के बाद महाराजपुर थाना स्टाफ मौके पर जाकर शव के आसपास देखा तो कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस शव को देवरी स्वास्थ केन्द्र ले गई। जहां मृतक की पहचान पप्पू कोल 55 के रूप में हुई। थाना प्रभारी अजय भदौरिया ने बताया कि एक व्यक्ति के तालाब के पास पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति मृत अवस्था में पाया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

## स्वर्गीय देव पटेल की पुण्यतिथि में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



आचरण संवाददाता

निवाड़ी। नगर पंचायत तरीचर कला में स्वर्गीय देव पटेल की पुण्य स्मृति में तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए परवई टीम 169 रन बनाएं, बाद में वेटिंग करते हुए शिवपुरी की टीम 144 रन पर अलाउड हो गई,परवई टीम 26 रनों से विजय घोषित हुई,, परवई टीम के फाइनल में विजय होने पर दशकों में खासा उत्साह देखने को मिला । हायर सेकेंडरी स्कूल तरीचर कला में आज हजारों की संख्या में दर्शक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे ,मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन जीने विजेता टीम के कप्तान को प्रथम ट्राफी एवं 25000 की नगद राशि भेंट की, वही दूसरे स्थान पर रही शिवपुरी टीम को पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर ने एवं रमेश खंगार नंना ने द्वितीय ट्रॉफी और15000 देकर के सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित सूत्रकार,नारायण सिंह पटेल, प्रबल पटेल उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र बुंदेला पार्षद, कमलेश चौरसिया मंडल अध्यक्ष, इत्यादि एवं समिति के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे, वही सुशील श्रीवास,मोहित पटेल और अरविंद सूत्रकार निर्णायक की भूमिका में रहे।

## मंत्री विजयवर्गीय के बयान पर जताई नाराजगी पत्रकारों को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



आचरण संवाददाता

निवाड़ी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पत्रकार के सवाल पर अपशब्दों का इस्तेमाल करना निंदनीय है और यह पत्रकारिता व आम जनता का अपमान है। कांग्रेस ने मांग की कि इंदौर मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मंत्री अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में हुआ। इसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमित राय, मनोहर सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह परमार, नरेंद्र खरे, संतोष शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक बरार, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश अहिरवार, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष विमलेश राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ठंड से कांपा जिला, दिनभर चली बर्फीली हवाएं

आचरण संवाददाता

अशोकनगर। जिला मुख्यालय सहित पूरा जिला इस समय शीतलहर की चपेट में है। दरअसल उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाएं के कारण पूरे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इससे जिलेवासी ठंड से ठिठुर रहे हैं। रविवार की सुबह कोहरे के साथ हुई। दोपहर तक धूप नहीं निकली। बाद में धूप निकली तो उसमें उतनी तपिश नहीं कि लोगों को ठंड से निजात मिल सके। इस कारण लोगों को रविवार का दिन इस सीजन का सबसे ठंडा दिन लगा। दिनभर शीतलहर चलने से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा। वहीं शाम होते होते हवाओं की रफ्तार और तेज हो गई। इस का असर बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। दिन के समय भी बाजार में रोज की अपेक्षाकृत कम चहल-पहल दिखाई दी। जैसे जैसे शाम ने रात की और बढ़ना शुरू किया वैसे वैसे बाजार में लोगों की संख्या भी कम होती गई। रविवार को अधिकतम तापमान और रात का तापमान डिग्री सेल्सियस रहा। ठंड के कारण लोगों की सेहत भी बिगड़ रही है। तेज ठंड, शीतलहर और कोहरे के कारण वाहनों की गति पर भी असर पड़ा। सुबह घना कोहरे छाने के कारण वाहनों की गति पर भी असर पड़ा। ट्रेनें देरी से आई तो बसों और कारों की रफ्तार भी चालकों को कम करनी पड़ी। सबसे ज्यादा दिक्कत दो पहिया वाहनों के चालकों को आई।

# मोहनगढ़ पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम



**टीकमगढ़,आचरण।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिले के ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में निरंतर यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से संवाद स्थापित करें, यातायात नियमों के पालन हेतु संकल्प दिलाएं तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार को जनआंदोलन का स्वरूप दें। इसीक्रम में एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना मोहनगढ़ पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट एवं सीटबेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही गोल्डन ऑवर, गुड सेमेरिटन एवं राहवीर योजना की उपयोगिता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। जागरूकता सत्र में शराब सेवन कर वाहन चलाने, तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग एवं यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों पर चर्चा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की तत्काल सहायता के लिए नागरिकों को आगे आने हेतु प्रेरित किया गया। टीकमगढ़ पुलिस का संदेश है कि सुरक्षित सड़कें तभी संभव हैं जब प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों को अपने कर्तव्य के रूप में अपनाए। अनुशासन, सतर्कता एवं जिम्मेदार व्यवहार ही सड़क पर जीवन की सुरक्षा का सशक्त आधार है।

# अतिथि शिक्षकों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन




आचरण संवाददाता

छतरपुर। अपनी लंबित मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने रविवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रांतीय आह्वान पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए अतिथि शिक्षकों ने पहले धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और फिर एक विशाल रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। शिक्षकों का मुख्य असंतोष सरकार द्वारा किए गए पुराने वादों को पूरा न करने को लेकर है। उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।अतिथि शिक्षक संघ के जिला महासचिव घासीराम यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षकों के महापंचायत में गुरुजियों की भांति विभागीय परीक्षा लेकर नियमित करने की घोषणा की थी, जिसे वर्तमान सरकार को तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए। संघ की प्रमुख मांग है कि मध्य प्रदेश में भी हरियाणा राज्य की तर्ज पर अतिथि शिक्षक भर्ती अधिनियम बनाया जाए, जिससे शिक्षकों को 62 या 58 वर्ष की आयु तक सेवा की गारंटी मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने 12 महीने का निश्चित सेवाकाल सुनिश्चित करने की मांग भी दोहराई है ताकि उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता आ सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले भर से आए सैकड़ों अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और अधिक उग्र बनाएंगे।

## हनी पैथोलॉजी लैब व क्लीनिक सील

आचरण संवाददाता

अशोकनगर। जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रात्रिकालीन पैथोलॉजी जांच से संबंधित घटना के संज्ञान में आने के पश्चात जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी यादव एवं गठित जांच दल द्वारा 4 जनवरी 2026 को हनी पैथोलॉजी थूबोन रोड अशोकनगर की जांच की गई।



जांच के दौरान पैथोलॉजी पर चस्पा सूचना के अनुसार यह थूबोन रोड पर संचालित न होकर वार्ड 7 शंकर कॉलोनी अशोकनगर में संचालित पाई गई। उक्त स्थान पर पहुंचने पर राजेश ओझा अपने निवास पर मकान के बाहर स्थित कमरे में स्वयं को चिकित्सक बताते हुए झोलाछाप डॉक्टर के रूप में मरीजों का उपचार करते तथा अवैध रूप से पैथोलॉजी का संचालन करते पाए गए। जांच दल द्वारा पैथोलॉजी एवं क्लीनिक संचालन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर संचालक द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। मौके पर उपचार में प्रयुक्त दवाइयां एवं अंदर कमरे में पैथोलॉजी जांच हेतु उपयोग में लाई जा रही मशीनें पाए जाने पर पंचनामा तैयार कर उन्हें जप्त किया गया। मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं रजिस्ट्रेशन एवं अनुज्ञापन अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 यथासंशोधित 2021 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए हनी पैथोलॉजी लैब एवं क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

# अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए



एक टेलीमार्केटर वह शख्स है जो कि फोन पर किसी उत्पाद या सेवा को बेचने के लिए जिम्मेदार होता है। टेलीमार्केटर्स प्राइवेट ऑफिस, कॉल सेंटर या घर से भी काम कर सकते हैं। चूंकि टेलीमार्केटर्स अपने ग्राहकों से फेस-टू-फेस नहीं मिलते हैं इसलिए अच्छी टेली मार्केटिंग स्किल होना बहुत जरूरी है। अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

जो आप बेच रहे हैं उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। आपको इस बात की अच्छी समझ होनी चाहिए कि यह क्या है, कैसे काम करता है और किस तरह से संभावित ग्राहकों के लिए उपयोगी है। इसके अलावा, जो आप बेच रहे हैं उसे लेकर आपमें विश्वास होना जरूरी है।

जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहे हैं उसके बारे में पूरी जानकारी रखें। एक अच्छा टेलीमार्केटर केवल उत्पाद या सेवा नहीं बेचता बल्कि वह कंपनी का भी प्रतिनिधित्व करता है। आपको यह बताने योग्य होना चाहिए कि ग्राहकों को उनके प्रतिद्वंदियों की बजाए उन्हें क्यों चुनना चाहिए। कंपनी का इतिहास, उसकी सोच, मिशन, ग्राहकों के रिव्यूज और इंडस्ट्री रेटिंग्स पता होना चाहिए। आप यह समझें कि सेल्स प्रोसेस क्या है। इसमें क्लोजिंग पेपरवर्क, बिलिंग, शिपिंग, रिफंड/रिटर्न पॉलिसी, कस्टमर सर्पोट और उन्हें जरूरी फॉलोअप शामिल है। अपनी स्क्रिप्ट की प्रैक्टिस कर लें। जब तक आप इसमें सहज न हो जाएं इसे तेज पढ़े।

## कॉन्फिडेंस दिखाएं

एक अच्छा टेलीमार्केटर अधिकार से बोलता है जिससे ग्राहकों के दिमाग में बात अच्छे से चले जाती है। अगर आपकी तैयारी पूरी है तब आपको आपके कॉल करने और आपकी कंपनी के बारे में विश्वास के साथ बात करना चाहिए।

## प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स

धीरे लेकिन तेज और साफ बोले ताकि आपके कस्टमर को बात आसानी से समझ आ जाएं। बुदबुदाएं नहीं। अपना परिचय दें और बातचीत में जितनी जल्दी हो सके कॉल का मकसद बताएं। रूके और आगे बढ़ने के लिए उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार करें। बहुत ज्यादा या बहुत कम बोलने से बचे बल्कि संतुलित वार्तालाप करें। बहुत ज्यादा फिलर्स का उपयोग करने से बचें।

## सपाट न हो टोन

टेलीमार्केटिंग में स्क्रिप्ट्स बहुत आम बात है विशेषकर कॉल सेंटर के माहौल में। लेकिन यह संभव है कि आप उस तरह बोले कि ऐसा न लगे कि आप पेपर से पढ़कर बोल रहे हैं। धीरे-धीरे सांस लें और कॉल करने से पहले रिलेक्स हो जाएं।

## पॉजिटिव मेंटल एटिट्यूड

याद रखे कि कुछ लोग आपका कॉल एक्सपेक्ट नहीं कर रहे होंगे और इसके लिए ग्रहणशील न हो। इसमें कोई नई बात नहीं है कि आपकी बात में एक रूचि लेने वाले ग्राहक के पहले कई ग्राहक अच्छे टेलीमार्केटर को भी रिजेक्ट कर देंगे।



# दुबई में चाहिए नौकरी तो इन चीजों की तैयारी करना अभी से कर दें शुरू

दुबई में नौकरी करने का सपना कई लोगों का होता है। हालाकि यहां नौकरी पाने के लिए आपको कुछ चीजों के बारे में जान लेना चाहिए।

ज्यादातर लोग अपने करियर के किसी ना किसी पड़ाव पर विदेश जाकर नौकरी करने का सोचते हैं। विदेश में नौकरी करना कई लोगों का सपना होता है। खासकर भारत से दुबई जाने में ज्यादा खर्च नहीं आता है। यह भी एक कारण है जिसके वजह से लोग दुबई जाकर नौकरी करते है। अगर आप भी दुबई में नौकरी करने का प्लान कर रहे हैं तो इन चीजों के बारे में जान लें।

## अंग्रेजी सीख लें

अगर आपको दुबई में नौकरी करना है तो आपकी अंग्रेजी ठीक होनी चाहिए। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक नहीं है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक है तो आपको आसानी से किसी भी पोस्ट की नौकरी मिल जाएगी।

## कम्युनिकेशन स्किल्स

आपको अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं। अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छा है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। दुबई में अच्छी नौकरी के साथ आपको काफी अच्छा सैलरी भी दी जाती हैं।

### दुबई में नौकरी कैसे ढूंढें

- कई लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दुबई में नौकरी की तलाश कैसे करनी हैं। अगर आपको दुबई में नौकरी चाहिए तो आपको LinkedIn की मदद से नौकरी की तलाश करना चाहिए।
- इसके अलावा आप चाहे तो Indeed की मदद से भी नौकरी मिल सकती हैं।
- जब तक आपको नौकरी नहीं मिलती हैं तब तक आप टूरिस्ट वीजा पर दुबई जाकर नौकरी की तलाश कर सकते हैं।



# युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर है बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री

बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री उन युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर साबित होता है जो अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के नवीन अवसरों व स्किल्ड जॉब्स की तलाश में रहते हैं।

सभी लोग एजुकेशन के बाद अच्छी नौकरी, वेतन और करियर के साथ बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसके लिए छात्र देश से लेकर विदेश तक जाकर पढ़ाई भी जमकर करते हैं। क्योंकि जितनी अच्छी नौकरी होगी, उतना अच्छा जीवन होगा। अच्छे करियर के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या मैथमेटिक्स स्ट्रीम को चुनते है। इसकी एक सबसे बड़ी वजह है कन्वेंशनल इंजीनियरिंग डिग्री में सभी तरह के इम्पोर्टेन्ट अध्यन का न मिल पाना। इसी अपूर्ण को पूर्ण करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सो के माध्यम से स्टूडेंट्स को बीवोक कोर्स कराता है। जिस से सभी स्टूडेंट्स अपने स्किल को डेवलप कर अपना करियर बना सकें।

## क्या है बीवोक कोर्स

यह एक तीन साल का डिग्री कोर्स होता है, जिसे विभिन्न विषयों जैसे होटल मैनेजमेंट, मेटल कन्स्ट्रक्शन, उद्यमिता विकास, हेल्थकेयर में स्किल डेवलप कराया जाता है। इसका का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है और छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना है। इससे युवा अपने भीतर छिपे हुए हुनर को विकसित कर पाएंगे।

## बीवोक कोर्स करने की योग्यता

यह कोर्स आप 10वीं के बाद भी कर सकते हैं, बशर्ते आपको दसवीं के बाद 2 साल की आईटीआई का कोर्स करना होगा, उसके बाद आप वोकेशन कोर्स कर सकते है। वहीं अगर आप 12वीं के बाद करना चाहते हैं, लेकिन कुछ सब्जेक्ट्स के लिए आपकी स्ट्रीम उस सब्जेक्ट से संबंधित होनी चाहिए। वोकेशन कोर्स की एडमिशन हर साल होता है, इसके लिए आपको इंटर्नशिप एग्जाम देना आवश्यक है। इंटर्न्स एग्जाम पास होने वाले स्टूडेंट्स का ही एडमिशन लिया जाता है। इस कोर्स में 3 साल में 6 सेमेस्टर होते है और हर सेमेस्टर में आपका एग्जाम होता है तथा आपको हर सेमेस्टर में एग्जाम पास करने के बाद आपको सर्टिफिकेट दिया जाता है। अगर आप किसी कारणवश पहले साल में इस कोर्स को छोड़ देते है तो आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी मिलता है। वही तीनों साल को पूरा करेंगे तो आपको ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त होगी।

## बीवोक कोर्स क्यों करें

आज के समय में छात्र अपनी स्किल डेवलप करने वाले कोर्स करने के लिए विदेश जाते हैं, क्योंकि वहां जो भी पढ़ाई होता है स्किल बेस्ड होता है। हमारे देश की सबसे बड़ी कमी है कि हम जो भी पढ़ाई करते हैं उसमें हमें जरूरी स्किल नहीं मिल पाता है। इस कमी को पूरा करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सेज के जरिए बच्चों को स्किल्ट्रेनिंग प्रदान करना चाहती है जिससे सभी विद्यार्थी एक बेहतर भविष्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो पाए।

## बीवोक कोर्स कैसे करे

आज का समय बीवोक कोर्स का है। क्योंकि एक समान होटल मैनेजमेंट या सामान्य इंजीनियरिंग की डिग्री इतनी वैल्यू नहीं रखती जितनी एक बीवोक डिग्री होती है। इसका कारण है, इसमें पढ़ाई के साथ-साथ आप स्किल्स भी सीख लेते हैं। इसमें आप विभिन्न सब्जेक्ट जैसे कि हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, आर्ट्स, कॉमर्स, डेयरी फार्मिंग कोर्स कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल कोर्सेज जैसे मेडी कंस्ट्रक्शन और टेक्नीशियन जैसे कोर्स भी होते हैं। इसमें छात्रों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए मशीन दी जाती है। हर छात्र काम की बारीकी को अच्छे से समझ सके इसके लिए स्विस ट्रेनर की निगरानी में हर छात्र को व्यक्तिगत तौर पर मशीन पर ट्रेनिंग दी जाती है। हर वर्ष छात्र को 6 महीने यूनिवर्सिटी में और बाकी 6 महीने इंडस्ट्री में ट्रेनिंग दी जाती है।

## बीवोक कोर्स के बाद सैलरी

सभी चाहते हैं कि पढ़ाई पूरी होने के बाद एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी मिले। वोकेशनल कोर्स करने के बाद आप किसी भी कंपनी में फ्रेशर के तौर पर 20,000 से 30,000 से नौकरी शुरू कर सकते हैं। जिसके बाद आप अनुभव व अपने स्किल के साथ आगे बढ़ सकते हैं।



### मुख्य संस्थान

- एसएमएस, लखनऊ
- एचआईएमसीएस, मथुरा
- एचआईटीएस, चेन्नई
- जैन यूनिवर्सिटी, बंगलौर
- पारूल यूनिवर्सिटी



# आप भी बन सकते हैं बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करता है।

इस परीक्षा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। फिर रिटन एग्जाम और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होती है। इस परीक्षा का प्रश्नपत्र 4 भागों में बंटा होता है: रीजनिंग, इंग्लिश लैंग्वेज, प्रोफेशनल नॉलेज तथा बैंकिंग के विशेष संदर्भ में जनरल अवेयरनेस (केवल लॉ ऑफिसर स्केल 1 व 2 तथा राजभाषा अधिकारी हेतु)/ क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड (अन्य सभी स्पेशलाइजेशंस हेतु)। चलिए, जानते हैं कि इन सेक्शंस में किस तरह अच्छा स्कोर किया जा सकता है।

## इंग्लिश लैंग्वेज

यह इस परीक्षा का सबसे स्कोरिंग सेक्शन है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ग्रामर तथा लैंग्वेज पर अच्छी पकड़ जरूरी होती है। आपके ग्रामर संबंधी कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए। साथ ही आपकी वोकैब्युलरी भी मजबूत होनी चाहिए। इस सेक्शन में आम तौर पर पैसेज बेस्ड क्वेश्चन, कॉमन एरर इन सेंटेंस, रैपिड फिलर, क्लोज टेस्ट, एंटॉनिम्स एंड सिनॉनिम्स शामिल होते हैं।

## क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड

इस सेक्शन के प्रश्नों को हल करने के लिए उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल किए गए सभी टॉपिक्स के बेसिक कॉन्सेप्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ ही इस सेक्शन में स्पीड भी महत्वपूर्ण होती है। ध्यान रहे, इस सेक्शन में कोई भी प्रश्न छोड़ें नहीं। इसकी तैयारी के दौरान किसी भी टाइप के प्रश्न को कम न आंकें। यह कभी नहीं कहा जा सकता कि किस साल किस टाइप के प्रश्नों को इस परीक्षा में ज्यादा महत्व मिल जाए। इसमें आम तौर पर नंबर सिस्टम, रेश्यो, प्रॉफिट-लॉस एंड डिस्काउंट, पर्सेंटेज, एवरेज, डेटा इंटरप्रिटेशन, टाइम एंड वर्क आदि से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डेटा इंटरप्रिटेशन के प्रश्नों पर अधकि जोर देता है।

## रीजनिंग एप्टिट्यूड

रीजनिंग सेक्शन की तैयारी के लिए मानसिक सतर्कता और लॉजिकल स्किल जरूरी है। इस सेक्शन में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति समझने के लिए मॉडल पेपर तथा पिछले वर्षों के पेपर हल करें। इसमें वर्बल एंड नॉन-वर्बल रीजनिंग के टॉपिक शामिल होते हैं, जैसे एनालॉजी, इनपुट-आउटपुट, क्लासिफिकेशन, इंफेरेंस आदि।

## प्रोफेशनल नॉलेज

यह आपको अपना कंफर्ट जोन लग सकता है क्योंकि इसमें आपकी स्ट्रीम या स्पेशलाइजेशन से संबधति प्रश्न ही पूछे जाएंगे। यहां भी आपके बेसिक कॉन्सेप्ट क्लियर होने से आप फायदे में रहेंगे।

## जनरल अवेयरनेस

जनरल अवेयरनेस सेक्शन की तैयारी के लिए तो आपको लगातार समसामयिक घटनाओं से अपडेटेड रहना होगा। नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहें। साथ ही बैंकिंग संबंधी ताजा घटनाक्रम पर नजर रखें।

# खाद्य तेल, गुड़ व शक्कर स्थिर, गेहूं में चमक






नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी, दालों और खाद्य तेलों में भी नरमी रही।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 21 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,808 रुपये प्रति क्विंटल रहा। गेहूं पांच रुपये मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल रहा। आटा चार रुपये महंगा हुआ और 3,315 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में गिरावट रही। वनस्पति 125 रुपये और सरसों तेल 103 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 86 रुपये और पाम ऑयल की 52 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल के दाम 41 रुपये और सूरजमुखी तेल के 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गये।

सप्ताह के दौरान मूंग दाल में 68 रुपये और तुअर दाल में 61 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। उड़द दाल का भाव 52 रुपये और मसूर दाल का 40 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चना दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गयी। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 62 रुपये प्रति क्विंटल घट गये। चीनी के भाव भी 17 रुपये प्रति क्विंटल टूट गये। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-

**दाल-दलहन :** दाल चना 7737.18 रुपये, मसूर काली 8087.75 रुपये, मूंग दाल 10038.68 रुपये, उड़द दाल 10316.83 रुपये, तुअर दाल 10473.79 रुपये प्रति क्विंटल।

**अनाज -** गेहूं दड़ा 2862.51 रुपये और चावल 3808.09 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3315.40 रुपये प्रति क्विंटल।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4301.78 रुपये और गुड़ 4966.03 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल -** सरसों तेल 17611.25 रुपये, मूंगफली तेल 17649.10 रुपये, सूरजमुखी तेल 15827.15 रुपये, सोया तेल 13765.31 रुपये, पाम ऑयल 12442.09 रुपये और वनस्पति 14442.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## सेंसेक्स में शामिल रही हैं सिर्फ चार कंपनियां




नई दिल्ली (वार्ता)। बीएसई के सबसे प्रमुख सूचकांक और देश की अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर कहे जाने वाले सेंसेक्स के 40 साल के इतिहास में महज चार कंपनियां ही ऐसी हैं जो शुरू से अब तक लगातार इसका हिस्सा रही हैं।

सेंसेक्स में कुल 30 कंपनियां होती हैं। ये बड़ी बाजार पूंजी वाली दिग्गज कंपनियां हैं जिनमें थोड़ा भी उतार-चढ़ाव पूरे बाजार की धारणा को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। दरअसल, सेंसेक्स शब्द अंग्रेजी के दो शब्दों सेंसिटिव और इंडेक्स के मेल से बना है जिसका मतलब होता है संवेदी सूचकांक।

सेंसेक्स में कभी-कभी कुछ पुरानी कंपनियों की जगह नयी कंपनियों को भी ले लेती हैं। इस साल दो जनवरी को 40 साल पूरे करने वाले सेंसेक्स में चार कंपनियां ही ऐसी हैं जो इसकी शुरुआत से अब तक सूचकांक का हिस्सा रही हैं। ये कंपनियां हैं - हिंदुस्तान यूनीलिवर, लार्सन एंड टूब्रो, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज।

पहले सेंसेक्स में कौन सी कंपनी शामिल होगी यह उनके कुल बाजार पूंजीकरण पर निर्भर करता था। यह क्रम अगस्त 2003 तक चलता रहा।

सितंबर 2003 से यह कंपनी के मुक्त (फ्री-फ्लोट) बाजार पूंजीकरण के आधार पर तय किया जाने लगा। मुक्त बाजार पूंजीकरण की गणना में सिर्फ उन्हीं शेयरों को शामिल किया जाता है जो बाजार में कारोबार के लिए उपलब्ध हैं। इसमें प्रवर्तकों और इनसाइडरों के शेयरों तथा प्रतिबंधित शेयरों को शामिल नहीं किया जाता है।

जब दो जनवरी 1986 को सेंसेक्स की शुरुआत हुई थी उस समय इसमें एसीसी, एशियन केबल्स, बल्लारपुर इंडस्ट्रीज, बॉम्बे बुमराह, बॉम्बे डाइंग, सिएट टायर्स, सेंचुरी एसपीजी., क्रॉम्पटन ग्रीव्स, ग्लेक्सो स्मिथक्लाइन फार्माशूटिकल्स, ग्रासिम, गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स, हिंडाल्को, हिंदुस्तान मोटर्स, इंडियन होटल्स, इंडियन ऑर्गेनिक केमिकल्स (अब फ्यूचुरा पॉलिस्टर्स), इंडियन रेयॉन एंड इंडस्ट्रीज (अब आदित्य बिरला नुवो), आईटीसी लिमिटेड, किर्लोस्कर कमिन्स (अब कमिन्स इंडिया लिमिटेड), एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मुकंद आयरन (अब मुकंद लिमिटेड), नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सिंधिया, सिमेंस, टाटा इंजीनियरिंग (अब टाटा मोटर्स), टाटा पावर, टाटा स्टील और जेनिथ शामिल थीं।

सेंसेक्स की कंपनियों में 30 सितंबर 2025 की स्थिति के अनुसार सबसे अधिक 15.18 प्रतिशत भारांश एचडीएफसी बैंक का है।

आईसीआईसीआई बैंक 10.13 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज 9.72 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सेंसेक्स में इंफोसिस और भारती एयरटेल का भारांश भी पांच प्रतिशत से अधिक है। शीर्ष 10 कंपनियों का कुल भारांश 65 प्रतिशत है।

## वैश्विक कारकों व घरेलू आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा




मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों पर रहेगी।

घरेलू स्तर पर सेवा क्षेत्र के पीएमआई के आंकड़े 06 जनवरी को जारी किये जायेंगे। साथ ही वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह जारी होंगे।

बाजार पर सबसे ज्यादा असर वैश्विक कारकों का दिखेगा। इस बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक इक्विटी बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं, लेकिन घरेलू निवेशक बाजार को गति दे रहे हैं।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 720.56 अंक (0.85 प्रतिशत) की बढ़त में सप्ताहांत पर 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दूसरा सर्वकालिक उच्च स्तर है। इससे पहले, 26 सितंबर 2024 को यह 85,836.12 अंक पर बंद हुआ था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 286.25 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 26,328.55 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.88 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.74 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा।

दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम 12 जनवरी से शुरू हो रहे सप्ताह में जारी किये जायेंगे। उससे पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं।

## शीर्ष कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा




मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,23,724 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का कुल बाजार पूंजीकरण 22,623 करोड़ रुपये कम हुआ।

विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे ज्यादा 45,266.12 करोड़ रुपये बढ़कर 21,54,979 करोड़ रुपये हो गया। इस मामले में वह शीर्ष पर रहा।

भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,415 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का 16,204 करोड़ रुपये बढ़ा।

एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 14,626 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक में 13,538 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,104 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 570 करोड़ रुपये बढ़ा।

टीसीएस का एमकैप 10,745 करोड़ रुपये घट गया। इंफोसिस के एमकैप में 6,183 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 5,694 करोड़ रुपये की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई।

बाजार पूंजीकरण के मामले में 15,40,304 करोड़ रुपये के साथ एचडीएफसी बैंक दूसरे और 12,01,263 करोड़ रुपये के साथ भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर रहा।

### रुपया 22 पैसे टूटा, फिर 90 प्रति डॉलर के पार



मुंबई (वार्ता)। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 22 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.20 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा तीन दिन में 45 पैसे टूट चुकी है। यह गुरुवार को 10.50 पैसे टूटकर 89.9850 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज तीन पैसे की मजबूती के साथ 89.95 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 89.92 रुपये और नीचे 90.25 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90.2050 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार से पैसे निकालने और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही तेजी से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों की बढ़त और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला और उसकी गिरावट सीमित रही।

### एनसीडी के जरिए रकम जुटायेगी अडानी एंटरप्राइजेज




अहमदाबाद (वार्ता)। अडानी समूह की मुख्य कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से 1,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायेगी।

एनसीडी में कंपनी किसी बैंक से पैसे लेने के बदले सीधे निवेशकों से पैसे उधार लेती है। इसकी अवधि पूर्व निर्धारित होती है। तब तक कंपनी निवेशकों को निश्चित ब्याज देती है और अवधि पूरी होने के बाद मूल राशि वापस करती है।

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इश्यू 06 जनवरी 2026 को खुलेगा और 19 जनवरी 2026 को बंद होगा। मूल इश्यू 500 करोड़ रुपये का है और 500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त इश्यू का प्रावधान रखा गया है। आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। इसमें ब्याज की प्रभावी दर 8.90 प्रतिशत सालाना तक होगी।

एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के होंगे। चौबीस महीने में वार्षिक या एकमुश्त ब्याज के विकल्प होंगे। वहीं, 36 महीने और 60 महीने की अवधि में तिमाही, वार्षिक या एकमुश्त ब्याज के विकल्प होंगे। हर विकल्प पर ब्याज की दर अलग-अलग होगी।

यह अडानी एंटरप्राइजेज का तीसरा एनसीडी है। इसे केयर रेटिंग्स ने केयर एए माइनस रेटिंग दी है।

डिबेंचर का अंकित मूल्य 1,000 रुपये है और एक निवेशक को कम से कम 10 एनसीडी खरीदने होंगे। कंपनी ने बताया कि एनसीडी से प्राप्त 75 प्रतिशत राशि का इस्तेमाल ऋणों की आंशिक या पूर्ण अदायगी तथा उस पर ब्याज के भुगतान के लिए किया जायेगा। शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जायेगा।

### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर निचले स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। नये ऑर्डरों में सुस्ती से विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर माह-दर-माह आधार पर दिसंबर में घटकर 38 महीने के निचले स्तर पर आ गयी। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा शुक्रवार को जारी एचएसबीसी भारतीय विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई दिसंबर में घटकर 55 रह गया। यह दो साल से ज्यादा समय में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में सबसे सुस्त वृद्धि को दर्शाता है। नवंबर में पीएमआई 56.6 रहा था। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि को और इससे कम रहना गिरावट को दर्शाता है। इसका 50 का स्तर स्थिरता का द्योतक है।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, वृद्धि की रफ्तार कम पड़ने के बावजूद भारतीय विनिर्माण उद्योग का प्रदर्शन 2025 में अच्छा रहा।

## वर्ग पहेली क्रमांक -2293

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | | |
| 14 | | 15 | | ■ | 16 | | |
| ■ | ■ | | ■ | 17 | | ■ | ■ |
| 18 | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ |

**बायें से दायें**

1. 5 अप्रैल 1908 को भारत के इस प्रथम दलित उपप्रधानमंत्री ने जन्म लिया था-7
6. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ-4
7. कृषक, खेतिहर-3
9. परमधार्मिक और साधु व्यक्ति, सज्जन और महात्मा-2
11. मथुरापति कंस के अखाड़े का एक पहलवान-2
12. पुरानी फिल्मों के दिवंगत खलनायक (1985)-5
14. जो रिश्ते में पति की बहन के पति हो-4
16. मिट्टी का घड़ा-3
17. व्याधि, बाधा, अड़चन-2
18. अधीर होना, उद्विग्न होना-4
20. तलब, चाह, इच्छा, लालसा-3
22. झुकना, लचकना, झुककर प्रणाम करना-3
23. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है-3

**ऊपर से नीचे**

1. आर.के. बैनर की फिल्म बरसात की संगीतकार जोड़ी में से एक-5
2. जिंदगी, प्राणधारण, जीवित दशा-3
3. दूल्हा-2
4. गायब, अप्रस्तुत-4
5. जंघा, जांघ-2
8. साग आदि की मसालेदार सब्जी-3
9. हथेली की अंजलि, कटोरे जैसी वस्तु-3
10. ढंग, प्रकार, उपाय, युक्ति-3
12. मजदूर दिवस इस माह की पहली तारीख को मनाया जाता है-2
13. जिसने नमक खाया हो, नमक हलाल, स्वामी भक्त-5
15. दोहरा होना, पुनरावृत्ति करना-4
18. बहुत बड़ा हथौड़ा, मेघ, बादल-2
19. एक विस्फोटक रासायनिक गोला-2
21. भलाई, उपहार, कल्याण, मंगल

**उत्तर अगले अंक में**

**वर्ग पहेली क्र. 2292 का उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | मा | कि | न | ■ | ए | ट | ना |
| म | स | ल | न | ■ | क | ह | ना |
| ली | ■ | का | ■ | ख | ल | ल | ■ |
| ला | ■ | री | ति | का | ल | ■ | रो |
| ■ | रो | ■ | न | र | ■ | मे | ष |
| रा | जा | का | का | ■ | मो | ह | ■ |
| ज | ■ | न | ■ | प | ■ | न | बी |
| न | य | न | प | ट | ■ | त | ■ |

## भविष्यफल

**मेष** संतुलित व्यवहार आपके हित में रहेगा, व्यावसायिक पक्ष कमजोर, धन व्यय।

**वृष** अनुकूल दिनचर्या, सुखद समाचार की प्राप्ति, अनायास धन लाभ।

**मिथुन** पारिवारिक सुख-सुविधा बढ़ाने में रुचि, सुखद कार्य वातावरण।

**कर्क** चित्त वृत्ति में सुधार, व्यवसायिक समस्या का समाधान स्थिर विचार।

**सिंह** दैनिक कार्यों से अरुचि, दुविधायुक्त आस-पास का वातावरण, वृथा भ्रमण।

**कन्या** स्वभाव में सहजता, मजबूत इच्छा शक्ति, काम-काज के हालात बेहतर, मन प्रसन्न।

**तुला** विलासिता के साधन जुटाने में रुचि, अंतरंग संबंध में मधुरता।

**वृश्चिक** अन्यों से प्रशंसा की प्राप्ति, विवादित मामले का समाधान, अनुकूल संतान पक्ष।

**धनु** शारीरिक-मानसिक थकान का अनुभव, कार्य भार में वृद्धि, स्वभाव में तेजी।

**मकर** नीति निपुण, व्यवसाय-व्यापार में व्यस्तता, कार्य वृत्ति से संतोष।

**कुंभ** अधिकारी वर्ग का समर्थन जुटाने में सफल, कुशल संगठन क्षमता।

**मीन** नियमित दिनचर्या, मान सम्मान की प्राप्ति, स्वार्थ साधन की प्रवृत्ति।

## निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी के उपाय लागू




दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने नवंबर में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के कार्यान्वयन के तहत शुक्रवार को दो प्रमुख सहायता उपायों को लागू किया जिनका उद्देश्य लघु एवं मध्यम उद्यमों के निर्यात को ब्याज सब्सिडी और कर्ज पर सरकारी गारंटी के माध्यम से व्यापार के लिए कर्ज की उपलब्धता में सुधार करना है।

इनमें पहला प्रोत्साहन सहायता उपाय निर्यात ऋण पर ब्याज सब्सिडी से संबंधित है जिसका उद्देश्य एमएसएमई निर्यातकों के सामने उत्पन्न होने वाली कार्यशील पूंजी संबंधी बाधाओं को दूर करना है। इसके अंतर्गत पात्र ऋणदाता संस्थानों द्वारा दिए गए निर्यात ऋण पर 2.75 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाएगी जो निर्यात से पहले और बाद में रुपये में प्रदान की जाएगी। अधिसूचित या उभरते बाजारों में निर्यात के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान भी किया गया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार ब्याज सब्सिडी छह अंकों के कोड वाले उत्पादों के लिए है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रत्येक निर्यातक (आईईसी धारक) के लिए वार्षिक सीमा 50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। लागू दरों की समीक्षा हर छह महीने में मार्च और सितंबर में की जाएगी।

आज अधिसूचित दूसरे उपाय के तहत लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यातकों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के साथ साझेदारी में निर्यात ऋण के लिए गारंटी सहायता शुरू की जा रही है। इसके तहत सूक्ष्म एवं लघु निर्यातकों को 85 प्रतिशत तक और मध्यम निर्यातकों को 65 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज प्रदान की जाएगी। इसमें प्रति निर्यातक के लिए एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 10 करोड़ रुपये की गारंटीकृत राशि का प्रावधान है। निर्यात संवर्धन मिशन को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 नवंबर 2025 को मंजूरी प्रदान की थी। इस मिशन के लिए वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 के दौरान कुल 25,060 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने निर्यात प्रोत्साहन मिशन की निर्यात प्रोत्साहन उप-योजना के तहत दो महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत का स्वागत किया है। फियो के अध्यक्ष श्री एस सी रल्हन ने कहा, 'प्री- और पोस्ट-शिपमेंट निर्यात ऋण के लिए ब्याज सहायता और संपार्श्विक गारंटी तंत्र की शुरुआत एमएसएमई निर्यातकों के सामने आने वाली दो सबसे बड़ी चुनौतियों -ऋण की उच्च लागत और संपार्श्विक की कमी- को दूर करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। ये उपाय वैश्विक बाजारों में भारतीय एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता को बहुत बढ़ाएंगे।

## एफपीआई ने दो दिन में बेची 7,608 करोड़ की इक्विटी




मुंबई (वार्ता)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नये साल में पहले दो दिन के कारोबार में भारतीय बाजारों में 7,608 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने जनवरी के पहले दो दिन में भारतीय पूंजी बाजार से 5,342 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। शुद्ध निकासी का मतलब है कि उन्होंने जितनी पूंजी लगायी उससे ज्यादा निकाली है।

एक तरफ जहां एफपीआई इक्विटी से पैसा निकाल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वे डेट और म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने जनवरी में इक्विटी में 7,608 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। वहीं उन्होंने शुद्ध रूप से 2,266 करोड़ रुपये लगाये। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 22.46 करोड़ रुपये रहा। इक्विटी की तरह ही हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 22.4 करोड़ रुपये निकाले।

उल्लेखनीय है कि कैलेंडर वर्ष 2025 में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 83,972 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी।

इस दौरान उन्होंने शुद्ध रूप से 1,60,103 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी जबकि डेट और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा था।

एफपीआई की बिकवाली का एक कारण डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट को भी माना जा रहा है। जब किसी देश की मुद्रा गिरती है तो विदेशी निवेशकों का पैसा निकालना आम बात है। रुपया इस समय 90 प्रति डॉलर से नीचे है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में यह पांच प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क चुका है। यही कारण है कि एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोत्तरी

मुंबई (वार्ता)। सोने के भंडार में करीब तीन अरब डॉलर की वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.292 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह बढ़ते हुए 10 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर है। इससे पहले 19 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में यह 4.369 अरब डॉलर बढ़ा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.955 अरब डॉलर बढ़ा और 113.32 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 18.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 559.612 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन भी शामिल हैं। डॉलर में उनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.875 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 5.9 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.803 अरब डॉलर पर रहा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5927

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सुडोकू पहेली क्र. 5926**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों का किया गया भ्रमण

**विदिशा,आचरण।** राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026-2027 के लिए कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों का भ्रमण किया गया। यह अभियान 5 जनवरी तक चलना है। कॉलेज चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, नई शिक्षा नीति 2020 को समझाना, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करना है। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों, कोर्सों एवं सुविधाओं की जानकारी देना है। राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिले का अग्रणी महाविद्यालय है। जहां पर लगभग 6 हजार छात्राएं अध्ययनरत हैं । भूगोल, इतिहास, संगीत, कंप्यूटर, एवं गृह विज्ञान जैसे कोर्स उपलब्ध हैं। एनसीसी, एनएसएस एवं खेल मैदान की सुविधा है। महाविद्याल टीम द्वारा सभी तरह की छात्रवृत्ति की जानकारी विदिशा के सभी विद्यालयों को प्रदान की गई है। कॉलेज चलो अभियान प्राचार्य डॉक्टर बी. डी. अहिरवार संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार संपन्न किया जा रहा है। कॉलेज चलो अभियान की नोडल अधिकारी डॉक्टर विनीता प्रजापति ने जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा से संयोजन कर विदिशा के सभी विद्यालयों में महाविद्यालय टीम के साथ भ्रमण कर सुचारू रूप से संयोजित किया।

### रायसेन मेले में गुम हुई बच्ची को पुलिस ने तलाश कर मां को सौंपा

**रायसेन,आचरण।** शहर में चल रहे रामलीला मेले में एक बच्ची अपनी मां से बिछड़ गई। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को ढूंढ निकाला और उसकी मां को सकुशल सौंप दिया। घटना शनिवार की है जब सिलवानी निवासी अवनी अपनी मां ज्ञानेश्वरी के साथ मेला घूमने आई थी। मेले में भीड़ के कारण अवनी अपनी मां से अलग हो गई और गुम हो गई। थाना प्रभारी कोतवाली रायसेन नरेंद्र गोयल और उनके पुलिस बल ने मेले में पैदल गश्त के दौरान बच्ची को देखा। पुलिस ने बच्ची से पूछताछ कर उसकी पहचान की और उसकी मां ज्ञानेश्वरी देवी को ढूंढकर बच्ची को उनके सुपुर्द किया।

**सड़क हादसे में दो घायल, एक रेफर: बेगमगंज।** क्षेत्र में शीत लहर के चलते शाम करीब 5 बजे दो बाइकें आमने- सामने टकरा गई जिससे दोनों के चालक गंभीर घायल हो गए एक घायल को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। आपको बता दें कि ग्राम सकरदा निवासी गब्बर यादव पुत्र प्रकाश यादव नएनगर से थावर में शामिल होकर वापस हो रहे थे कि नए नगर और बांसादेही के बीच खेत से अपने घर भोजपुर जा रहे रामकृष्ण पुत्र मनमोहन सिंह की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक पर सवार दो अन्य लोगों को चोट नहीं आई। सूचना पर डायल 112 घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची जहां गब्बर यादव को भर्ती कर लिया गया है वहीं रामकृष्ण को रेफर किया गया है।

### कुशवाहा समाज की परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**पठारी,आचरण।** नगर में कुशवाहा महासभा ने पठारी तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन खुरई रोड गेंदा बाग सभागृह में किया गया। जिसमें युवक युवती परिचय सम्मेलन के विषय में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह जिला महामंत्री कैलाश कुशवाह ने समाज में हो रही विकृतियों को दूर करने एकजुट रहने एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन पर चर्चा की। इस दौरान पठारी तहसील के अध्यक्ष राजेश कुशवाह सचिव सुनील कुशवाहा एवं तहसील उपाध्यक्ष चंदन कुशवाहा सुनील कुशवाहा महामंत्री रामप्रसाद कुशवाह सदस्य प्रकाश कुशवाह संगठन मंत्री कमलकुशवाहा पहलाद कुशवाहा आदि सामाज बंधु उपस्थित रहे।

### 48 टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया

**बेगमगंज,आचरण।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल में टीबी उपचार ले रहे मरीजों को फूड बास्केट के थैले वितरित किए गए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपचारार्थ 48 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीवी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। पोषण आहार के बास्केट सीबीएमओ डॉक्टर नितिन सिंह तोमर द्वारा वितरित किए गए। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रतिमाह आर्थिक सहायता एक हजार रुपए के साथ-साथ पोषण आहार के बास्केट का भी वितरित किए जाते है संपूर्ण इलाज जांच उपचार आर्थिक सहायता एवं पोषण आहार निशुल्क मरीजों को दिया जाता है उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का संचालन ब्लॉक में बहुत ही अच्छे ढंग से किया जा रहा है कार्यक्रम में सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

**दो व्यक्तियों की दुनिया होगी रोशन: विदिशा।** समाजसेवी स्व. डॉ. पदम जैन की सुपुत्री एवं डॉ. अमित जैन की बहन प्रियंका जैन 47 वर्ष के अकस्मात निधन उपरांत हुए नेत्रदान से दो व्यक्तियों को जीवन में रोशनी प्राप्त होगी। लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अतुल शाह एवं लायन डॉ. आशीष जैन एवं परिजनों द्वारा अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

## 10 किलो चांदी के जेवर और 10 ग्राम सोना लेकर फरार

# बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप से की सोने-चांदी के जेवर सहित लाखों की चोरी

### बदमाश कर रहे थे दुकान की रैकी

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** चोरों के हौंसले इन दिनों काफी बुलंद हैं आए दिन चोरी की वारदातें सामने आ रहीं हैं। इसी कड़ी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को खरीफाटक रोड पर स्थित अरिहंत ज्वेलर्स को दर्जनभर से अधिक चोरों ने अपना निशाना बनाया और लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ किए। यह सारी घटना महज छह मिनट के भीतर चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग गए। दुकान संचालक शैलेंद्र जैन और संदीप जैन उर्फ बंटी ने बताया कि रात करीब दो बजकर 42 मिनट पर उनके पास दुकान पर तैनात उनके चौकीदार का फोन आया कि दुकान में कुछ हथियारबंद बदमाश घुस रहे हैं और उसके साथ मारपीट की और इतने अधिक युवक हथियार बंद देखकर वह भाग गया था। जैन ने बताया कि वे तुरंत ही दुकान पहुंचे। तो मेन शटल टूटा पड़ा था और दुकान के सभी ताले टूटे हुए थे। जेवर के शोकेस को भी तोड़ दिया गया था। चोर दुकान से करीब 10 किलो चांदी के जेवर और करीब आठ से 10 ग्राम पुराना सोना और करीब 30 हजार रुपए नकद लेकर भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को देने पर कुछ ही समय पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और छानबीन शुरु की। वहीं संदीप जैन ने बताया कि पुलिस ने आकर जांच तो की, लेकिन घटना के इतने तुरंत बाद आने के बावजूद चोर भागने में कामयाब हो गए। जबकि यदि पुलिस शहर की सीमाओं पर नाकाबंदी कर शहर में विशेष छानबीन करती तो रात को ही चोरों को पकड़ा जा सकता था। दुकान संचालक ने बताया कि 23 दिसम्बर की रात के सीसीटीव्ही फुटेज देखने पर पता चला था कि आधी रात को कुछ युवक उनकी दुकान के पास घूम कर रैकी कर रहे थे। जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली टीआई को दूसरे दिन फुटेज दिखाते हुए की थी। इसके बावजूद यह घटना घटित हो गई। इस घटना से व्यापारियों में खासी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस यदि चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पाएगी तो व्यापारी व्यापार कैसे करेगा। सीसीटीव्ही कैमरे लगे होने के बावजूद इस तरह की घटनाएं हो रहीं हैं और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही। दुकान संचालक शैलेंद्र जैन ने बताया कि उनके चौकी दार के साथ गुलेल से हमला कर इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस दौरान पास की दुकानों के दो चौकीदार भी आए तो बदमाशों ने उन्हें हथियारों से धमकी देकर भगा दिया। पूरा मामला लूट का है और पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर रही है। आनंदराज, टीआई कोतवाली ने बताया कि पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आई हैं। दो बजकर 36 मिनट से लेकर 2 बजकर 42 मिनट के बीच यह घटना हुई है। चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। अतुल सिंह, सीएसपी, विदिशा ने बताया कि चोरों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित कर ली है।

### मां अन्नपूर्णा दरबार में आयोजित हुआ विशाल नगर भंडारा

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** शहर के मध्य स्थित लुहांगी पहाड़ी पर माता अन्नपूर्णा दरबार में विशाल नगर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां अन्नपूर्णा देवी की पूजन-अर्चना कर प्रसादी ग्रहण की। मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजावत ने बताया कि प्रतिवर्ष मां अन्नपूर्णा देवी के प्रकट उत्सव मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर यह भंडारे का आयोजन किया जाता है। प्रारंभ में यहां कन्या भोज का आयोजन होता था, लेकिन पिछले करीब 12 वर्षों से यहां मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के तत्वाधान में नियमित रूप से नगर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुछ पारिवारिक कारणों से मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर भंडारा आयोजित नहीं हो सका था, इसलिए शनिवार को पूर्णिमा के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां अन्नपूर्णा की पूजा कर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

**अपहृत नाबालिग बालिका दस्तयाब: रायसेन।** घर से अपहृत हुई नाबालिग को रायसेन पुलिस ने मात्र 6 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादीया शकुन बाई निवासी ग्राम रमासिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपने पति व बच्चों के साथ खाना खाकर सो गई थी। उसकी 14 वर्षीय पुत्री नर्वदा बैरागी अन्य बच्चों के साथ अंदर कमरे में सो रही थी। प्रातः लगभग 4 बजे नींद खुलने पर पुत्री कमरे में नहीं मिली। परिजनों द्वारा आसपास, रिश्तेदारी व गांव में तलाश करने के बाद भी बालिका का कोई पता नहीं चला। फरियादिया को आशंका थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। पुलिस ने बालिका को कुछ घंटे में ही दस्तयाब कर लिया।

### राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फुले जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में पंचशील बुद्ध विहार बेरखेड़ी चौराहा पर तथागत गौतम बुद्ध, बोधिसत्व बाबासाहेब अंबेडकर एवं माता सावित्रीबाई फुले की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर माता सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृन्दावन लाल अहिरवार, आरबीएम कोषाध्यक्ष के द्वारा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के पूर्व आईटी सेल प्रभारी मुकेश बौद्ध के द्वारा बताया गया कि जनवरी को 208 वां शौर्य दिवस भीमा कोरेगांव की क्रांति, 3 जनवरी को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं 4 जनवरी संत चोखा मेला की संयुक्त जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें शौर्य दिवस भीमा कोरेगांव में 500 महार सैनिकों के द्वारा पेशवाओं की 28000 की सेना परास्त किया गया था।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, समझाइश दी

आचरण संवाददाता



**पठारी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान त्योंदा पठारी रोड स्थित गुफा तिगड्डा पर लगाई गई वाहन चेकिंग अभियान में एएसआई राजेश कुकरेती ने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि आप सभी आज यह शपथ लें कि हम बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट एवं बिना कोई भी नशा किए वाहन चलाएंगे जिससे कि हम भी सुरक्षित रहें और हमारा परिवार भी सुरक्षित रहे इस मौके पर कहा कि आज मोबाइल के जितने अच्छे परिणाम हैं उतने ही दुष्परिणाम भी हैं मोबाइल में फालतू चीजें ना रखें यदि हम समझदार होंगे तो निश्चित तौर पर भविष्य में होने वाले क्राइम से भी बच सकेंगे। आपके साथ यदि किसी भी प्रकार की कोई घटना हो रही है कोई आपको परेशान कर रहा है तो बेझिझक पुलिस को बताएं। उन्होंने कहा कि अपने वाहन का बीमा अवश्य कराएं और बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन बिल्कुल ना चलाएं । वाहन चेकिंग अभियान में लगभग 80 वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें अधिकतर वाहन चालकों को समझाइश दी गई वही बाहन चालकों से 1100 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई एवं कुछ वाहन चालकों को समझाइश देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान एएसआई राजेश कुकरेती, प्रधान आरक्षक कृष्णानंद राय,प्रधान आरक्षक राजकुमार बघेल, आरक्षक धरम वीर आदि मौजूद रहे।

### लगातार दूसरे दिन कोल्ड डे, अलाव बने सहारा, घरों में लोग दुबके

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** नगर में इन दिनों कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। रायसेन में लगातर शनिवार रविवार को कोल्ड डे की स्थिति बनी रही। रविवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओ के कारण ठिठुरन बढ गयी है शीतलहर के कारण दृश्यता भी सौ मीटर से भी कम रह गई। ठंड का आलम ऐसा रहा कि सूर्य नारायण भी बादलों की ओट में छिपे रहे। सुबह देर तक नगर घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया, जिससे दृश्यता भी कम बनी रही।भीषण ठंड से बचने के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग अलाव तापते हुए दिखाई दिए। बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ नजर आई। जो लोग आवश्यक कार्यों से बाहर निकले, वे भी गर्म कपड़ों में पूरी तरह लिपटे हुए दिखे। दिनभर शीतलहर ने नगर को अपनी आगोश में ले रखा, जिससे तापमान पूरी तरह गिर गया। लगातार बढ़ती ठंड ने जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है और लोग फिलहाल मौसम के मिज़ाज के नरम होने का इंतजार कर रहे हैं।ठंड के कारण सामान्य व न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बर्फबारी से अचानक ठंड बढ़ी है।

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुल्तानगंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना सुल्तानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया खुर्द में 8 माह पूर्व चार लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 को आरोपी सत्यपाल सिंह यादव पिता हरनारायण सिंह यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पिपलिया खुर्द, अपने पिता हरनारायण यादव, भाई नरेंद्र यादव एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव के ही एक परिवार पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था। उक्त घटना में चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना के बाद थाना सुल्तानगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी सत्यपाल यादव घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा इनाम भी घोषित किया गया था।विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सुल्तानगंज श्यामराज सिंह राजपूत के नेतृत्व में चौकी जैथारी प्रभारी सुनील भदौरिया एवं प्रधान आरक्षक नरेंद्र रघुवंशी के सहयोग से विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा ग्राम सियरमऊ स्थित एक चाय की दुकान पर दबिश देकर फरार आरोपी सत्यपाल यादव को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल में बंधी हुई एक तलवार भी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भिजवाया।

### जल जीवन मिशन पर करोड़ों खर्च, नहीं मिल रहा शुद्ध जल

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 16 मौतों और 150 लोगों के बीमार होने से पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। वहीं शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी स्वच्छ पेयजल का सपना अब मज़ाक बनता नजर आ रहा है। जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को आज भी दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ताज़ा मामला सांची विकासखंड के ग्राम अंबाड़ी का है, जहाँ हालात इतने बदतर हैं कि नालियों और गटर के बीच से होकर गुजर रही पाइपलाइनों से ही लोगों को पानी सप्लाई किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर पाइपलाइन के वॉल और जोड़ पूरी तरह लीकेज हैं। नालियों में बहता गंदा पानी इन लीकेज पाइपों में भर जाता है, और वही दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। मजबूरी में ग्रामीण वही पानी पी रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।सबसे गंभीर बात यह है कि इस स्थिति की जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार दी गई, लेकिन आज तक न तो पाइपलाइन सुधारी गई और न ही लीकेज बंद किए गए। सवाल यह उठता है कि जब सरकार हर घर नल, हर घर जल का दावा कर रही है, तो फिर ज़मीनी हकीकत इतनी भयावह क्यों है? ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़ी स्वास्थ्य समस्या से इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखने वाली बात यह होगी कि शासन-प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर कब जागता है, या फिर जल जीवन मिशन यूँ ही गटर के पानी में बहता रहेगा। लोगों ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 16 मौतों के बाद हमें भी चिंता होने लगी है क्योंकि हमारे गांव में पीने की पाईप लाइन गटर के पानी में से होकर जा रही है। और उसमें कई जगह लीकेज भी हैं।पानी की पाईप लाइन दूसरी जगह शिफ्ट करना चाहिए। नही तो गंभीर हादसा होने की आशंका है।

### ई-टोकन व्यवस्था से खाद मिलना हुआ आसान, मिली सराहना

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा खाद वितरण में पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में विदिशा जिले की समितियों में खाद भंडारण सुचारु रूप से जारी है। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जोगी किर्रोदा में खाद लेने आए कृषक से ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में संवाद किया एवं उक्त व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु कृषकों के विचार प्राप्त किए। कृषकों द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जारी खाद वितरण की ई-टोकन की पहल को काफी सराहा जा रहा है। कृषकों को पूर्व में होने वाली असुविधाओं, लंबी कतारों एवं स्टॉक की कमी से निजात प्राप्त हुई है एवं खाद मिलने में सुविधा हुई है।

**नवाचार**

## शिक्षा का स्तर सुधारने मीडिया का सहयोग जरूरी: एसडीएम

# शिक्षा का स्तर सुधारने एसडीएम द्वारा स्कूली बच्चों को दिया जा रहा मार्गदर्शन

आचरण संवाददाता

**बेगमगंज।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के नवाचार से जिले भर में शिक्षा का स्तर सुधारने की विशेष मुहिम चल रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इसी तारतम्य में बेगमगंज तहसील के सभी शासकीय स्कूलों में एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा भी इसी तरह का अभियान चलाकर बाकायदा विद्यार्थियों की कक्षा में पहुंचकर संबंधित विषय के संबंध में पढ़ाते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया जा रहा है। प्रशासन के इस अभियान में मीडियाकर्मियों से भी सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि वह भी अपने-अपने स्तर से शिक्षा का स्तर सुधारने एवं वार्षिक बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के विद्यार्थियों को टॉप टेन लिस्ट में स्थान दिलाने के लिए सहयोग करें। वही एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारों की बैठक लेते हुए विभिन्न विषय पर चर्चा के साथ तहसील के तीन पीएमश्री विद्यालय शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बेगमगंज, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तुलसीपार एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पड़रिया राजाधार पहुंचकर औचक निरीक्षण के साथ कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को संबंधित सब्जेक्ट में पढ़ाई करने के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इससे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में जागरूकता आई है। उन्होंने बताया, कलेक्टर के इस नवाचार से जिले भर में शिक्षा का स्तर सुधारने की पहल बढ़ रही है। बैठक में पत्रकारों द्वारा नगर में जगह-जगह फूटी पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई का मुद्दा एवं ग्राम मोदकपुर में बिना डिग्री का डॉक्टर भगवान दास लोधी के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर उसके फर्जी क्लिनिक सील होने के बावजूद भी पीछे से क्लिनिक संचालित किए जाने और जटिल रोगों से संबंधित मरीजों को भर्ती करके उनका इलाज करने का मुद्दा उठाते हुए उक्त अनरजिस्टर्ड डॉक्टर सहित करहोला में इसी तरह उपचार कर रहे अनरजिस्टर्ड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात पर एसडीएम मिश्रा ने कहा, निश्चित ही उक्त फर्जी डॉक्टर भगवान दास लोधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। वहीं पिछले 6 माह से मड़िया डेम का जलभराव होने से बेगमगंज-बेरखेड़ी बीना नदी का पुलबंद होने से बेगमगंज-हैदरगढ़-विदिशा मार्ग बंद होने,वहीं नवनिर्मित संजीवनी क्लिनिक खोले जाने, गीता भवन के लिए स्थान चयन सहित नगर एवं क्षेत्र की अन्य समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए सुझाव के साथ उनके निराकरण किया जाने की बात एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा की गई। इस अवसर पर पत्रकारगण में सईद नादां, बिट्टू यादव,शब्बीर अहमद, शरद शर्मा, हरि साहू, मनोज गुप्ता, राशिद मीर, राजीव दुबे, मुकेश पाटकर, शानू रैकवार, आकाश गोहिल, विशाल शिल्पकार, अमजद खान, गोविंद गोलू कुंडरिया, राहुल अहिरवार मौजूद थे।

### रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ सभा आयोजित, यातायात नियमों की दी गई जानकारी




आचरण संवाददाता

**विदिशा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में तथा यातायात प्रभारी विदिशा सूबेदार आशीष राय के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन, विदिशा में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान उपस्थित ऑटो चालक संघ एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के संबंध में विस्तार से समझाइश दी गई। साथ ही नागरिकों को राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान कर दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। विदिशा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में जमकर बिके उत्पाद

**शिवपुरी,आचरण।** जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन रविवार को शिवपुरी शहर की पुरानी अनाज मंडी में किया गया। जिसमें आमजनों के द्वारा जमकर जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की खरीदारी की। इस अवसर पर कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने भी परिवार के साथ जैविक स्वीटकॉर्न एवं सब्जियों की खरीदी की एवं जैविक प्राकृतिक हाट बाजार का अवलोकन कर किसानों को प्रोत्साहित किया गया। हाट बाजार में जिले के विकासखण्डों से आये हुए किसानों द्वारा अपनी जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों सामग्री जैसे सब्जियां, फल खाद्यान्न की दुकानें आमजन के लिये प्रति रविवार को शासन की पहल पर लगाई जाती है। इस हाट बाजार में जिले के प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों के साथ-साथ सृजन एनजीओ, एसआरएलएम एवं कृषि विज्ञान केंद्र का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। हाट बाजार में इस रविवार को 42 किसानों के द्वारा अपनी जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद विक्रय के लिये दुकानें लगाई जिसमें उन्होंने अपने सामान का विक्रय कर लगभग 52030 रुपये की राशि अर्जित की। हाट बाजार में उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक आत्मा पान सिंह करोरिया द्वारा किसानों को शासन की इस पहल के फायदे बतलाए। साथ ही किसानों से जैविक मूंग, उड़द एवं सब्जियां क्रय की। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी प्राकृतिक खेती डॉ. मुकेश कुमार भार्गव द्वारा भी प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन एवं जागरूकता के लिए मण्डी परिसर में ही किसानों एवं जन सामान्य को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से समझाइश दी गई। सजून एनजीओ के अवधेश रघुवंशी, केवलराम कीर पिछोर एवं सुरेन्द्र कुशवाह कोलारस बागवानी विशेष द्वारा बताया गया उनके एनजीओ के माध्यम से जिले के कोलारस, पिछोर करैरा ओर खनियाधाना में किसानों द्वारा प्राकृतिक और जैविक खेती का कार्य किया जाता है जिसके अंतर्गत उनके द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक सब्जियों की खेती की जा रही है, जैविक हाट लगने से जिले के किसानों को अपने जैविक उत्पाद विक्रय हेतु सुलभ स्थान जिले में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के माध्यम से सुनिश्चित हुआ जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। हाट बाजार में मृदा प्रयोगशाला प्रभारी योगेन्द्र शर्मा के साथ-साथ समस्त ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक आत्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### जिला अस्पताल में ईलाजरत प्रसूता की मौत के बाद नर्स स्टाफ के साथ मारपीट मामले में आरोपी पिता दोषमुक्त

**शिवपुरी,आचरण।** न्यायालय जे.एम.एफ.सी. शिवपुरी द्वारा पारित अपने एक निर्णय में जिला अस्पताल शिवपुरी में ईलाजरत प्रसूता की मृत्यु के बाद नर्स स्टाफ के साथ हुई मारपीट में आरोपी पिता को दोष मुक्त घोषित किया है आरोपी अनवर मुसलमान की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव बिलगैयों अधिवक्ता द्वारा की गई। प्रकरण के संक्षिप्त में अभियुक्त अनवर अहमद के विरूद्ध भा.द.वि. 1860 की धारा 294, 323 (दो शीर्ष में), 353 (दो शीर्ष में). 332 (दो शीर्ष में) एवं 186 के अंतर्गत अपराध का आरोप न्यायालय द्वारा संज्ञान में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी अनवर की पुत्री शेख फरजाना की जिला अस्पताल में डिलेवरी होने के बाद मृत्यु हो गई थी तथा अस्पताल में विवाद तथा मारपीट की घटना घटित हुई थी।



जिसके अनुसार आरोपी पर यह अपराध आरोपी पर अधिरोपित किया गया था कि दिनांक 04.01.2021 को जिला चिकित्सालय शिवपुरी के लेबर रूम में उसके द्वारा फरियादिया शिवाली मोहिते को माँ-बहन की बुरी-बुरी गालियाँ देकर अशलील शब्द उच्चारित किये, जिससे उन्हे व सुननेवालों को छोब कोरित हुआ। इसके अलावा फरियादिया शिवाली मोहिते व आहत प्रियंका राजे यादव के साथ लात-घूसों से मारपीट कर स्वेच्छा उपहति कारित की। घटना दिनांक को उक्त दोनों जिला अस्पताल शिवपुरी में लोक सेवक के नाते अपना पदीय कर्तव्य निर्वहन कर रही थी। प्रकरण के विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा अपनी ओर से 10 साक्षीयों के कथन लेखबद्ध कराये गये तथा बचाव पक्ष की ओर से आरोपी अनवर ने न्यायालय के समक्ष शपथ पर अपना कथन अंकित कराया है। आरोपी पक्ष की ओर से माननीय उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के विभिन्न न्याय दृष्टांतों का उल्लेखित करते हुये लिखित तर्क प्रस्तुत किये हुये है। न्यायालय द्वारा उभय पक्ष के तर्क श्रवण करने के उपरांत अपने निर्णय में यह तथ्य अंकित किया की, शिकायत आवेदन तथा एफ.आई.आर. में आरोपी का नाम उल्लेखित नहीं है। प्रकरण में आई साक्ष्य से आरोपी द्वारा अपराध किया जाना प्रमाणित नहीं है।2 न्यायालय ने अपने निर्णय में पब्लिक सर्वेट की परिभाषा को उल्लेखित किया है तथा व्यक्त किया है कि, साक्षी शिवाली मोहिते ने अपने कथन में यह स्वीकार किया है कि, घटना दिनांक को उसकी ड्यूटी मेडिकल कॉलेज में थी। इस संबंध में आरोपी पक्ष ने शिवाली मोहिते एवं आहत प्रियंका राजे यादव को घटना दिनांक के समय नर्सिंग ऑफीसर के पद पर पदस्थ रहते हुये लोक सेवक के रूप में कार्य करने बावत चुनौती दी है। न्यायालय ने निर्धारित किया कि प्रकरण साक्ष्य विवेचन से यह स्पष्ट है कि, अभियोजन युक्तियुक्त संदेह से परे अभियुक्त के विरूद्ध प्रमाणित करने में असफल रहा है कि, घटना दिनांक को उसके द्वारा जिला अस्पताल शिवपुरी के लेबर रूम में आरोपित अपराध कारित किया है। इस कारण आरोपी अनवर मुसलमान पुत्र स्वः निसाह अहमद को न्यायालय द्वारा आरोपित अपराध से दोषमुक्त किया है। प्रकरण में आरोपी की ओर से पैरवी संजीव बिलगैयाँ अधिवक्ता द्वारा की गई।

## टैक्सी में करीब तीन दर्जन महिला पुरुष और बच्चे थे सवार

# तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडिंग टैक्सी पलटने से बच्चों सहित डेढ़ दर्जन घायल

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजगढ़ के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडिंग टैक्सी पलटने से उसमें सवार करीब तीन दर्जन ग्रामीणों में से डेढ़ दर्जन ग्रामीण घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा में भर्ती कराया गया जहां सभी को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई। जानकारी मिली है कि घायलों में से कुछ गंभीर लोगों को ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया गया है कि सभी लोग रिश्तेदार के यहां आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर टैक्सी में सवार होकर अपने घर वापस जा रहे थे इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पाली के ग्राम राजगढ़ में रहने वाले एक ग्रामीण के यहां शनिवार को तेरहवीं कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटोरा खुर्द निवासी उसके करीब 36 रिश्तेदार महिला, पुरुष और बच्चे लोडिंग टैक्सी में सवार होकर अपने रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे। बताया गया है कि जब वह शनिवार की देर शाम कार्यक्रम में शामिल होकर इस टैक्सी में सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी तेज गति से भागती टैक्सी राजगढ़ के बाहर निकली ही थी कि अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। टैक्सी पलटने से उसमें सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। इस सड़क हादसे की सूचना जैसे ही थाना पाली पुलिस को मिली वैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाकर स्थानीय राहगीरों की मदद से सभी महिला पुरुष और बच्चे सहित 18 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा इलाज के लिए भेजा गया। बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, लेकिन घायलों में 60 वर्षीय विमला, 45 वर्षीय भगवती, 50 वर्षीय रामप्यारी और 35 वर्षीय हरकुआँर को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में करें कार्रवाई: निगमायुक्त

आचरण संवाददाता

**कटनी।** नगरीय क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वर्तमान में किए जा रहे प्रयासों और भी सुधार की गुंजाइश है। इसके लिए निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप ही प्रत्येक मार्ग की सुनियोजित एवं सतत सफाई के प्रयासों को और भी व्यापक स्तर से किए जाने की आवश्यकता है।तभी नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं व्यवस्थित करने में सफलता हासिल की जा सकेगी। उक्त बात निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। निगमायुक्त ने प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित यांत्रिक एवं मैनुअल सफाई करने,स्वीपिंग मशीन के माध्यम से धूल नियंत्रण की कार्यवाही अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मार्गों के किनारे, डिवाइडर तथा पेवर ब्लॉक के ऊपर जमा धूल मिट्टी की सफाई कराकर एकत्रित धूल मिट्टी को ट्रैक्टर ट्राली से ढक कर उचित स्थान में डंप कराने की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं उद्यान विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। निगमायुक्त ने घुमंतू मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण हेतु रोजाना कारगर कार्यवाही करने के साथ ही सफाई नियमों का पालन नहीं करने, अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने, निर्माण एवं विध्वंस कार्यों से उत्पन्न धूल पर नियंत्रण तथा सार्वजनिक मार्गों पर निर्माण सामग्री रखने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त मुख्य मार्गों की सुंदरता और हरित क्षेत्र विकास की दिशा में डिवाइडर के अंदर सुंदर छोटे फूलदार पौधों का रोपण कर स्प्रिंकलर के माध्यम से डिवाइडर के पौधों की सिंचाई करने के निर्देश बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नगर निगम का उद्देश्य समन्वित प्रयासों के माध्यम से नगर की वायु गुणवत्ता में निरंतर सुधार कर इसे स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाना है। सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, तथा अधिकारी अपने स्तर से सफाई व्यवस्था एवं वायु गुणवत्ता सुधार से संबंधित सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान सहायक यंत्री आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अरजरिया सहित सभी वार्डों के स्वच्छता निरीक्षक मौजूद थे।

## दबंगों ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नई बस्ती देवगढ़ रोड पर बने नए ब्रिज के नीचे चार लोग शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान जब एक युवक वहां से निकला, तो उन्होंने शराब पार्टी में हिस्सा लेने के लिए दवाब बनाया। इस दौरान जब उसने विपक्षियों की बात मानने से इनकार किया, तो उन्होंने सरेआम मारपीट की तथा धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर के मोहल्ला नई बस्ती चंडी माता मंदिर के पीछे रहने वाले आयुष पुत्र प्रभु दयाल ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए व्रत कराया कि वह रेलवे स्टेशन से लौटकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में नए ब्रिज के नीचे संदीप भोडेले के साथ उत्कर्ष नायक पुत्र राजेश नायक, उदय पाराशर व सुमित कौशिक आदि शराब पार्टी कर रहे थे। इस दौरान जब वह वहां से निकला, तो सभी ने उसे रोक लिया और साथ में शराब पीने के लिए बात करने लगे। जब उसने उनके साथ शराब पार्टी में हिस्सा लेने से इनकार किया, तब उक्त लोगों ने उसकी गाड़ी की चाबी खींच ली और उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लाठी डंड़ों से मारपीट की।

# बांध में नालियों का गंदा पानी डालने से संक्रामक बीमारियों का खतरा: कपूर

आचरण संवाददाता

ललितपुर। शहर के स्थानीय कंपनी बाग में रविवार को बुन्देलखण्ड विकास सेना के कार्यकर्ताओं ने विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में शहर में प्रदूषित जल सप्लाई तथा नालियों का गंदा पानी गोविन्द सागर बांध में डाले जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस मौक़े पर बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जल संस्थान की अकर्मण्यता के चलते शहर में अनेक स्थानों पर पानी की पाइप लाइनें टूटी हुई हैं जिस कारण लोगों के घरों में प्रदूषित पानी की सप्लाई हो रही है। पानी की सप्लाई शुरू होने के 15-20 मिनट तक काला और प्रदूषित पानी आता है जिसे पीने के लिए लोग मजबूर हो रहे हैं।जिस कारण लोग संक्रामक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर के आजादपुरा, करीमनगर, तालाबपुरा, डेम रोड, पर जगह जगह पाइपलाइन टूटी हुई हैं। इन टूटी पाइपलाइनों से घरों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषित पानी पीने इन्दौर जैसी घटना की पुनरावृत्ति ललितपुर में हो सकती है। जिम्मेदार अधिकारियों का इस तरफ ध्यान नही जा रहा है। क्या कोई बड़ी घटना का इंतजार हो रहा है। गोविन्द सागर बांध से लगे मुहल्ले आजादपुरा, और लेड़ियापुरा की नालियों का का गन्दा पानी गोविन्द सागर बांध में डाला जा रहा है इसे तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाये। उन्होंने सिंचाई विभाग और नगरपालिका से अपील की है कि एक एक्शन प्लान बना कर नालियों के गंदे पानी का ट्रीटमेंट करके इसे गोविन्द सागर बांध में डाले जाने से रोका जाए। ताकि लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि जल संस्थान की अकर्मण्यता पर लगाम लगाते हुए टूटी हुई पाइपलाइनों को दुरुस्त कराया जाए तथा गोविन्द सागर बांध में नालियों का गंदा पानी जाने से रोका जाए अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। प्रदर्शन के दौरान राजकुमार कुशवाहा,अमर सिंह बुंदेला, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा मौजूद थे।

## प्रभातफेरी से शारीरिक व मानसिक लाभ मिलता है

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** महाकाल प्रभातफेरी तेरई फाटक के भक्तजनों द्वारा नित्यप्रति तेरई गांव में प्रभातफेरी निकाली जाती है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चे, महिलाएं व पुरुष प्रभात फेरी में शामिल होते हैं। इस प्रभातफेरी से गांव के लोगों में परिवर्तन दिखाई देने लगा है। गांव में स्वच्छता पर विशेष ध्यान ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। प्रभातफेरी के भक्तजनों को संबोधित करते हुए महाकाल प्रभातफेरी के संरक्षक मनोज कुमार तिवारी ने प्रभातफेरी से जीवन में क्या लाभ है इस विषय पर अपने उद्गार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रभातफेरी से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जैसे कि रक्त संचार बढ़ता है, मांसपेशियों में बल आता है, और पाचनशक्ति बढ़ती है। प्रभातफेरी से मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है, जैसे कि मस्तिष्क तरोताजा रहता है, विचारशक्ति में वृद्धि होती है, और आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रभातफेरी से आध्यात्मिक लाभ भी होता है, जैसे कि ईश्वर स्मरण से सौंदर्य, बल, स्मरण शक्ति, बुद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त होता है। प्रभातफेरी से सामाजिक लाभ भी होता है, जैसे कि लोगों के बीच एकता और सहयोग बढ़ता है, और सामूहिक संकीर्तन से मन और विचारों को पवित्र बनाया जा सकता है। प्रभातफेरी से पर्यावरणीय लाभ भी होता है जैसे कि सुबह स्वच्छ और शुद्ध हवा मिलती है, और प्रकृति के सुंदर दृश्यों का आनंद लिया जा सकता है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी छोटेलाल प्रजापति ,बाबूलाल शिवहरे ,राजपाल राजपूत,आशाराम शिवहरे कोमल अहिरवार,देशराज कुशवाहा मुकेश कुमार राजपूत,रामकुमार साहू ,धर्मेन्द्र साहू, सतीष पाण्डेय , श्याम रैकवार, अरुण शिवहरे , पंकज भारद्वाज प्रहलाद झा उपस्थित रहे।

**मारपीट कर धमकी देने का आरोपः ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डूंगरिया में घरेलू पारिवारिक विवाद में एक महिला ने अपने पति से चार ससुराली जनों पर गाली गलौज कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम डूंगरिया निवासी प्रीति पत्नी लोखन लोधी ने थाना पाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि अपने घर में थी और घरेलू कार्य कर रही थी। इसी दौरान उसका विवाद उसके अपने पति लाखन लोधी पुत्र अमर सिँह आदि से हो गया था। इस दौरान उसके और उसके परिजनों के बीच काफी कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित उसके पति ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर एक राय होकर उसे घर में ही दबोच कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। थाना पाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## लकड़ी उठाने से मना करने पर मारपीट, मामला दर्ज

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांचौनी में एक ग्रामीण की रखी हुई लकड़ी को जब विपक्षी जबरन उठने लगे, तो ग्रामीण ने मना किया। जिससे आक्रोशित होकर दबंगों ने ग्रामीण और उसकी पत्नी को मौके पर दबोच कर उनके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम पाचोनी निवासी दसोधा वंशकार पुत्र दीना ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके ही गांव में रहने वाले विपक्षी भूरा पुत्र धनुआ, सोनू पुत्र बृजेंद्र, सनी पुत्र भूरा एक राय होकर उसके हिस्से की रखी हुई लकड़ी उठा रहे थे। इस दौरान जब उसने विपक्षियों को लकड़ी उठाने से मना किया, तो सभी ने एक राय होकर उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंड़ों से मारपीट की। इस दौरान जब उसकी पत्नी एवं बहू उसके बचाव में आई, तो दबँगों ने उन्हें भी नहीं बक्शा। इस दौरान दबंग विपक्षियों ने कृषि कार्य के काम में आने वाली औजार को उठाकर हमला कर दिया, जिससे वह लोग घायल हो गए। इस दौरान सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से रफूचक्कर हो गए।

**बैठक** | राजस्व शाखा निगम की रीढ़ है, लापरवाही स्वीकर नहीं:निगमायुक्त

# निगमायुक्त ने राजस्व वसूली की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा कर वसूली कार्य में गति लाने दिए निर्देश

आचरण संवाददाता

**कटनी।** राजस्व शाखा नगर निगम की रीढ़ है,नगर के अधिकांश विकास कार्य राजस्व आय पर ही निर्भर है। अतः संपूर्ण राजस्व अपना अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ करें, किसी भी कर्मचारी को कार्य के दौरान यदि कहीं कोई परेशानी हो तो खुलकर बताएं ताकि उसके निराकरण के प्रयास समय रहते कर सकें। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने राजस्व वसूली की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दिए। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित राजस्व शाखा, जलकर शाखा, बाजार शाखा,ट्रेड लाइसेंस शाखा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के सत्यनारायण मिश्रा,संतोष बिरहा, धमेन्द्र परौहा,संतोष गौतम,शैलेन्द्र कुण्डे, पुरुषोत्तम तिवारी,रमाकांत रावत, विश्राम कोल,अजय निगम, अरुण पाठक आदि की निम्न साप्ताहिक वसूली पर गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर रोजाना बकायादारों से डोर टू डोर संपर्क कर वसूली में गति लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने कम वसूली वाले वार्डो मे वसूली की प्रगति हेतु रोजाना समीक्षा कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं कम वसूली कर्ता कर्मचारियों को आगामी सप्ताह तक वसूली कार्य में गति नहीं लानें तथा 5 प्रतिशत से कम वसूली वालों के वेतन का आहरण रोकने एवं नोटिस जारी करने की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इस दौरान आरएसआई प्रमोद खरे एवं लवकुश तिवारी की वसूली कम होने पर उन्हें भी मेहनत कर टारगेट पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। बैठक के दौरान सचिन तिवारी द्वारा 90 प्रतिशत साप्ताहिक वसूली किये जाने पर तालियां बजाकर उनको प्रोत्साहित किया जाकर उनके वसूली के तौर तरीकों की जानकारी ली गई तथा शेष लोगों को भी श्री तिवारी की तरह रोजाना नागरिकों से संपर्क करने के प्रयास करते हुए वसूली कार्य में गति लाने हेतु प्रेरित किया गया। जलकर शाखा की साप्ताहिक वसूली के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए वसूली बढाने तथा बड़े बकायादारों की लिस्ट तैयार करते हुए निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित करते हुए नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही प्रारंभ करनें के निर्देश सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा आवास रिकवरी के बीएलसी के प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से आगामी बैठक में अवगत करानें, ट्रेड लाइसेंस की निर्धारित टारगेट अनुरूप वसूली करनें तथा बाजर बैठकी की वसूली में सुधार लानें के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त द्वारा कुल वसूली एवं शेष वूसली की जानकारी ली जाकर प्रति सप्ताह एक करोड़ रूपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ही वूसली करनें की हिदायत दी गई।

## जमकर चले लाठी-डंडे, मुकदमा दर्ज

**तालबेहट,आचरण।** कोतवाली क्षेत्र के रानीपुरा खांदी व करीला मोहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में लाठी-डंडे, लोहे की रॉड, कुल्हाड़ी और अन्य हथियार चले। इस घटना में दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 13 नामजद सहित 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तभी सुरेश साहू, मुकेश साहू, अजय साहू, देवेन्द्र साहू सहित 5-6 अज्ञात लोग हथियारों के साथ दुकान में घुस आए और उस पर हमला कर दिया। बीच-बचाव में आए भाइयों पर भी कुल्हाड़ी व धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिससे तीनों भाइयों के सिर में गहरे घाव आए। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

दूरभाष 07582-223308 फैक्स 07582-222070, 224543
ई मेल dmsagar41@gmail.com
न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विवाह अधिकारी, जिला- सागर म०प्र०
प्रकरण क्रमांक /2025-26
!! विज्ञप्ति !!
चूंकि, विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए (वर) श्री मोहित पटैरिया पिता श्री मुरारी पटैरिया उम्र-25 वर्ष निवासी हाट पथरिया थाना मोतीनगर तहसील व जिला सागर (म०प्र०) एवं (वधु) श्रीमति पूजा कोरी पुत्री श्री कृष्ण कुमार कोरी उम्र-23 वर्ष निवासी- मांदी वाला स्थान के सामने सूबेदार वार्ड सागर थाना मोतीनगर तहसील व जिला सागर (म०प्र०) द्वारा स्वर के विवाह दिनांक 11/05/2025 जो स्थान हरसिद्धि माता मंदिर भगतसिंह वार्ड सागर तहसील व जिला सागर (म०प्र०) से होना लेख किया है जिसके संबंध में मध्यप्रदेश हिन्दू विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 के उपनियम (*) के अधीन आवेदन जिसकी प्रति संलग्न है) अधोहस्ताक्षरी को आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख 02/02/2026 नियत की गई है।
आपको एतद्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से दिनांक 02/02/2026 के तक अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टियों की सत्यता स्वीकार करते है और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 (1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दू विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ति है।
यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होती तो यह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नही है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख 02/02/2026 को उपस्थित हो सकते है और ऐसा न करने पर कार्यवाहियां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होगी।
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सागर म.प्र.

शपथ पत्र
मैं लक्ष्मी आर्य w/o शिवचरण आर्य, उम्र 70 वर्ष एवं
आशीष आर्य S/O शिवचरण आर्य,
अमित आर्य S/O शिवचरण आर्य,
अभिषेक आर्य S/O शिवचरण आर्य,
निवासी: ग्राम ई-8 ए 18 लेक पर्ल, बावड़िया कला, तह. हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत।
यह कि मैंने एवं मेरे पुत्रों के नाम से रजिस्ट्री थी जो दिनांक 02/02/2018 को मौजा बिजरी, प. ह. नं. 46, ख. नं. 289/1 ⇒ 0.82 है., 259/1 ⇒ 0.09 है. में से ⇒ 0.02 है., 259/3 ⇒ 0.11 है., TOTAL - 0.95 है. भूमि श्री शोभाराम S/O बिन्द्रावन एवं श्रीमति सियाबाई D/o बिन्द्रावन लोधी निवासी बिजरी से क्रय की थी।
जिसका ई-पंजीकरण संख्या: MP33752018A1072662 है, जो गुम हो गई है। जिसका इश्तिहार निकलवाना है। रजि. के इस डिटेल के साथ पेपर में इश्तिहार निकाल दें।
- ई-पंजीकरण संख्या: MP33752018A1072662
- पंजीकरण की तिथि: 02/02/2018
- संपत्ति का मूल्य: 5,70,000/- (पाँच लाख सत्तर हजार रुपये)

शपथकर्ता

## संक्षिप्त समाचार

### नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन, अक्षत एवं कलश वितरण संपन्न



दमोह। जिले में 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां और 4 जनवरी को होने वाले कलश और ध्वज स्थापना के लिए टोली सदस्यों के लिए कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव हनुमान मंदिर जेल लाइन दमोह में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न बस्तियों में आयोजित होने वाले सम्मेलन के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को आयोजन से जुड़ी जानकारीयों के साथ कलश वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम से जुडी जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि यह आयोजन गैर राजनीतिक और किसी संघटन का नहीं होकर समाज के लोगों का है और नगर की 20 बस्तियों में इस कार्यक्रम को आयोजित कराया जाएगा। इसे सफल बनाने हेतु सम्मेलन में समाज के हर वर्ग, हर जाति, हर तबके के महिला, पुरुषों और बच्चों को आमंत्रित करते हुए समाज को एक और मजबूत बनाना है। हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर तबके को एक साथ जोड़कर समाज के बीच पनपने वाले जाति और वर्ग की वैमनस्यता को खत्म करना और उनके बीच सामाजिक समरसता लाना है। इस आयोजन में हर समाज के मातृशक्ति, युवा, अनुभवी और सामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के साथ प्रत्येक परिवार और व्यक्ति को जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य समाज को एक, मजबूत और शक्तिशाली बनाना है क्योंकि संगठित समाज ही मजबूत और सशक्त राष्ट्र की नींव होगी।

### कीचड़ में घुसे हैण्डपंप को किया ऊँचा और बनाया सुन्दर प्लेटफार्म



अजयगढ़। मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत शहपुरा के ग्राम गुरदीन पुरवा स्थित हरिजन बस्ती में एक हैण्डपंप है जहां से आसपास के कई परिवार पेयजल एवं अन्य निस्तार का जल लेते है। कुछ समय पूर्व सड़क निर्मित हुई एवं हैण्डपंप काफी नीचे हो गया, बल्कि सड़क के किनारे से बनाई गई नाली से भी नीचे हो गया। जिससे लोगों को न सिर्फ पानी भरने में दिक्कतें होने लगी बल्कि हैण्डपंप के चारों तरफ पानी भरने से गंदगी फैल गई। गंदे जल में डूबे हैण्डपंप के प्लेटफार्म से ही लोग मजबूरन पानी भरते रहे। ग्राम की ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा इस विषय पर चर्चा की गई एवं हैण्डपंप को न सिर्फ ऊपर करने का निर्णय लिया गया बल्कि सड़क के स्तर की प्लेटफार्म निर्मित कर हैण्डपंप को सुरक्षित करने का निर्णय लिया गया। इन दोनो ही निर्णयों को पूरा करने समिति के द्वारा ग्राम पंचायत को पत्र दिया गया। ग्राम पंचायत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ संपर्क कर हैण्डपंप को लगभग 01 फिट ऊँचा कर दिया। इसके बाद भी समस्या का पूरा हल नही निकला क्योंकि हैण्डपंप का प्लेटफार्म काफी नीचे हो जाने के कारण प्लेटफार्म में गंदा पानी भरा रहता था। लोगों ने श्रमदान से अपने हैण्डपंप के प्लेटफार्म को ऊँचा करने एवं साफ-सुदर प्लेटफार्म बनाने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत को पत्र देकर समुदाय के प्रयासों में मदद करने की मांग की गई। ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट एवं बालू देने में मदद की गई। समुदाय ने मिलकर अपने हैण्डपंप के प्लेटफार्म को न सिर्फ ऊँचा किया बल्कि बहुत खूबसूरत बना दिया। अब मोहल्ले के लोग अपने एवं पचायत के प्रयासों से काफी खुश हैं।

### अमानगंज पुलिस की तत्परता से चोरी गई मोटरसाइकिल मिली



अमानगंज। नगर के पुरानी बस स्टैंड से चोरी गई मोटरसाइकिल को अमानगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिपरवाह बाईपास के पास लावारिस हालत में बरामद कर लिया। बरामद मोटरसाइकिल को पुलिस ने फरियादी कृष्णा गिरी निवासी टाइ को सुपुर्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते एक दिन पूर्व पुरानी बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई थी, जिस पर अमानगंज थाना में अपराध क्रमांक 05/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई थाना प्रभारी रवि जादौन के नेतृत्व में की गई। मोटरसाइकिल की तलाश एवं बरामदगी में उप निरीक्षक डी.पी. मिश्रा एवं प्रधान आरक्षक राम भगत पांडे का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

### सांसद और विधायक के निवास पर कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी


# जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना ने घंटा बजाकर किया विरोध प्रदर्शन



पन्ना। इंदौर नगर निगम द्वारा सप्लाई किए गए दूषित पेयजल से 15 लोगों की मौत और लगभग 2800 नागरिकों के बीमार होने की दर्दनाक घटना को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस गंभीर मामले पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में भाजपा सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा घंटा शब्द के प्रयोग को कांग्रेस ने अमानवीय और असंवेदनशील करार दिया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा रविवार 4 जनवरी 2026 को विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीस खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और भाजपा के विधायक एवं सांसद निवास के सामने घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि इंदौर जैसी घटना सरकार की विफलता को उजागर करती हैए जहां दूषित पानी पीने से लोगों की जान चली गईए लेकिन जिम्मेदार मंत्री संवेदनशीलता के बजाय गैर.जिम्मेदार बयान दे रहे हैं। यह जनता के दुख के प्रति असंवेदनशीलता और सत्ता के मद में चूर सरकार का उदाहरण है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अनीस खान, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवजीत सिंह, पुरुषोत्तम जड़िया, मार्तंड देव बुंदेला, मनीष मिश्रा, शशीकांत दीक्षित, शिव प्रकाश दीक्षित, राज बहादुर पटेल, कदीर खान, दीपक तिवारी, रमा बुंदेला, रामबहादुर द्विवेदी,आस्था तिवारी, रहीमा खातून, बंदू यादव, अक्षय तिवारी, वैभव थापक, अंकित शर्मा, रेहान मोहम्मद, सौरभ पटेरिया, भूपेंद्र परमार, राजा बाबू पटेल, रोहित यादव, रियासत खान, सोनू चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अमित शर्मा, रामदास जाटव, दीपेंद्र यादव, मुन्ना बेगए राहत अलीए विमला सिंगरौल, देवकी प्रजापति, आशीष बागरीए प्रहलाद यादव, मिलन कुशवाहा, ऋषभ गर्ग प्रवीण कुशवाहा राजेश द्विवेदी महिपाल सिंह, शिवपाल वर्मा, दिनेश कुशवाहा आदि शामिल थे।

### मुनि श्री का कुण्डलपुर से हुआ विहार

**दमोह आचरण।** सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में पूज्य बाबा के दर्शनार्थ एवं यहां विराजित मुनि प्रमाणसागर महाराज ससंघ का सानिध्य पाने देश के कोने-कोने से श्रद्धालु भक्तों का कुण्डलपुर में आना निरंतर जारी है। प्रचार मंत्री जयकुमार जलज ने बताया कि आज भी पूज्य बड़े बाबा के चरणों में



अभिषेक करने श्रद्धालु भक्तों का ताता लगा रहा। मुनि प्रमाणसागर महाराज ने पूज्य बड़े बाबा की पावन नगरी, संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की साधना स्थली में संत निवास के सामने प्रकृति की सुंदर छटा युक्त प्रांगण में बहुचर्चित शंका समाधान कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों की शंकाओं का समाधान देते हुए कहा कि बार-बार व्रत की भावना भाना चाहिए, व्रत का स्मरण सदैव करना चाहिए। एक ब्रह्मचारिणी दीदी ने शंका रखी की मुनि श्री आपने बड़े बाबा की इतनी एनर्जी कैसे पाई। मुनिश्री ने समाधान देते हुए कहा अपने आप को बड़े बाबा के चरणों में अर्पित कर दिया वहां जो बरस रहा था आत्मसात कर लिया। णमोकार मंत्र के विषय में की गई शंका का समाधान करते हुए मुनि श्री ने कहा यह स्वयं सिद्ध मंत्र है ।सिद्ध नहीं करना पड़ता, मंत्र जपना होता है ।जप लिया तो काम बन गया। इसमें कोई भी बीजाक्षर नहीं सीधा-साधा मंत्र है। इसे सीधा पढ़ो या उल्टा पढ़ो जैसे पढ़ना हो पढ़ो किसी भी स्थिति में पढ़ो मारण उच्चारण में इसका कोई प्रयोग नहीं। इस मंत्र के एक अक्षर पढ़ने से 60 सागर के कर्म का क्षय होता। एक बार णमोकर मंत्र जपने से 500 सागर के कर्म का क्षय हो जाता है ।जो णमोकर मंत्र जप ले उसका उद्धार होता है। एक और ब्रह्मचारिणी दीदी ने मुनि श्री से निवेदन किया कि गुरुदेव कुण्डलपुर आकर आपको इतना तो समय देना चाहिए जिससे हम सारी बहनें संतुष्ट हो सके। मुनि श्री उपस्थित जनसमूह से ही पूछ बैठे यह लोग क्या कभी संतुष्ट हो जाएंगे ।मुनिश्री ने कहा कभी संतुष्ट होना नहीं। मुनि श्री ने बताया कि गुरुदेव ने कहा था लोगों को संतुष्ट करने कभी मत जाओ ।उनकी प्यास जगाने जाओ। धर्म क्षेत्र में धर्म हेतु निष्ठा आवश्यक है धर्म भावना जगाओ। निष्ठा गहरी कीजिए बच्चों में भी कर्तव्य बोध जगाइए। पांच दिवसीय बड़े बाबा के चरणों में प्रवास के उपरांत मुनि श्री संघ का बिहार बांदकपुर की ओर हो गया रात्रि विश्राम देवडोगड़ा ग्राम में हो रहा। संभवतः मुनि श्री संस्कारधानी जबलपुर की ओर बढ़ रहे हैं।

## कांग्रेस ने घंटों के साथ किया प्रदर्शन

### पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया के निवास में घुसने का प्रयास

**दमोह आचरण।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विरूद्ध कांग्रेस सड़कों पर है वह उनके द्वारा गत दिवस एक प्रश्न के जबाब के मामले में वायरल वीडियो का विरोध कर रही है। दमोह शहर में 4 जनवरी रविवार को स्थानीय तीन गुल्ली पर एकत्रित होकर कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, मनु मिश्रा, बबलू भट्ट, रजनी ठाकुर एवं कुछ नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की जिनकी संख्या लगभग आधा सैकडा बतायी जा रही है। वहीं कुछ घंटों को लेकर वह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विरोध करते हुये जैसे ही आगे बढे कि पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। कुछ कांग्रेस के नेताओं ने अचानक दौड लगाकर मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व वित्त मंत्री एवं वर्तमान दमोह विधायक जयंत मलैया के निवास पर प्रवेश करने का प्रयास किया तो पुलिस ने रोक लिया। तख्तियों में कांग्रेस नेता का निवेदन-प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विरूद्ध किये जा रहे प्रदर्शन में कुछ कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के हाथों में जो तख्तियां थीं वह निवदेन प्रस्तुत कर रहीं थीं। इनमें पूर्व



नपा अध्यक्ष मनु मिश्रा के नाम के साथ निवेदन शब्द लिखा हुआ था जिसकी चर्चा बनी रही। प्रदर्शन स्थल परपुलिस बल के बाबजूद भी कुछ कांग्रेस नेता जयंत मलैया के निवास तक पहुंच गये लेकिन पुलिस के द्वारा वेरीकेट के साथ इनको रोकने का प्रयास भी किया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक एच. आर. पांडे, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मनीष कुमार, दमोह देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा के साथ बडी संख्या में पुलिस बल इस समय मौजूद रहा।

## विजयवर्गीय के खिलाफ किया प्रदर्शन



पवई। इंदौर में दूषित जल सप्लाई से हुई मौत एवं गंभीर बीमार लोगों के विषय में पत्रकारों द्वारा प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से प्रश्न पूछे जाने पर असंवेदनशील घंटा शब्द का प्रयोग किया गया प्रदेश सरकार की अमानवीय असंवेदनशील वक्तव्य के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार नामदेव के नेतृत्व में भाजपा के पवई विधायक प्रहलाद लोधी के कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण ढंग से घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन पवई तहसीलदार त्रिलोक सिंह को सोपा गया इस कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार नामदेव पवई ब्लॉक अध्यक्ष, छबिलाल शाहनगर ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह रैपुरा ब्लॉक अध्यक्ष, मुकेश चौरसिया सिमरिया ब्लॉक अध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव विधानसभा अध्यक्ष पवई, रामवीर तिवारी, रमेश द्विवेदी जिला महामंत्री, नारायण सिंह भदोरिया कार्यकारी अध्यक्ष, महेश बढोलिया, सरफराज सिद्दीकी, कमलेश प्रजापति, शरण लोधी, श्रीमती संतोषी मिश्रा, खुशी लाल चौधरी, महबूब खान, सज्जन, श्रीमती रानी विश्वकर्मा, अरुण पाल सिंह, मोहित चौधरी,कल्लू पंडा,सुदामा चौधरी,भगवान दास साहू मौजूद रहे

**ग्राम सभा** तीन वर्षों के विकास कार्यों का लेखा-जोखा ग्रामवासियों के समक्ष प्रस्तुत

# ग्राम पंचायत दिया में आमसभा का आयोजन

पन्ना। जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत दिया में 4 जनवरी 2026 को ग्रामवासियों की आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक एवं झूठी जानकारियों को स्पष्ट करना तथा विगत 3 वर्षों के दौरान पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना रहा। नववर्ष के अवसर पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सरपंच श्री राम शिरोमणि द्वारा सभा की शुरुआत की गई। उन्होंने भारत सरकार की नई योजना ÷बीवी जी राम जी÷ एवं विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशों को सरल शब्दों में ग्रामवासियों को समझाया। इसके पश्चात सरपंच द्वारा अपने कार्यकाल की संपूर्ण जानकारी लिखित रूप में प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों का विस्तृत विवरण सभा के समक्ष रखा गया। उन्होंने बताया कि मनरेगा की राशि केंद्र सरकार द्वारा सीधे हितग्राहियों के खातों में एबीपीएस प्रणाली



के माध्यम से भेजी जाती है। पंचायत केवल कार्य एजेंसी के रूप में कार्य करती है तथा निगरानी हेतु समितियों का गठन किया जाता है। सरपंच ने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा में प्रस्ताव आने के बाद ही कार्यों की मांग की जाती है, जिसके आधार पर भारत सरकार से स्वीकृति मिलती है। जिओ-टैगिंग के माध्यम से कार्य प्रारंभ से पूर्व, कार्य के दौरान प्रतिदिन, तथा कार्य पूर्ण होने के बाद फोटो एवं मूल्यांकन किया जाता है। रोजगार सहायक द्वारा प्रतिदिन मजदूरों की हाजिरी ली जाती है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 से 2025 तक मनरेगा अंतर्गत कुल 254.67 लाख रुपये की राशि सीधे मजदूरों के खातों में भेजी गई है, जो पंचायत के खाते में नहीं आती।

आमसभा में विगत 3 वर्षों का संपूर्ण लेखा-जोखा प्रस्तुत कर सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे भ्रामक एवं झूठे आरोपों का खुलासा किया गया। सैकड़ों ग्रामवासियों की उपस्थिति में प्रत्येक मद की राशि का विवरण दिया गया। इसके साथ ही पांचवां वित्त आयोग एवं 15वां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त लगभग 84 लाख रुपये की राशि का भी विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे पंचायत द्वारा विभिन्न विकास कार्यों में व्यय किया गया है। सभा के दौरान आज के कार्यक्रम से संबंधित फोटो एवं वीडियो भी उपलब्ध कराए गए। अंत में सरपंच श्री राम शिरोमणि ने सभी उपस्थित ग्रामवासियों का धन्यवाद करते हुए आमसभा का समापन किया। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच छत्रपाल सिंह, भूतपूर्व सरपंच प्रत्याशी अमित मिश्रा, बलबीर सिंह, भूतपूर्व सरपंच राजा बाबू अग्निहोत्री (लौलास पंचायत), पंच हीरा लाल, श्री धर्मेंद्र, चुनूवाद, श्रीमती सुनीता, श्रीमती सविता आदिवासी, हेमा रानी (उप सरपंच) आदि शामिल थे।

### आदिवासी क्षेत्र में 60 जरूरतमंदों को कंबल बांटे




आचरण तेंदूखेड़ा। ग्राम सगरा के पंडरी रामपुर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए समाजसेवियों द्वारा सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर आदिवासी क्षेत्र में 60 जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड से राहत मिल सके। इस सेवा कार्य का नेतृत्व समाजसेवी शेरा जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने समाजसेवियों के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। कंबल वितरण के दौरान ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी। समाजसेवी शेरा जैन ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। यह कंबल वितरण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। कार्यक्रम में मिट्ठू यादव, भोला सेठ, रविराज, मनोज राजपूत, महबूब खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। यह पहल न केवल समाज में सेवा और संवेदनशीलता का संदेश देती है, बल्कि दूसरों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करती है। ऐसे समय में जब ठंड अपना प्रकोप दिखा रही है, समाजसेवियों द्वारा किया गया यह प्रयास मानवता के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### भागवत कथा के प्रथम दिन नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



आचरण तेंदूखेड़ा। तारादेही रोड वार्ड क्र. 11 सिविल कोर्ट के पास स्थित पंचवटी सिद्ध धाम में रविवार को श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भागवत कथा का आयोजन नगर की कार्तिक मंडल की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा हैं, कार्तिक मंडल में 100 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। शोभायात्रा में सबसे आगे बालिकाएं अश्व पर ध्वज लेकर बैठी थी उसके बाद राधे कृष्ण की जोड़ी मनमोहक नृत्य करती हुई चल रही थी। लगभग 100 से अधिक महिलाएं पीले वस्त्रों में घट सिर पर रखकर चल रही थी। बग्गियों में राधे कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ कथा वाचक पंडित श्री प्रेमनारायण शास्त्री विराजमान थे। शोभायात्रा पंचवटी से तारादेही तिराहा, राम मंदिर, ज्वाला मंदिर, खकरिया मार्ग से होते हुए वापिस पंचवटी पहुंची साथ ही महापुराण भागवत कथा का वेद व्यास गद्दी पर विधी विधान से स्थापना की गई एवं प्रथम दिवस पर पंडित श्री प्रेमनाराण शास्त्री ने महात्मा चर्चा भागवत कथा सुनाई साथ ही राधे राधे के मधुर भजनों पर संपूर्ण श्रोता झूम उठे। इसके अलावा भागवत कथा का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर लाईव किया जा रहा हैं।

### मड़ियादो बफरजोन के जंगलों में अवैध कटाई जारी, जिम्मेदार वन अमला बेख़बर



पन्ना । टाइगर रिजर्व मडियादो बफर जोन के जंगलों में इन दिनों पेड़ पौधों की अवैध कटाई जारी है, दूसरी और जिम्मेदार वन अमला बेखबर है, बनोली नारायणपूरा के जंगल मे जगह जगह पेड़ पौधे ठूंठ की शक्ल में अवैध कटाई की गवाही दे रहे,पेड़ पौधों के लठ्ठे और खूंटे भी मौके पर पड़े हुए हैं। कटाई के सम्बंध में पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि जिम्मेदार वनकर्मी निर्माण कार्यो में लगे हैं जो वनों की निगरानी करने में नाकाफी साबित हो रहे,केन वेतवा लिंक परियोजना और अन्य योजनाओं के तहत वन विभाग प्लांटेशन तो करा रहा लेकिन जंगल मे पहले से मोजूद पेड़ पौधों की सुरक्षा में असमर्थ साबित हो रहा है जो कि चिंता का विषय है।

### पानी की पाइप लाइनें जगह-जगह फूटी, गंदा पानी सप्लाई होने से लोग परेशान

**दमोह।** नगरपालिका की जल प्रदाय व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शहर में पानी की आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइनें कम समय में ही जगह-जगह फूटने लगी हैं। फूटी पाइप लाइनों के कारण कई इलाकों में लोगों के घरों तक गंदा और दूषित पानी पहुंच रहा है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया शहर मे निवासरत अधिकारी,कर्मचारी तथा संपन्न लोग अपने अपने घरों में (आर ओ) वाटर का इस्तेमाल करते हैं इसलिए उन्हें पीने के गंदे पानी का एहसास भी नहीं होता शिकायत के बावजूद नगरपालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। कई जगहों पर पाइप लाइन फूटी होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा तक नहीं ले रहे हैं, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। इस संबंध में जब नगरपालिका के सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने कहा, %हम अभी दिखवाते हैं।% हालांकि, इस बयान के बाद भी न तो कोई मरम्मत कार्य शुरू हुआ और न ही कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा। नागरिकों का कहना है कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, परंतु दमोह में इस जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं लिया।

### नगरीय निकायों को कलेक्टर ने दिए निर्देश

दमोह। जिले में नगरीय निकायों द्वारा संचालित नल-जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त नगरीय निकायों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। निर्देशों के तहत जल आपूर्ति पाइप लाइनों का तत्काल निरीक्षण, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत, दूषित जल की पहचान होने पर सप्लाई बंद कर वैकल्पिक व्यवस्था, पेयजल सैम्पलों की नियमित जांच, फिल्टर प्लांट एवं टंकियों की साफ-सफाई, निर्धारित मापदण्डों अनुसार जल शोधन तथा नियमित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बांग्लादेश ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से किया इनकार

# मैच शिफ्ट करने का बीसीबी का आईसीसी से औपचारिक अनुरोध

**ढाका**

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले एक बड़े डेवलपमेंट में, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत से बाहर शिफ्ट कर दिया जाए, क्योंकि उसे अपनी टीम की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। बीसीबी के बयान में कहा गया है, मौजूदा हालात का पूरी तरह से आकलन करने और भारत में बांग्लादेश टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करने के बाद, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने फैसला किया है कि बांग्लादेश नेशनल टीम मौजूदा हालात में टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं जाएगी। इस मामले पर बांग्लादेश को आईसीसी के जवाब का इंतजार है। बीसीबी का कहना है कि बोर्ड का मानना है कि बांग्लादेशी खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, बोर्ड सदस्यों और अन्य स्टेकहोल्डर्स की सुरक्षा और भलाई की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि टीम एक सुरक्षित और उचित माहौल में टूर्नामेंट में भाग ले सके, ऐसा कदम उठाना जरूरी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि आईसीसी स्थिति को समझेगा और इस मामले पर तुरंत जवाब देगा।

इस बीच बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने के लिए दी गई एनओसी को तुरंत प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। यह फैसला बीसीबी अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों की एक मीटिंग में लिया गया। इसका मतलब है कि



अगर केकेआर अपना फैसला बदलता भी है, तो भी बीसीबी सुरक्षा कारणों से मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की इजाजत नहीं देगा।

शनिवार को बोर्ड डायरेक्टर्स की ज़ूम पर हुई आपात बैठक के बाद बीसीबी की मीडिया कमिटी के चेयरमैन अमजद हुसैन ने कहा, हमारे टी20 विश्व कप के तीन मैच कोलकाता में हैं। इसलिए आज जो कुछ हुआ है उसे लेकर हम आईसीसी को पत्र लिखेंगे। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा कि भारत में टीम की सुरक्षा को लेकर उन्हें संदेह है। बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर को आईपीएल से हटाने के पीछे हालिया घटनाक्रम का हवाला दिया था। नजरुल ने यह भी कहा कि वह बीसीबी को निर्देश देंगे कि वह मैचों को श्रीलंका शिफ़्ट करने को लेकर आईसीसी से संपर्क करे। नजरुल ने अपने आधिकारिक फ़ेसबुक पेज पर लिखा, मैंने बीसीबी से कहा है कि वह पूरे मामले की जानकारी आईसीसी को दे। बोर्ड को यह बताना चाहिए कि जहां एक अनुबंधित बांग्लादेशी क्रिकेटर भारत में नहीं खेल सकता, वहां पूरी बांग्लादेशी टीम विश्व कप खेलने के लिए खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती। मैंने बोर्ड को यह भी निर्देश दिया है कि वह बांग्लादेश के विश्व कप मैच श्रीलंका में कराने का अनुरोध करे। नजरुल ने यह भी जोड़ा कि उन्होंने देश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय से बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण बंद करने का अनुरोध किया है।

### आईसीसी से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को लगेगा झटका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप स्टेज के अपने चार मुकाबलों में से तीन जहां कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेलने हैं, तो वहीं एक मैच वह मुंबई में खेलेंगे। बीसीबी की तरफ से आईसीसी को अपनी टीम के वेन्यू बदले जाने को लेकर लिखे गए लेटर के बाद समाचार एजेंसी पीटीआई को एक बीसीसीआई सूत्र ने दिए अपने बयान में इस पूरे मुद्दे को लेकर कहा कि आप किसी की मर्जी और पसंद के हिसाब से मैच के वेन्यू को नहीं बदल सकते हैं। यह लॉजिस्टिक्स के हिसाब से बहुत मुश्किल है। बांग्लादेश को जिन दूसरी टीमों के खिलाफ मुकाबला खेलना है आप उनके बारे में सोचिए क्योंकि उनके एयर टिकट से लेकर होटल तक सब बुक हो चुके हैं।

वहीं वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज तक हर दिन तीन-तीन मैच हैं, जिसमें एक मैच श्रीलंका में होगा, जहां ब्रॉडकास्ट क्रू भी है। इसलिए ये सभी बातें कहना तो आसान होता है, लेकिन करना लगभग नामुमकिन है।

### बांग्लादेश बोर्ड श्रीलंका में शिफ्ट कराना चाहता है मैच

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और श्रीलंका मिलकर संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं, जिसमें श्रीलंका में भी कई मुकाबले खेले जाएंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी को जो लेटर लिखा है, उसमें उन्होंने अपने खिलाड़ियों की भारत में सुरक्षा का हवाला देते हुए मैचों को श्रीलंका में शिफ्ट करने पर विचार करने के लिए कहा है। बांग्लादेश की टीम को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना पहला मैच 7 फरवरी को कोलकाता में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेलना है तो वहीं दूसरा मैच 9 फरवरी को इटली के खिलाफ और तीसरा मैच 14 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ कोलकाता में ही खेलना है। इसके बाद बांग्लादेश की टीम ग्रुप स्टेज में अपना आखिरी मैच नेपाल की टीम के खिलाफ 17 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेलेगी।

### आईपीएल से बाहर हुए मुस्तफिजुर रहमान ने टी-20 में किया बड़ा कमाल

मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स की तरफ से खेल रहे हैं और उन्होंने सिलहट टाइटंस के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया है और अपनी टीम रंगपुर को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की है। उन्होंने मैच में चार ओवर फेंकते हुए कुल 3 विकेट हासिल किए और सिलहट के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। मैच में तीन विकेट लेते ही उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपने 400 विकेट पूरे कर लिए। उनसे पहले बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने टी20 क्रिकेट में कुल 507 विकेट झटके थे।

## टीमों ने 63 पहलवानों पर 11 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए

**नयी दिल्ली**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से मान्यता प्राप्त फ्रेंचाइज़ी आधारित पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के पांचवें सीजन की नीलामी ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स के साथ संपन्न हुई। व्यक्तिगत बोली राशियों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। अंतिम हथौड़ा गिराए जाने के साथ, छह फ्रेंचाइजियों ने कुल 63 विदेशी और घरेलू पहलवानों को अपने साथ जोड़ा, जिस पर ठंडी दिल्ली की शनिवार शाम को 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। जापान की दिग्गज पहलवान यूई सुसाकी, पूर्व ओलंपिक चैंपियन, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और चार बार की विश्व चैंपियन को हरियाणा थंडर्स ने 60 लाख रुपये में खरीदा, जो कि पीडब्ल्यूएल इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी बोली है। हरियाणा ने इस बोली में मुंबई डैंगल्स और टाइगर्स ऑफ मुंबई को पछाड़ते हुए यह बड़ी उपलब्धि हासिल की।

पुरुष वर्ग में, पोलैंड के सुपर हेवीवेट पहलवान और विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता रॉबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये में खरीदा, जो पुरुष वर्ग की सबसे बड़ी बोली रही।

## बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप टीम की घोषणा की



**ढाका**

लिटन कुमार दास फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश अब तक के सभी टी-20 विश्व कप में खेला है, लेकिन कभी भी सेमीफाइनल या उससे आगे नहीं बढ़ पाया है। दास की कप्तानी में बांग्लादेश 2026 में इतिहास बदलना चाहेंगे और परिस्थितियों से परिचित होने और मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद की अनुभवी जोड़ी के नेतृत्व में एक संतुलित गेंदबाजी आक्रमण पर बहुत अधिक निर्भर रहेंगे। ऐसा माना जा रहा है मेहदी हसन, नसुम अहमद और रिशाद हुसैन टर्न वाली पिचों पर बहुत उपयोगी साबित होंगे। वहीं बल्लेबाजी की बात की जाये तो कप्तान लिटन दास, तंजीद हसन और परवेज हुसैन एमोन जैसे खिलाड़ी शीर्ष क्रम बल्लेबाजों पर निर्भर रहेगी।

बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, नेपाल और इटली वाले एक कठिन ग्रुप में हैं।

**टी-20 विश्वकप के लिए बांग्लादेश की टीम:** लिटन कुमार दास (कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन एमोन, मोहम्मद सैफ हसन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शाक मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, सैफुद्दीन और शोरिफुल इस्लाम।

## अगर पहले एकदिवसीय में नहीं खेले श्रेयस, तो बदलेगा स्क्वाड

**मुंबई**

श्रेयस अय्यर की भले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी हो गई हो, लेकिन उनके खेलने के लिए बीसीसीआई ने यह शर्त रख दी थी कि उनकी उपलब्धता सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के क्लीयरेंस पर निर्भर करेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक अय्यर तेजी के साथ ठीक हो रहे हैं और अगर किसी वजह से पहला मैच नहीं खेल पाते हैं, तो आखिरी दो या दो में से एक वनडे जरूर खेलेंगे। अगर किसी कारणवश वह पहले वनडे मैच में खेलने के लिए क्लीयरेंस नहीं मिल पाता है, तो स्क्वाड में रुतुराज गायकवाड़ की एंट्री करवाई जाएगी। साथ में यह भी बताया कि इसके चांस बहुत ही कम हैं।



## वैभव की कप्तानी में सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**बेनोनी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अंडर-19 3 मैच की यूथ वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आज खेला जाएगा। यह मुकाबला बेनोनी के विलोमूर पार्क में खेला जाएगा। इस सीरीज में पहली बार वैभव सूर्यवंशी को टीम की कमान सौंपी गई है और बतौर कप्तान उनकी विजयी शुरुआत हुई। पहले मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 25 रन से हरा दिया था। हालांकि, बतौर बल्लेबाज इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी फेल रहे थे। वैभव 12 गेंद में 11 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे मुकाबले में वैभव के पास न केवल बल्लेबाजी में बल्कि बतौर कप्तान भी इतिहास रचने का मौका है। अगर वह दूसरा मुकाबला जीत लेते हैं तो सीरीज अपने नाम कर लेंगे।



### पहले मैच में फ्लॉप रहे थे टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज

सीरीज के पहले मैच की बात करें तो वहां कप्तान वैभव सूर्यवंशी समेत टीम के बाकी के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज इस मैच में फ्लॉप रहे थे। वैभव 11 और उनके सालामी जोड़ीदार आरोन जॉर्ज 5 रन बनाकर आउट हो गए थे। हालांकि मिडिल ऑर्डर में हरवंश पांगलिया ने 95 और आर एस अंबरीश ने 65 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। ऐसे में अब बचे हुए दो मैचों में वैभव बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वह टीम को तेज शुरुआत जरूर देते हैं लेकिन बड़ी पारी खेलने में अभी तक नाकाम रहे हैं।

### वर्ल्ड कप पर होगी निगाहें

दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद भारत अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा लेगा। यह 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित किया जाएगा। आगामी आईसीसी मेंस अंडर-19 विश्व कप में 16 टीमों के बीच खिताबी टक्कर होगी। सभी टीमों को 4-4 के ग्रुप में बांटा गया है। पांच बार के चैंपियन भारत (2000, 2008, 2012, 2018 और 2022) को न्यूजीलैंड, अमेरिका और बांग्लादेश के साथ ग्रुप बी में रखा गया है. भारत टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 जनवरी को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में अमेरिका के खिलाफ करेगी। इसके बाद 17 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच होंगे।

### हेड टू हेड रिकार्ड

भारत-19 और दक्षिण अफ्रीका 19 टीम अब तक तीन मुकाबलों में दोनों टीमें आमने-सामने हुई है। इस दौरान टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। टीम इंडिया ने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। जबकि, दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक जीत का स्वाद नहीं चखा है। इस मुकाबले में भी भारत की टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर भारत की मजबूत गेंदबाजी और बल्लेबाजी के खिलाफ।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन पर एक नजर

**भारत-19 टीम :** वैभव सूर्यवंशी (कप्तान), एरोन जॉर्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन कुमार सिंह, हरवंश पंगालिया।

**दक्षिण अफ्रीका-19 टीम:** जोरिक वान शल्कविक, अदनान लागाडियन, मुहम्मद बुलबुलिया (कप्तान), जेसन राउल्स, अरमान मनैक, पॉल जेम्स, डैनियल बोसमैन, बैंडिले मबाथा, नतांडोयेंकोसी सोनी, जे जे बैसन, बायंदा माजोला।

## ज़्वेरेव ने जीत के साथ 2026 सीजन की शुरुआत की, जर्मनी के लिए मुकाबला जीता

**सिडनी**

अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने रविवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में नीदरलैंड के खिलाफ जर्मनी को जीत दिलाई, जहां वर्ल्ड नंबर 3 ने टैलन ग्रीक्सपूर को 7-5, 6-0 से हराया। ज़्वेरेव की जीत जर्मनी की ईवा लिस द्वारा ग्रुप मुकाबले में सुज़ैन लैमेंस को हराने के बाद आई। ज़्वेरेव और ग्रीक्सपूर के मुकाबले के शुरुआती हिस्से में सर्वर को फायदा था, जब तक कि जर्मन खिलाड़ी ने 6-5 पर ब्रेक लेकर पहला सेट जीतने का अहम मौका नहीं भुना लिया। 2026 का अपना पहला मैच खेलते हुए, ज़्वेरेव ने उच्च स्तर का प्रदर्शन किया और शायद ही कभी पीछे मुड़कर देखा, दूसरे सेट में सिर्फ सात अंक गंवाए।

ज़्वेरेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, पहला सेट, लय हासिल करना मुश्किल था। एक बार जब मुझे मौके मिले, तो मैंने अच्छा किया और मैं जीत से बहुत खुश हूं।

## एशेज सीरीज: पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच का पहला दिन

# वर्षा प्रभावित मुकाबले में इंग्लैंड ने बनाये तीन विकेट पर 211 रन

**सिडनी**

जो रूट (नाबाद 72) और हैरी ब्रूक (नाबाद 78) की जुझारू पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को वर्षा प्रभावित एशेज सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप्स के समय 45 ओवर के खेल में तीन विकेट पर 211 रन बना लिये थे। कल यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को पहला झटका सातवें ओवर में मिचेल स्टार्क ने बेन डकेट को आउट कर दिया। बेन डकेट ने 25 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 27 रन बनाये। इसके बाद 12वें ओवर में माइकल नीसर ने जैक क्रॉली (16) का शिकार कर लिया। अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने जेकब बेथेल (10) को आउट कर 57 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को तीसरी सफलता दिलाई। इस संकट के समय जो रूट और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला और तेजी के रन बटोरते हुए दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरा किया। चायकाल के समय बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय इंग्लैंड ने 45 ओवर में तीन विकेट पर 211 रना लिये थे। स्टंप्स के समय जो रूट 103 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 72 और हैरी ब्रूक 92 गेंदों छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 78 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।



ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क, माइकल नीसर और स्कॉट बोलैंड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## नेपाल ने टीम की घोषणा की

**काठमांडू**

मेजबान नेपाल ने अपने इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट पहली बार होगा जब नेपाल किसी महिला आईसीसी इवेंट की मेजबानी करेगा। नेपाल टी20 फॉर्मेट में तीन बार एशिया कप में हिस्सा ले चुका है, लेकिन अब वह पहली बार टी20 विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

**नेपाल टीम:** इंदु बर्मा (कप्तान), पूजा महतो, रुबीना छेत्री, सीता राणा मगर, बिंदु रावल, समजना खड़का, काजल श्रेष्ठ, कविता जोशी, कविता कुंवर, रचना चौधरी, रिया शर्मा, रोमा थापा, सुमन बिस्टा, राजमती ऐरी, मनीषा उपाध्याय।

## यूपी वॉरियर्ज ने मेग लानिंग को नया कप्तान नियुक्त किया

### ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान को भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के ऊपर दी गई तरजीह



**लखनऊ**

यूपी वॉरियर्ज़ ने मेग लानिंग को वीमेंस प्रीमियर लीग 2026 के लिए अपना नया कप्तान नियुक्त किया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के ऊपर तरजीह दी गई है, जिन्होंने पिछले सीज़न में चोटिल अलिसा हीली की जगह टीम की कप्तानी की थी। लानिंग को वॉरियर्ज़ ने नीलामी में 1.9 करोड़ रूपये में ख़रीदा था। इससे पहले लानिंग दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान थीं और उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को लगातार तीन बार फ़ाइनल में पहुंचाया था। ऑस्ट्रेलिया को एक वनडे विश्व कप और चार टी-20 विश्व कप खिताब दिला चुकीं लानिंग के नाम WPL के 27 मैचों में 952 रन हैं और वह इस प्रतियोगिता की तीसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज़ हैं।

यूपी वॉरियर्ज़ के प्रमुख कोच अभिषेक नायर ने एक प्रेस रिलीज़ में कहा, मेग अपने साथ अनुभव, स्पष्टता और शांत स्वभाव का एक दुर्लभ संयोजन लेकर आती हैं, जो उन्हें एक लीडर के तौर पर अलग बनाता है। खेल की उनकी समझ, दबाव के क्षणों को संभालने की क्षमता और खिलाड़ियों से जुड़ाव उन्हें इस समूह के लिए एक आदर्श कप्तान बनाता है।

## टी-20 क्रिकेट में पहली बार दो बल्लेबाज रिटायर आउट हुए

**नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड सुपर स्मैश लीग में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स और ओटागो की टीम के बीच खेला गया मैच टाई रहा। आखिरी ओवर तक दोनों टीमों ने जीतने की पूरी कोशिश की, लेकिन अंत में सफलता किसी के भी हाथ नहीं लगी। ओटागो की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 166 रन बनाए। इसके बाद निर्धारित 20 ओवर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टीम भी 166 रन बना पाई। खास बात ये रही कि नॉर्दर्न की टीम ने मैच में दो बल्लेबाजों को रिटायर आउट करवा दिया। ऐसा पहली बार हुआ है, जब टी-20 क्रिकेट के मैच में एक ही इनिंग में दो बल्लेबाजों रिटायर आउट हो गए हों। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टीम के लिए केटाने क्लार्क और जो कार्टर ओपनिंग करने उतरे। ये दोनों टीम को मजबूत शुरुआत नहीं दिला पाए। इसके बाद ब्रेट हैम्पटन ने 30 गेंदों में 35 रन बनाए । फिर जेवियर बेल और जीत रावल ने क्रीज पर टिकने की कोशिश की, लेकिन इन दोनों प्लेयर्स ने बहुत ही धीमी बल्लेबाजी की। रावल ने 28 गेंदों में 23 रन बनाए। वहीं बेल के बल्ले से 13 गेंदों में सिर्फ 9 रन ही निकले। इन दोनों प्लेयर्स को धीमी बल्लेबाजी के चलते रिटायर आउट करवा दिया गया।

## आईसीसी चेयरमैन शाह का बड़ा बयान

# भारत का लक्ष्य 2036 में ओलंपिक की मजबानी करना



**नई दिल्ली**

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने 2036 ओलंपिक गेम्स की मेजबानी को लेकर बड़ी बात कही है, जय शाह ने कहा कि भारत का 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के बाद 2036 ओलंपिक गेम्स का गुजरात में आयोजित करने का टारगेट है। इसके साथ ही उन्होंने 2036 ओलंपिक में भारत के लिए 100 पदक जीतने का लक्ष्य भी तय किया। जय शाह का यह बयान सूरत में 'रन फॉर गर्ल चाइल्ड' मैराथन के दौरान आया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 को गुजरात तक लाने में अहम भूमिका निभाई है। जय शाह ने कहा कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद हमारा लक्ष्य 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी यहीं करना है।

### अहमदाबाद में होगा कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन

अहमदाबाद को हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी सौंपी गई। भारत दूसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा। इससे पहले साल 2010 में नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन हुआ था। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए जय शाह ने कहा कि उस ओलंपिक में भारत ने आठ पदक जीते थे, लेकिन 2036 के लिए देश को कम से कम 100 पदक जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इनमें से 10 पदक गुजरात के खिलाड़ियों से आने चाहिए।

## एथलेटिक्स फेडरेशन ने एशियाई खेलों के लिये तय किये नये मानक

**नयी दिल्ली**

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने एशियाई खेल 2026 के लिए अपने क्वालिफाइंग के नये मानक जारी किये हैं। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक एशियाई खेल होने हैं। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अब भारतीय टीम में जगह बनाने एथलीटों को मुश्किल लक्ष्य तय करना होगा। एएफआई के शनिवार को जारी किये गये नये मानकों के अनुसार पुरुषों की 100 मीटर, पुरुषों के पोल वॉल्ट, पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले और महिलाओं की मैराथन स्पर्धा में, भारतीय एथलीटों को सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करने के लिए मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

अनीमेश कुजूर और देव मीना के नाम अभी पुरुषों की 100 मीटर (10.18सेकेंड) और पोल वॉल्ट (5.40मी) स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। ये दोनों रिकॉर्ड पिछले साल बने थे। एएफआई ने आइची-नागोया 2026 के लिए पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा का क्वालिफाइंग मानक 10.16 सेकेंड रखा है, जबकि पोल वॉल्ट का मार्क बढ़ाकर 5.45 मीटर कर दिया गया है। इसकी तुलना में, हांगझोऊ एशियन गेम्स 2023 के लिए पुरुषों की 100 मीटर का क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड 10.19 सेकेंड तथा पोल वॉल्ट का मार्क 5.40 मीटर था। महिलाओं की मैराथन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 2:34:43 सेकेंड है, जो 2015 में ओपी जैशा ने बनाया था। एशियन गेम्स 2026 के लिए एंट्री मार्क 2:31:52 सेकेंड कर दिया है। भाला फेंक के लिए पुरुष वर्ग में 77.87 मीटर का नया मानक तय किया गया है।

## युवती से सामूहिक दुष्कर्म

आचरण संवाददाता

**सागर।** साल के पहले दिन ही एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। घटना बहेरिया थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जहां 1 जनवरी की रात ढाबा में पीड़ित युवती के साथ आरोपियों ने दुष्कर्म किया और भाग गया। जिसके बाद युवती को कुछ लोगों ने बीएमसी में भर्ती करवाया गया। घटना की जानकारी लगते ही थाना पुलिस बीएमसी पहुंची और कार्रवाई शुरू की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी 22 वर्षीय युवती को 1 जनवरी की रात बीएमसी के लेबर रूम में भर्ती कराया गया था। जिसकी सूचना मिलने के बाद गोपालगंज थाना पुलिस युवती के पास पहुंची। जहां पुलिस ने अस्पताल में युवती के बयान लिए हैं। जिसके बाद घटना की जानकारी संबंधित थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस बीएमसी पहुंची और युवती के बयान दर्ज किए एवं बीएमसी से मध्यरात्रि उसे डिस्चार्ज कर दिया। सूत्रों ने बताया कि युवती ने अपने बयानों में पुलिस को बताया कि बहेरिया थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर एक जनवरी को उसके साथ आरोपियों ने जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। बीएमसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती रात करीब पौने ग्यारह बजे बीएमसी में भर्ती हुई थी, जिसके बाद रात करीब तीन बजे वह डिस्चार्ज हो गई। रविवार की रात तक पुलिस अधिकारी युवती से पूछताछ कर घटना की तफ्दीश कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि इसके पूर्व भी युवती दुष्कर्म की शिकायत लेकर आ चुकी है, इसलिए युवती द्वारा बताई गई घटना की भी जांच की जा रही है।

### प्रेस वार्ताः वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सरकार और इंदौर नगर निगम पर बोला हमला

# इंदौर में ज़हरीले पानी से 16 मौतें, भाजपा सरकार की आपराधिक लापरवाही का परिणाम : पटवारी

भोपाल आचरण



इंदौर कांग्रेस कमेटी कार्यालय गांधी भवन में इंदौर शहर में दूषित पेयजल से हुई 16 मौतों और हजारों नागरिकों के बीमार होने की हृदयविदारक घटना को लेकर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक आयोजित की गई तथा प्रेस के साथियों से संवाद किया गया। इस बैठक में पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा , पूर्व राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष शोभा ओझा , महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी , AICC सचिव उषा नायडू , इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) चिंटू चौकसे , इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) विपिन वानखेड़े सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि–

इंदौर शहर की स्वच्छता में जो वैश्विक पहचान बनी है, वह इंदौर की जागरूक जनता की देन है। इंदौर की जनता ने भाजपा को सांसद दिए, 9 में 9 विधायक दिए, महापौर दिया, दो मंत्री दिए–लेकिन बदले में भाजपा ने इंदौर को क्या दिया? ज़हरीला पानी और 16 निर्दोष नागरिकों की मौत। पटवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनिया में पहली बार इंदौर शहर ज़हरीला पानी पीने से मौतों के कारण बदनाम हुआ है। यह कोई हादसा नहीं, बल्कि सरकारी लापरवाही और प्रशासनिक अपराध का परिणाम है। उन्होंने बताया कि घटना के पहले ही दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पीड़ितों ने एक स्वर में कहा कि वे पिछले आठ महीनों से पार्षद और विधायक से शिकायत कर रहे थे, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो आज 16 परिवार उजड़ने से बच जाते। पटवारी ने कहा कि जब पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस की जांच समिति पीड़ितों से मिलने पहुँची, तो भाजपा सरकार के संरक्षण में गुंडागर्दी कर रोका गया, जो यह दर्शाता है कि सरकार का अहंकार किस हद तक बढ़ चुका है। उन्होंने पूर्व की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा–

- अस्पताल में आग से बच्चों की मौत
- अग्रवाल नगर की बावड़ी में 36 मौतें
- दो नवजात बच्चों को चूहों द्वारा कुतरने की घटना
- और अब ज़हरीले पानी से 16 मौतें
- इन सभी मामलों में भाजपा सरकार ने न तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की, न किसी मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी ली।

पटवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा–

यह गैर-इरादतन हत्या का मामला है। प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए दोषी अधिकारियों पर स्नद्धक्र दर्ज होनी चाहिए,और यदि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 11 जनवरी तक कार्रवाई नहीं की, तो पूरी मध्य प्रदेश कांग्रेस 11 जनवरी को इंदौर में विशाल धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने घोषणा की कि 11 जनवरी को बड़े गणपति से माँ अहिल्या के चरणों तक कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में जनआंदोलन किया जाएगा और इंदौर की जनता से इसमें सहभागी बनने का आह्वान किया।

अंत में पटवारी ने कहा–

÷यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह हर घर के पानी, हर परिवार की ज़िंदगी का सवाल है।जब नगर निगम टैक्स वसूलती है, संपत्ति कर लेती है और बदले में पानी में ज़हर देती है,तो जनता को सड़क पर उतरना ही पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज़ बनकर इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगी।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज की संगठनात्मक मजबूती को लेकर पन्ना में हुई बैठक

पन्ना। कुर्मी क्षत्रिय समाज इकाईए पन्ना द्वारा समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, आपसी एकता एवं भावी दिशा निर्धारण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विचार विमर्श बैठक का आयोजन दिनांक 04 जनवरी 2026 रविवार को बड़ी माता मंदिर बायपास पन्ना में किया गया। बैठक दोपहर 12:00 बजे प्रारंभ हुई जिसमें समाज के पदाधिकारियों वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध समाजबंधुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। बैठक में समाज के सर्वांगीण उत्थान संगठन विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की सक्रिय भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से नववर्ष मिलन समारोह के आयोजन सरदार एकता यात्रा. समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक तथा जिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदों हेतु चयन जैसे विषयों पर सार्थक और सकारात्मक विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसंत लाल पटेल रहे जबकि अध्यक्षता राजेश पटेल ने की। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी मंच संचालन शिवभान पटेल द्वारा किया गया। वक्ताओं ने समाज की एकता संगठनात्मक मजबूती एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष बल देते हुए सभी समाजबंधुओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में कुर्मी क्षत्रिय समाज इकाई अजयगढ़ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा जिसकी सभी उपस्थितजनों द्वारा मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। बैठक का समापन समाजहित संगठन विस्तार एवं आपसी एकजुटता के संकल्प के साथ जय सरदार के गगनभेदी नारों के साथ किया।

## अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी का समापन

### सात देशों और 17 राज्यों के विद्वानों ने साझा किए विचार



भोपाल, 4 जनवरी। श्री पीतांबरा विद्यापीठ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी के दूसरे और अंतिम दिन ज्योतिषाचार्यों, शोधकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग ने ज्योतिष, आयुर्वेद, अध्यात्म और जीवन से जुड़े विविध विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में देश-विदेश से आए विद्वानों ने शोधपरक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ, जिसकी मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुति निष्ठा गौतम, ज्योति पाण्डेय एवं रंजना गौतम ने सामूहिक रूप से दी। पूर्व आईएफएस डॉ. रामगोपाल सोनी ने आयुर्वेद पर अपने शोध प्रस्तुत करते हुए दैनिक रसोईघर में उपयोग होने वाले मसालों के माध्यम से असाध्य रोगों के निवारण के सरल उपाय बताए। छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी डॉ. सुभाष अत्रे ने आयुर्वेद के साथ-साथ ज्योतिष की विभिन्न विधाओं पर प्रकाश डाला और अपने जीवन से जुड़ी पांच घटनाओं का उल्लेख करते हुए ज्योतिष की सटीकता को रेखांकित किया। पूर्व आईएएस श्री राजेश चतुर्वेदी ने स्वप्न तथा सगुन-अपसगुन विषय पर विचार रखते हुए वृहत संहिता के शकुन भाग का विस्तार से वर्णन किया। जबकि पीपुल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. हरीश राव ने अस्थि रोगों से बचाव के लिए ग्रहों की स्थिति का उल्लेख करते हुए रोगियों पर शोध करने का सुझाव दिया और उदाहरण भी प्रस्तुत किए। वही सोनीपत विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार राम ने ज्योतिष की विभिन्न विधाओं, स्वप्न शास्त्र और सामुद्रिक शास्त्र पर प्रकाश डालते हुए कनिष्ठिका और अनामिका उंगली से संबंधित अपने शोध को साझा किया। ज्योतिष एवं आध्यात्म गुरु त्रिवेणी शंकर मिश्र ने अध्यात्म और ज्योतिष के परस्पर संबंध पर परिचर्चा करते हुए अध्यात्म के महत्व को रेखांकित किया। इंदौर से आए ज्योतिषाचार्य सचिन शर्मा ने ज्योतिष और अध्यात्म के संबंध में शरीर के सात चक्रों का सप्त ग्रहों से संबंध बताया। रीवा से आए विद्या मुनि गौतम ने यात्रा मुहूर्त के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए चंद्रमा के महत्व को समझाया। इस अवसर पर उपस्थित विद्वानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में क्षेत्रीय विधायक श्री भगवानदास सबनानी और नगर निगम जोन-6 की अध्यक्ष श्रीमती बृजुला सचान ने आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी कि दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सात देशों और 17 राज्यों से आए ज्योतिष प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनों ने सहभागिता की। सम्मान संगोष्ठी के दौरान प्रदेश के पत्रकारों और छायाकारों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर यूनिवार्ता यूएनआई के वरिष्ठ संवाददाता दिनेश शुक्ल, नवदुनिया के वरिष्ठ छायाकार अबरार खान तथा पंजाब केसरी मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के प्रमुख हेमंत चतुर्वेदी को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

## विधायक आवास के सामने कांग्रेसियों ने किया घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन



गुनौर। कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश भाजपा सरकार की लापरवाही के खिलाफ प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू किया है। इंदौर में शुद्ध पीने के पानी की सप्लाई की जगह मल मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 15 लोगों की जान चली गई और 2800 से अधिक लोग बीमार हो गए। इस घटना पर विधायक और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का गैर जिम्मेदाराना जवाब आयाए जिसमें उन्होंने ष्घंटाष् शब्द का उपयोग कियाए जिसे अमानवीयता का संकेत माना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे सत्ता के मद में डूबी हुई केंद्र और प्रदेश सरकार की निरंकुशता और विफलता का उदाहरण बताया है। पार्टी ने कहा है कि आने वाले समय में जनता इस सरकार को जवाब देगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीश खान के दिशा निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम के नेतृत्व में इस अमानवीय व्यवहार के विरोध में 4 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजे गुनौर विधानसभा के विधायक राजेश कुमार बर्मा के निवास के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अरुण कुमार बबलू गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, जीवन लाल सिद्धार्थ पूर्व प्रत्याशी, कुलदीप सिंह डिघौरा, संजय तिवारी, दिनेश पाण्डेय,श्रवण तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, केशरी अहिरवार, रविन्द्र मिश्रा, राजाजी, अनूप तिवारी रामाधार लोधी, फोई लाल चौधरी, अजीत कुमार जैनए गुलाब राज बर्माए कल्लू चौधरी राममिलन चौधरी, रज्जू चौधरी, प्रतिपाल पटेल, ज्ञानचंद पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाली न होने से ग्राम में बह रहा गंदा पानी, नाली निर्माण की उठी मांग



अमानगंज। गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बलगहा के मझगवां शेख मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण न होने के कारण सड़क पर लगातार गंदा पानी बह रहा है। इससे राहगीरों एवं स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैए साथ ही गंदगी और बदबू से बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। इस समस्या को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमानगंज आनंद सिंह राजपूत ने नाली निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। रविवार शाम 5:00 बजे मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है और आमजन को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं ग्राम पंचायत बलगहा के सरपंच इन्द्र सिंह यादव ने बताया कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और प्रस्ताव बनाकर शीघ्र ही नाली निर्माण कार्य कराया जाएगाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द कार्य शुरू कराने की मांग करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

## खरमास के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की खुशर-पुशर

आचरण संवाददाता

सागर। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव रविवार को राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मिले और उसके बाद एक बार फिर खरमास के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की अटकल तेज हो गई है मुख्यमंत्री 18 जनवरी को स्वीटजरलैंड के दावोंस जाएंगे और फिर 23 जनवरी को लौटेंगे अनुमान लगाया जा रहा है कि विदेश यात्रा जाने से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे दरअसल मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की सरकार को 2 साल पूरे हो गए हैं और इसके साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार की अटकल में तेज हो गई है क्योंकि 14 जनवरी तक खरमास माह है इसके कारण मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो रहा है हालांकि मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा हो चुकी है मंत्रियों की रेटिंग तय की जा चुकी है और केंद्रीय नेतृत्व के पास पूरी रिपोर्ट पहुंच चुकी है कई चक्र मंथन किया गया और उसे पर अब 15 जनवरी के बाद कभी भी अंतिम निर्णय हो सकता है पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद कुछ राज्यों में संगठन और सरकार स्तर पर बड़े फैसले लिए जाने हैं ऐसे में भाजपा संगठन की राष्ट्रीय स्तर की टीम में मध्य प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं को प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है इनमें कुछ नेता ऐसे भी है जो वर्तमान में समय में प्रदेश सरकार में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं इन नेताओं से मंत्री पद लेकर उन्हें संगठन में राष्ट्रीय महासचिव जैसी बड़ी जवाबदारी भी दी जा सकती है जानकारों का कहना है की परफॉर्मेंस के आधार पर यदि विधायकों से मंत्री पद दिया जाएगा तो मंत्री भी ऐसे विधायकों को बनाया जाएगा जिनका 2 साल का परफॉर्मेंस अपने क्षेत्र में बेहतर रहा है और जिनके द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अपने क्षेत्र में बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराया है पिछले दिनों ग्वालियर प्रवास के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत दे चुके हैं माना तो यहां तक जा रहा है कि कुछ मंत्रियों को संकेत हो चुके हैं जिन्हें मंत्रिमंडल से हटाकर नई जिम्मेवारी दी जानी वहीं कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी संकेत है की उन्हें जल्द ही मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा लगभग 8 विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं क्योंकि चार पद खाली है और चार या पांच मंत्रियों के इस्तीफे हो सकते हैं जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ दक्षता क्षमता का भी पर्याप्त ध्यान रखा जाएगा क्योंकि 2028 के विधानसभा चुनाव तक यही नया मंत्रिमंडल काम करेगा कुल मिलाकर खरमास में समाप्त होते ही निगम मंडलों में नियुक्तियां और मंत्रिमंडल विस्तार होने की प्रबल संभावनाएं जताई जा रही हैं मुख्यमंत्री की राज्यपाल से हुई मुलाकात को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है



देवदत्त दुबे

## शव यात्रा के दौरान मधुमक्खियों का हमला

अमानगंज। इटोरी भटवा गांव में शव यात्रा के दौरान उस समय अफरा.तफरी मच गई। जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में दर्जन भर से अधिक लोग डंक की चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के हमले में महंगाउआ पिता हक्कू अहिरवार निवासी भटवा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तत्काल अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर किया गया। घटना के बाद शव यात्रा में शामिल लोगों में दहशत का माहौल रहा। यह घटना रविवार की शाम लगभग 4:00 बजे की बताई जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा.साले घायल, रेफर

अमानगंज। पन्ना.अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर द्वारी ग्राम के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा.साले गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवी सर्वेन्द्र यादव ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों घायलों को निजी वाहन से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान सुरेन्द्र पिता विनोद रेकबार ;उम्र 20 वर्ष निवासी पुरैनी एवं जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश ;उम्र 24 वर्षद्धए निवासी हिंडोरिया के रूप में हुई है। दोनों एक ही बाइक पर सवार थेए तभी द्वारी ग्राम के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

**प्रतियोगिता** बालिका जूनियर में बुंदेलखंड स्कूल तो सीनियर में डायमंड क्रिकेट टीम बी ने मारी बाजी

# पन्ना क्रिकेट अकादमी ने अजयगढ़ को हराया

आचरण संवाददाता



अमानगंज। नगर अमानगंज के स्टेडियम ग्राउंड में बीते 31 दिसंबर से चल रहे डायमंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आज 4 जनवरी 2026 को समापन हुआ। आज दिन रविवार को सभी वर्गों के फाइनल मैच खेले गए जिसमें बालिकाओं के जूनियर स्कूल में बुंदेलखंड पब्लिक स्कूल ने फाइनल मैच जीता तोए वहीं सीनियर में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज और डायमंड क्रिकेट अकादमी की संयुक्त रूप से बनी डायमंड ए और डायमंड बी टीमों के बीच आठ ओवर का मैच खेला गया जिसमें डायमंड बी ने रोमांचक मैच खेलते हुए जीत को अपने पाले में किया वही बॉयज टीमों में अजयगढ़ क्रिकेट अकादमी और पन्ना क्रिकेट अकादमी के बीच लेदर बॉल से शानदार 12 ओवर का मैच खेला गया जिसमें पन्ना क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सवा सौ रनों से अधिक का एक विशाल स्कोर खड़ा किया जिसका पीछा करते हुए अजयगढ़ टीम जल्द ही ऑल आउट हो गई और इस मैच में पन्ना क्रिकेट अकादमी को एक शानदार जीत हासिल हुई। फाइनल मैचों में जीत के बाद अंत में टूर्नामेंट के आयोजक डायमंड क्रिकेट अकादमी के हेड कोच शैलेंद्र तिवारी द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा विजेता और विजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार चंपत राय तिवारी अमित दुबेदीए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीपक यादवए रामू सोनीए प्रेम नारायण शर्मा रविंद्र शर्मा सहित तमाम मीडिया तंत्र और खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही।

## आदिवासियों की जमीनों पर भू-माफियाओं ने किया कब्जा

पन्ना। पन्ना जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम जानवर में विगत वर्षों पूर्व सिर्फ अधिकांश आदिवासी एवं यादव समाज के लोग रहते थे लेकिन उक्त ग्राम जिला मुख्यालय के करीब होने के चलते भू माफिया की नजरे लग गई तथा फार्म हाउस बनाने एवं अपना ऐसो आराम के साधन विकसित करने के लिए पन्ना जिला मुख्यालय के राजनेता अधिकारी व्यापारी कर्मचारियों ने कुछ स्थानीय लोगों से मिलकर षड्यंत्र रचकर गरीब आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा कर लिया तथा कुछ एकड़ जमीन खरीद कर सैकड़ो एकड़ जमीन पर कब्जा जमा रखा है ग्राम के गरीब आदिवासी अब भूमिहीन हो गए हैं अनेक आदिवासी पट्टे भी लिए हैं लेकिन उनकी जमीन नहीं मिल रही है अभी कुछ दिन पूर्व भुरा आदिवासी को मृत्यु घोषित कर दिया गया था तथा उसकी जमीन दबंग लोगों ने कब्जा कर ली थी जिसका मामला मीडिया में आने के बाद तथा प्रभारी मंत्री के द्वारा मामला संज्ञान में आया था जिस पर प्रशासन द्वारा आनन फानन मैं उसे दस्तावेज उपलब्ध कराए लेकिन जमीन अभी तक मिली या नहीं मिली यह भविष्य के घर में है स्थानीय लोगों ने जानवर ग्राम की संपूर्ण जमीन का सीमांकन कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## विधायक कप में अधिमान्य पत्रकारों का किया गया सम्मान

पन्ना के छत्रसाल स्टेडियम में विधायक कप 2026 का आयोजन किया गया है जिसमें पन्ना विधानसभा की 16 क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रही है विधायक कप के दूसरे दिन पन्ना जिले के अधिमान्य पत्रकारों को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया इससे पहले विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के साथ सभी मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकारों ने मैदान में टीमों का परिचय प्राप्त किया, खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके खेल की प्रशंसा की आज पन्ना की टीमों ने अपने-अपने मैच खेले जिसमें अलग-अलग टीमों से पन्ना तहसीलदार अखिलेश प्रजापति और पन्ना नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा ने भी क्रिकेट में वाल और बल्ले से अपना प्रदर्शन किया पत्रकारों ने विजेता खिलाड़ी और मैन ऑफ द मैच खिलाडी को पुरस्कार वितरित किए पन्ना अधिमान्य पत्रकार संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग, महामंत्री शिवकुमार त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार मनीष मिश्रा,बी एन जोशी,मुकेश विश्वकर्मा,अनिल तिवारी, अमित खरे, कादिर खान, संजय तिवारी,राकेश शर्मा, गणेश विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण चिरोलिया, बृज किशोर द्विवेदी अमित सिंह राठौड़ को सम्मानित किया गया।

प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन
स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87